विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

वर्ष 73 अंक 95 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 02 जनवरी, 2026
पौष शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

www.dainikjagranmpcg.com


"प्रेम और आकांक्षा महान कर्मों के लिए आत्मा के पंख हैं।
-योहान वोल्फगांग फॉन गेटे


PLASTO®
10 YEAR GUARANTEE

9175936086


# नये साल के जश्न के बीच धमाका

## स्विट्जरलैंड: लग्जरी स्की रिसॉर्ट में ब्लास्ट, 40 की मौत

**बर्न, जेएनएन।** स्विट्जरलैंड के प्रसिद्ध टूरिस्ट शहर क्रांस-मोंटाना में न्यू ईयर सेलिब्रेशन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। गुरुवार तड़के शहर के अल्पाइन स्की रिसॉर्ट में स्थित कॉन्स्टेलेशन बार में जोरदार विस्फोट हुआ। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, इस हादसे में करीब 40 लोगों के मारे जाने की खबर है, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों में कई विदेशी नागरिक भी शामिल हैं।

विस्फोट स्थानीय समयानुसार रात करीब 1.30 बजे हुआ, जब न्यू ईयर पार्टी चल रही थी और बड़ी संख्या में लोग बार के भीतर मौजूद थे। गुरुवार सुबह 10 बजे हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस ने कहा कि मृतकों की आधिकारिक संख्या की पुष्टि अभी नहीं की गई है, लेकिन 'कई दर्जन लोगों' की मौत की आशंका है। हादसे के बाद क्रांस-मोंटाना को नो-फ्लाई जोन घोषित कर दिया गया है। पुलिस, फायर ब्रिगेड और मेडिकल इमरजेंसी टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। घायलों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, अस्पताल झुलसे और गंभीर रूप से घायल मरीजों से भर गए हैं, कई की हालत नाजुक बनी हुई है।



### आतिशबाजी से हादसे की आशंका

स्विस न्यूज आउटलेट ब्लिक के अनुसार, यह विस्फोट संभवतः एक कॉन्सर्ट के दौरान की गई आतिशबाजी से जुड़ा हो सकता है, जिसके बाद बार में आग लग गई। हालांकि, पुलिस ने अभी विस्फोट के सटीक कारण की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और जांच जारी है।

### रेस्क्यू हेलिकॉप्टरों को मदद के लिए भेजा

स्थानीय लोगों ने बताया कि धमाके के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। हर कुछ मिनट में रेस्क्यू हेलिकॉप्टर उड़ते नजर आए। स्विस मीडिया के मुताबिक, सभी उपलब्ध रेस्क्यू हेलिकॉप्टर राहत कार्य में लगाए गए हैं, जबकि पड़ोसी देश इटली ने भी एक हेलिकॉप्टर मदद के लिए भेजा है। पुलिस ने हादसे के बाद की कुछ तस्वीरें जारी की हैं, जिनमें बार की जली हुई छत, बिखरी कुर्सियां और टूटे फर्नीचर दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल फुटेज में रेस्क्यू टीमों को घायलों को अस्पताल ले जाते देखा जा सकता है। पूरे इलाके को सील कर दिया गया है और स्विस पुलिस के अधिकारी घटनास्थल पर तैनात हैं।

### इंटरलाकेन के पास स्थित है क्रांस-मोंटाना

हादसे वाला शहर क्रांस-मोंटाना, दुनिया के मशहूर टूरिस्ट डेस्टिनेशन इंटरलाकेन से करीब 100 किलोमीटर दूर स्थित है। इंटरलाकेन पैराग्लाइडिंग, स्कीइंग और ट्रेकिंग के लिए जाना जाता है और यह थून व ब्रिएंज झीलों के बीच बसा है। यहां से आल्प्स पर्वत श्रृंखला की प्रसिद्ध चोटियों आइगर, मोंक और जुंगफ्राउ तक आसानी से पहुंचा जा सकता है।

## उधर, एम्सटर्डम के ऐतिहासिक चर्च में भीषण आग, दर्जनों की मौत

**एम्सटर्डम, जेएनएन।** नए साल का जश्न एम्सटर्डम में मातम में बदल गया। तड़के शहर के वोंडेल पार्क के पास स्थित 154 साल पुराने वोंडेलकेर्क चर्च में भीषण आग लग गई। आग आधी रात करीब 12.45 बजे, आतिशबाजी के तुरंत बाद शुरू हुई और तेजी से लकड़ी से बनी पुरानी इमारत में फैल गई। चंद घंटों में आग चर्च की ऊंची मीनार तक पहुंच गई, जो करीब 2.30 बजे ढह गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे में दर्जनों लोगों की मौत हुई है और करीब 100 लोग घायल बताए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में जलती मीनार और धुएं का विशाल गुबार दिख रहा है।

## और... अलेप्पो में आत्मघाती हमला

**अलेप्पो, जेएनएन।** नए साल पर सीरिया के उत्तरी शहर अलेप्पो में आत्मघाती हमले ने जश्न को मातम में बदल दिया। देर रात बाब अल-फराज इलाके में सुरक्षा गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति ने खुद को विस्फोटक बेल्ट से उड़ा लिया। इस हमले में आंतरिक सुरक्षा बल का एक जवान शहीद हो गया, जबकि दो अन्य जवान घायल हुए हैं। घटना उस समय हुई जब सुरक्षाबल नए साल के कार्यक्रमों की सुरक्षा के तहत इलाके में गश्त कर रहे थे और एक संदिग्ध को रोककर पूछताछ की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान हमलावर ने खुद को विस्फोट से उड़ा लिया। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया है।

## ऑफ बीट

### चीन में आलू-टमाटर की तरह बिक रही है चांदी



*चीन के एक शहर में चांदी को बिल्कुल सब्जियों की तरह खुले बाजार में बेचे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो के सामने आने के बाद चीन का शुइबेई ज्वेलरी मार्केट चर्चा में आ गया है। यहां सड़क किनारे ठेलों पर 15-15 किलो वजनी चांदी की ईंटें उसी तरह रखकर बेची जा रही हैं, जैसे आमतौर पर आलू या टमाटर बेचे जाते हैं। जानकारी के मुताबिक, शुइबेई मार्केट को चीन का सबसे बड़ा गोल्ड-ज्वेलरी हब माना जाता है। यहां रोजाना टन के हिसाब से सोने और चांदी की खरीद-बिक्री होती है। इस बाजार में बिकने वाली चांदी शंघाई गोल्ड एक्सचेंज के मानकों के अनुसार होती है, जिसकी शुद्धता 99.9 फीसदी गारंटीड बताई जाती है। व्यापारियों के अनुसार, इस चांदी को लोग निवेश, ज्वेलरी निर्माण और औद्योगिक इस्तेमाल के लिए खरीदते हैं। बाजार में ज्यादातर खरीदार सोना-चांदी के कारोबारी, ज्वेलर्स और कीमती धातुओं में निवेश करने वाले लोग होते हैं।*

## मैनेजर-वकील के साथ मिलकर की बैंक से 2.56 करोड़ की धोखाधड़ी

### केनरा बैंक के तत्कालीन मैनेजर, वकील और कारोबारियों के खिलाफ एफआईआर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की इंदौर यूनिट ने केनरा बैंक की नवलखा शाखा में करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में लक्ष्य इक्विपमेंट एंड इंजीनियरिंग की प्रोपराइटर नेहा तांबी, उनके पति मनीष तांबी सहित बैंक के तत्कालीन मुख्य प्रबंधक और पैनल वकील को भी आरोपी बनाया गया है। आरोपियों ने मिलीभगत कर बैंक की 2 करोड़ 56 लाख रुपए की सरकारी रकम का नुकसान पहुंचाया। धोखाधड़ी की शुरुआत पीथमपुर की एक औद्योगिक यूनिट के नाम पर की गई।

नेहा तांबी ने पीथमपुर के इंडस्ट्रियल ग्रोथ सेंटर स्थित अपने प्लॉट पर शीट मेटल की फैक्ट्री के विस्तार के लिए 170 लाख रुपए की ओसीसी लिमिट मांगी थी। इसके लिए उन्होंने इंदौर के ओल्ड पलासिया स्थित एक फ्लैट के दस्तावेज बैंक में गिरवी रखे थे। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस फ्लैट को बैंक के पास बंधक रखा गया, उसे आरोपी सालों पहले ही बेच चुके थे। इतना ही नहीं यह फ्लैट पहले से ही बैंक ऑफ इंडिया में बंधक था और एनपीए घोषित होने के कारण सीज किया जा चुका था। ईओडब्ल्यू ने इस मामले में नेहा तांबी, मनीष तांबी, तत्कालीन बैंक मैनेजर पवन कुमार झा और एडवोकेट विकास कुमार वर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचित दस्तावेज तैयार करने और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला एफआईआर दर्ज कर ली है।




### बैंक अफसरों ने निरीक्षण रिपोर्ट में दी जानबूझकर गलत जानकारी

इस फर्जीवाड़े में बैंक के अफसरों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। तत्कालीन मुख्य प्रबंधक पवन कुमार झा ने निरीक्षण रिपोर्ट में जानबूझकर गलत जानकारी दी। उन्होंने संपत्ति को विवाद रहित बताया और बंद पड़ी इंडस्ट्रियल यूनिट को भी चालू बता दिया। वहीं बैंक के पैनल लॉयर (वकील) विकास वर्मा ने लीगल रिपोर्ट में इन तथ्यों को छिपाया और बिक चुकी संपत्ति को वैध बताकर लोन के लिए हरी झंडी दे दी।

### निजी खर्च में उड़ाई रकम

जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि लोन की रकम का उपयोग बिजनेस के बजाय अपने निजी खर्चों पर उड़ा दी गई। आरोपियों ने लोन की रकम कंपनी के बजाय ब्लू चिप इक्विपमेंट एंड इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड के खाते में ट्रांसफर कर दी, जिसके डायरेक्टर नेहा के पति मनीष तांबी ही हैं। जांच में उजागर हुआ कि दोनों ही फर्मों का व्यावसायिक पता एक ही था और मौके पर मौजूद दोनों यूनिट अस्तित्व में ही नहीं थीं।

## पहली वंदे भारत स्लीपर कोलकाता-गुवाहाटी के बीच

### थर्ड एसी का किराया 2,300 रुपए, प्रधानमंत्री मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में अब वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की भी शुरुआत होने वाली है। इस तरह की पहली ट्रेन गुवाहाटी और कोलकाता के बीच चलाई जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस ट्रेन का ट्रायल, टेस्टिंग और सर्टिफिकेशन पूरा हो चुका है। गुवाहाटी-कोलकाता के बीच थर्ड एसी का किराया 2,300 तय किया गया है, जबकि सेकेंड एसी का किराया 3,000 और फर्स्ट एसी का किराया करीब 3,600 प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जल्द ही पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।



रेल मंत्री ने बताया कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को 1,000 किलोमीटर से अधिक लंबी दूरी की यात्रा को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। इस साल के अंत तक करीब 12 वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें तैयार हो जाएंगी।

### 16 कोच होंगे वंदे भारत स्लीपर में

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में कुल 16 कोच होंगे, जिनमें 11 थर्ड एसी, 4 सेकेंड एसी और 1 फर्स्ट एसी कोच शामिल है। ट्रेन में आधुनिक सुरक्षा फीचर्स और वर्ल्ड-क्लास स्लीपर सुविधाएं दी गई हैं।

### 27 में शुरू होगी बुलेट ट्रेन

रेल मंत्री ने बताया कि देश की पहली बुलेट ट्रेन 15 अगस्त 2027 को शुरू होने की उम्मीद है। पहले सूरत-बिलिमोरा सेक्शन खुलेगा, इसके बाद अहमदाबाद तक चरणबद्ध तरीके से सेवा शुरू की जाएगी।

## फास्टैग के लिए केवॉयवी प्रोसेस 1 फरवरी से होगा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 1 फरवरी 2026 से नई कार, जीप और वैन के लिए फास्टैग जारी करते समय अब केवॉयवी (नो योर व्हीकल) प्रोसेस की जरूरत नहीं होगी। नेशनल हाईवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने नई कार के लिए केवॉयवी प्रोसेस बंद करने का फैसला किया है। साथ ही, जिन कारों पर पहले से फास्टैग लगा है, उनके मालिकों को भी अब रूटीन केवॉयवी कराने की जरूरत नहीं होगी। इससे वाहन मालिकों को वैलिड डॉक्युमेंट होने के बावजूद लंबी वेरिफिकेशन प्रक्रिया के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। सरकार के इस कदम का उद्देश्य फास्टैग एक्टिव होने के बाद होने वाली परेशानी को खत्म करना है। पहले यूजर्स को अक्सर शिकायत रहती थी कि टैग एक्टिव होने के बाद भी बैंक या अथॉरिटी की ओर से वेरिफिकेशन के नाम पर देरी की जाती है। अब फास्टैग को बार-बार अपडेट करने की जरूरत नहीं होगी।

## असुरक्षित कर्ज के जोखिम को लेकर आरबीआई ने चेताया

**मुंबई, जेएनएन।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है और बैंकिंग प्रणाली पहले की तुलना में कहीं ज्यादा सुदृढ़ है। हालांकि, असुरक्षित कर्ज, फिनटेक जोखिम, बाहरी आर्थिक दबाव और स्टेबलकॉइन जैसे नए कारकों से वित्तीय स्थिरता पर खतरे बढ़ रहे हैं। यह बात भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी फाइनेंशियल स्टेबिलिटी रिपोर्ट में कही है।

आरबीआई के मुताबिक, वित्तीय प्रणाली 'मजबूत और लचीली१ बनी हुई है। इसकी वजह बैंकों की मजबूत बैलेंस शीट, पर्याप्त पूंजी, बेहतर तरलता और वित्तीय बाजारों में कम उतार-चढ़ाव है। हालांकि, रिपोर्ट में भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक व्यापार से जुड़ी अनिश्चितताओं को निकट भविष्य के लिए जोखिम बताया गया है। रिपोर्ट में कहा गया कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली दो तिमाहियों में वास्तविक जीडीपी ग्रोथ उम्मीद से बेहतर रही। पहली तिमाही में जीडीपी 7.8 फीसदी और दूसरी तिमाही में 8.2 फीसदी रही, जिससे पहली छमाही की औसत वृद्धि दर 8 फीसदी पहुंच गई।


सच्चा है, सेहत के लिए अच्छा है

बैद्यनाथ च्यवनप्राश स्पेशल




सम्पूर्ण परिवार के लिए आयुर कवच
पॉवर ऑफ़ 3
बेहतर इम्यूनिटी | ज्यादा एनर्जी | शक्ति व स्फूर्ती
च्यवन-फीट शुगरफ्री भी उपलब्ध
बैद्यनाथ च्यवनप्राश शुद्ध घी में बनाया जाता है
सभी मेडिकल स्टोर्स एवं आयुर्वेदिक औषधालय में उपलब्ध। 844 844 4935

भरोसा जो हमेशा बना रहे



इसे खोने मत दीजिए

भारतीय जीवन बीमा निगम पेश करते हैं
विशेष पुनर्चलन अभियान
विलंब शुल्क (Late Fee) में छूट के साथ
अवधि 1 जनवरी, 2026 से 2 मार्च, 2026 तक

जल्दी कीजिए! ये मौका कहीं चूक ना जाए.

अपनी कालातीत (lapsed) हो चुकी पॉलिसी की बीमा-सुरक्षा को पुनर्चलित (revive) करें और इसके लाभ उठाते रहें.*
*नियम व शर्तें लागू

| कुल प्राप्य प्रीमियम | विलंब शुल्क में % रियायत | अधिकतम रियायत उपलब्ध** |
|---|---|---|
| ₹ 1,00,000 तक | 30% | ₹ 3,000 |
| ₹ 1,00,001 से ₹ 3,00,000 तक | 30% | ₹ 4,000 |
| ₹ 3,00,001 व अधिक | 30% | ₹ 5,000 |

** नियम व शर्तें लागू
योजना की शर्तों के अनुसार भुगतान न हुई पहली प्रीमियम की तिथि से 5 वर्ष के भीतर पॉलिसी का पुनर्चलन करवाया जा सकता है.
जुड़े रहिए. एलआईसी के साथ अपना मोबाइल नंबर, ई-मेल, एनईएफटी और पेन अपडेट करें.
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या www.licindia.in पर विजिट करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512
LIC/ P1/2025-26/30/Hin

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

# सुस्वागतम् 2026

## नसीब हो सबको



हर दिन हो सुहाना नये साल में,
दिल हो आशिकाना नये साल में।
स्वयं फूल बनकर महकने लगो
दूसरों को भी महकाना नये साल में।
दूर हो जीवन से दर्द और घुटन,
छेड़ो नया तराना नये साल में।
भुखमरी गरीबी मंहगाई हो दूर सभी से
मिले हवा पानी दाना नये साल में

**ललिता अजय पांडेय रीवा**

## आने वाला ये साल



जो बीत गया है वर्ष,
क्या उसे याद करें,
या जो आने वाला है वर्ष,
उसे आबाद करें।
लम्हे बहुत से आये -गये इस साल में,
लेकिन हम मुस्कुराते रहे हर हाल में।
शब्दों से बयां न कर पाएँगे
बीते वर्ष को भी भूल न पाएंगे।
ज़िंदगी के कसमकस में तुम हौसला देना
अच्छे को याद रखना बुरे को भुला देना।
जीवन में दाग न कोई बदनुमा देना
रहना साथ हर पल खुशनुमा देना।

**प्रिंसू अनिरुद्ध दुबे गौरी रीवा**

## नव वर्ष की नवल भोर



नववर्ष आ रहा है, आशा नयी जगाने।
अहसास थाल भर के, खुशबू लगे लुटाने॥
नव वर्ष का सवेरा, सूरज नया लिए है।
रंगों का जाल फैला, रोशन जगत किए है॥
कर धूप में ठिठोली, चिड़िया फुदक रही है ।
झर शीत सी गुलाबी, शीतल हवा बही है॥
लगीं संदली दिशाएं, नव वर्ष संग गाने।
अहसास थाल भर के, खुशबू लगे लुटाने॥
मन कामनाएँ करतीं , रूमाल पर कढ़ाई ।
अनुभूतियों के तंतु , करते रहे सिलाई ॥
संशय रहे न मन में , विश्वास भरे झोली।
जीवन सबके गूँजे ,मीठे सुर की बोली ॥
रखीं विगत की यादें, तकिया बना सिराहने।
अहसास थाल भर के, खुशबू लगे लुटाने॥

**प्रीति शर्मा प्रीति रीवा**

## नवल वर्ष आगाज



नवल वर्ष आगाज में, खुशियाँ मिलें अपार,
प्रभुजी के आशीष से, सपने हों साकार।
दिनकर कीनित शुचि किरण, नवल करे उजियार,
सबको है शुभकामना, हर लें प्रभु अँधियार।
गुजरे चौबिस में भरा, खट्टा-मीठा आकाश,
नवल वर्ष है सामने, नूतन करे प्रकाश।
रोजगार, शिक्षा मिले, नवल हो नवाचार,
मंगलमय शुभकामना, मानवता हो आचार।
यादें, दुख, दे के गया, बिछुड़े बीते साल,
प्रभु जी जीवन में भरो, हर्षण नवल विशाल।
नवल वर्ष अब माँ हुई, सबकी कलम अधीर,
विनय करूँ कर जोड़ के, दूर करो सब पीर।
स्वागत आगत का करें, पहना कर गल हार,
पूर्ण हो मनोकामना, परहित हो व्यवहार ।

**रश्मि शुक्ला पूर्व संयुक्त संचालक शिक्षा रीवा**

## नये साल में



कर ले ग़म से किनारा नए साल में
बन किसी का सहारा नए साल में।
सब पढ़ें, सब बढ़ें, सारे संसार में
एक हो सबका नारा नए साल में ।
घर में दाने नहीं कर्ज जिन पर लदे
क्या करे वही बेचारा नए साल में।
तुम पुराने बरस ना भले कुछ किए
बनके चमको सितारा नए साल में।
साथ चलते रहो कश्तियां न रुके
राम देंगे सहारा नए साल में।

**स्नेहा त्रिपाठी खनक**

## नया वर्ष मना लें



सब कुछ भुला के गले लगा लें।
आओ सब मिल कर नया वर्ष मना लें।
सबने नए साल के लिए कुछ न कुछ लिखा है,
हम सोचे की सफ़ेद पन्ने के ऊपर।
कुछ हम भी स्याही के रंग लगा लें।
सब कुछ भुला कर अपनों को गले लगा लें।
आओ सब मिल कर नया वर्ष मना लें।
केवल बधाई देने से साल नया नहीं होगा।
अपने आप ही माहौल खुशहाल नहीं होगा,
साल बदले तो खुद को भी बदलना होगा
रास्ता दूसरों को दिखाना ही नहीं
खुद को उस पर चलना भी होगा।
पीछे मुड़ कर न देखे ये ध्येय अपना लें
आओ सब मिल कर नया वर्ष मना लें
आओ सब मिल कर नया वर्ष मना लें।

**सबनम शुक्ला अजगरहा रीवा**

# विट्स में नवसंकल्प के साथ मना नववर्ष



**जागरण, सतना।** विट्स महाविद्यालय में एच आर विभाग के तत्वाधान में नववर्ष का स्वागत हर्षोल्लास, उमंग एवं सकारात्मक वातावरण के साथ किया गया। इस अवसर पर विट्स संस्थान के सभी स्टाफ सदस्यों ने एकजुट होकर नए वर्ष की शुरुआत उत्साह और आपसी सौहार्द के साथ की। समारोह के दौरान शिक्षकों द्वारा मनमोहक संगीत एवं नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने पूरे विट्स परिसर को आनंदमय और उत्सवपूर्ण माहौल से भर दिया।

इन प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षकों की बहुआयामी प्रतिभा भी देखने को मिली। इसके साथ ही स्टाफसदस्यों के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिनमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों ने आपसी सहयोग, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा को और अधिक मजबूत किया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों ने अपने-अपने नववर्ष संकल्प साझा किए, जिनमें व्यक्तिगत विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा संस्थान की निरंतर प्रगति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विट्स संस्थान के चेयरमैन सुनील सेनानी ने सभी स्टाफसदस्यों को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने विट्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स की उपलब्धियों पर संतोष व्यक्त करते हुए टीम वर्क, अनुशासन एवं नवाचार को संस्थान की सफलता की मजबूत नींव बताया। उन्होंने आगामी वर्ष में शिक्षा की गुणवत्ता, छात्र-केंद्रित गतिविधियों एवं सामाजिक दायित्वों को और अधिक सशक्त करने पर बल दिया। यह नववर्ष समारोह विट्स परिवार के लिए नई ऊर्जा, नए संकल्प और निरंतर सफलता की ओर अग्रसर होने का प्रेरणा त्रोत रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एचआर एवं फाइनेंस हेड निवेदिता मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर विट्स प्राचार्य डा0 पीके षुक्ला, मुख्य प्रषासनिक अधिकारी अखिल प्रताप सिंह और सभी विभागो के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण एवं प्रषासनिक स्टाफ उपस्थित रहे।

# सेवा और सामाजिक दायित्व के संकल्प के साथ अनुभूति फाउंडेशन ने किया नववर्ष का स्वागत



**जागरण, सतना।** नववर्ष के पावन अवसर पर शहर की सामाजिक संस्था अनुभूति फाउंडेशन द्वारा सेवा संकल्प संस्था परिसर में साड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवादृसंकल्प में निरूस्वार्थ भाव से कार्यरत कर्मियों को साड़ियाँ भेंट कर नए वर्ष का स्वागत सेवा और संवेदनशीलता के साथ किया गया। संस्था के सचिव पीयूष गुप्ता ने बताया कि अनुभूति फाउंडेशन का उद्देश्य नववर्ष को केवल उत्सव तक सीमित न रखकर समाजदृहित सेवादृभावना और मानवीय उत्तरदायित्व के साथ मनाना है। इसी सोच के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया ताकि समाज के प्रति अपने दायित्वों को व्यवहार में उतारा जा सके। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि संगठित प्रयास और सामाजिक संवेदनशीलता ही वास्तविक परिवर्तन की आधारशिला हैं। संस्था ने भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवादृउद्यम निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर अनुभूति फाउंडेशन एवं सेवा संकल्प के पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से के जी गुप्ता सेवा संकल्प अध्यक्ष सुरेश बड़ेरिया महामंत्री सतीश वर्मा मधुकर पारेख गिरीश अग्रवाल संजय बड़ेरिया अखिलेश कुचया श्याम लाल गुप्ता श्यामू मुकेश अग्रवाल संदीप गुप्ता रामावतार अग्रवाल राजकुमार अग्रवाल गणेश शंकर सरावगी सर्वेश चौरसिया मुकेश केशरवानी सचिन केसरवानी धीरेन्द्र गुप्ता भोला प्रसाद गुप्ता कृष्ण कांत राजेश सराफए राजेश केसरवानी हीरामन जायसवाल पप्पू सोनी डॉ डी के तिवारी उत्तम प्रधान उत्तम अग्रवाल हरीश सोनी संदीप दूत राम पांडे राम मोहन सिंह भारतेस ओझा श्रीनिवास संदीप गोयल पवन अग्रवाल संदीप सेठ दिनेश गुप्ता सचिन गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर भैसंवार में हुआ सत्य शक्ति संगम का आयोजन



**जागरण, सतना।** सरस्वती शिशु मंदिर भैंसवार में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिव्या मुकेश तिवारी जनपद सदस्य की उपस्थिति में किया गया कार्यक्रम अध्यक्षा श्रीमती रेखा गौतम आशा कार्यकर्ता एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती रूबी त्रिपाठी उपस्थित रहीए कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती सरस्वती पांडे आचार्य सरस्वती शिशु मंदिर पतेरी रही जिन्होंने कुटुंब प्रबोधन व पर्यावरण पर प्रकाश डाला द्वितीय वक्ता प्रिया बागरी सीएचओ ने भारत के विकास में महिलाओं के योगदान पर विचार एवं प्रकाश डाला कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती कविता विश्वकर्मा आचार्य द्वारा मंचाशीन अतिथियों माता एवं बहनों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया कार्यक्रम की विद्यालय प्रभारी श्रीमती सरस्वती गौतम द्वारा सफल संचालन एवं विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम के सहयोग में कु गुंजन गौतम आचार्य संतोष कुमार गौतम प्रधानाचार्य एवं अनिल कुमार चतुर्वेदी सहित शिक्षक गणों ने अपना अहम योगदान दिया कार्यक्रम में ग्राम की अन्य माताएं बहने भी उपस्थित रही तथा विद्यालय की पूर्व छात्राएं निधि गौतम आकांक्षा गौतम अंजली गौतम कोमल गुप्ता, रूपा त्रिपाठी और सौम्या गौतम उपस्थिति रही।

## पतंगें बिजली लाइनों से दूर उड़ाने की अपील

**सतना।** नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर आने वाले मकर संक्रांति के त्यौहार में बिजली कंपनी ने पतंगबाजी को बिजली की लाइनों, ट्रांसफार्मरों और पोल से दूर रखने की अपील की है। विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ने बताया कि पतंगों और उनके धागों के कारण बिजली की लाइनों में फॉल्ट हो सकता है, जिससे न केवल विद्युत आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि हादसे का भी खतरा बना रहता है। प्रबंध संचालक ने स्पष्ट किया कि पतंगों में इस्तेमाल होने वाले धागे और बांस की कीमची, दोनों ही बिजली की लाइनों के लिए खतरनाक हो सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि पतंगबाजी करते समय सावधानी बरतें और लाइनों, ट्रांसफार्मरों तथा पोल से दूर पतंग उड़ाएं, ताकि मकर संक्रांति का त्यौहार सुरक्षित और उल्लासपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। कंपनी ने यह भी चेतावनी दी है कि बिजली के तारों या पोल में फंसी पतंग को निकालने का प्रयास न करें। इसके अलावा, गिल्ली डंडे का खेल भी बिजली की लाइनों और डीपी से दूर खेलने का अनुरोध किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके और विद्युत आपूर्ति में कोई बाधा न उत्पन्न हो।

# नव वर्ष पर सतना जिले के धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**जागरण, सतना।** नए साल के पहले दिन सतना जिले में स्थित चित्रकूट, बिरसिंहपुर सहित विभिन्न छोटे-बड़े धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने आस्था और उत्साह के साथ भगवान के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। जिला प्रशासन की बेहतर व्यवस्थाओं के कारण श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा और दर्शन सुगमता से संपन्न हुए। चित्रकूट में कामदगिरि परिक्रमा, मंदाकिनी नदी में स्नान और विभिन्न मंदिरों में पूजन के लिए दूर-दराज से आए श्रद्धालु जुटे। इसी तरह बिरसिंहपुर गैवीनाथ धाम और जिले के अन्य मंदिरों जैसे वेंकटेश मंदिर, पशुपतिनाथ मंदिर, संतोषी माता, रामवन में विशाल हनुमान दर्शन स्थल पर भी भक्तों का तांता लगा रहा। नए साल की शुरुआत आध्यात्मिक वातावरण में करने के लिए लोग सुबह से ही मंदिरों में पहुंचने लगे थे। भक्त श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन ने पहले से ही विशेष इंतजाम किए थे। सुरक्षा बलों की तैनाती, कतार व्यवस्था और यातायात प्रबंधन के कारण सब कुछ सुचारु रूप से चला। श्रद्धालुओं ने प्रशासन की तैयारियों की सराहना की और कहा कि अच्छी व्यवस्था से वे आसानी से दर्शन कर सके। नए साल पर धार्मिक स्थलों की यह रौनक सतना जिले की आध्यात्मिक परंपरा को दर्शाती है।

## केसरवानी महिला सभा ने की प्रतियोगिता के साथ मीटिंग




**सतना।** केसरवानी महिला सभा सतना द्वारा वर्ष की अंतिम मीटिंग का आयोजन केसरवानी सेवा सदन कृष्णनगर सतना में किया । इस दौरान वर्ष भर किए गए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई । इसके पश्चात् अंताक्षरी व हौजी गेम खिलाए गए । साथ ही साइलेंट सेंटा का गेम खिलाया गया जिसमें उपस्थित महिलाओं ने एक.दूसरे को सरप्राइज गिफ्ट दिए । केसरवानी महिला सभा की मीडिया प्रभारी श्रीमती स्मिता गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से केसरवानी महिला सभा की अध्यक्ष डॉ संगीता गुप्ता ज्योति गुप्ता विभा गुप्ता निशा गुप्ता सीमा केसरवानी जागृति केसरवानी, संगीता केसरवानी कनकश्री गुप्ता श्रृद्धा गुप्ता सीमा केसरवानी ज्योति गुप्ता मनीषा गुप्ता आदि महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे । कार्यक्रम का समापन स्वल्पाहार के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए केसरवानी महिला सभा अध्यक्ष डॉ संगीता गुप्ता द्वारा सभी उपस्थित सामाजिक महिलाओं का आभार व्यक्त किया ।

## अब राहुल पांडेय सम्हालेंगे मझगवां जनपद की कमान

**सतना।** जनपद पंचायत मझगवां के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के प्रभार में बदलाव किया गया है। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने उक्त संबंध में आदेश जारी किए है । उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व जनपद सीईओ का प्रभार आईएएस महिपाल सिंह गुर्जर सम्हाल रहे थे। अब प्रशासनिक कार्य सुविधा एवं शासकीय कार्यों के सुचारू संचालन को दृष्टिगत रखते हुए अग्रिम आदेश तक राहुल पांडे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रामपुर बाघेलान को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ.साथ जनपद पंचायत मझगवां का अतिरिक्त सम्पूर्ण प्रभार आहरण संवितरण सहित सौंपा गया है। साथ ही महिपाल सिंह गुर्जर आईएएस को जनपद पंचायत मझगवां के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के प्रभार से मुक्त कर दिया गया है।

# ग्रामोदय के कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने नव वर्ष की बधाई दी



**जागरण, सतना।** वर्ष 2026 के पहले दिन महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो आलोक चौबे ने विश्वविद्यालय परिवार के स्टाफ और विद्यार्थियों को नए वर्ष की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि वर्ष 2026 सभी के जीवन में सुख समृद्धि और नई ऊंचाइयों को लाएं । उन्होंने कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय ज्ञान नवाचार और सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रतिबद्ध है। हम सबको अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए मिलकर कार्य करना चाहिए। कुलगुरु प्रो आलोक चौबे को नए वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं देने रजत जयंती स्थित उनके कार्यालय पहुंचे स्थानीय गणमान्य नागरिकों सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं ग्रामोदय विश्वविद्यालय के शिक्षकों अधिकारियों कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया। नव वर्ष स्वागत के इस मौके पर आए लोगों एवं कुलगुरु प्रो आलोक चौबे के मध्य विश्वविद्यालय विकास को लेकर विचार विमर्श भी हुआ।

## नगर वन में मनाया गया न्यू ईयर का जश्न



**सतना।** बुधवार रात नव वर्ष 2026 का जश्न धूमधाम से मनाया गया। नगर वन में 31 दिसंबर की रात एक विशेष पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों ने डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया और नाच.गाने के साथ खुशियां मनाई। कार्यक्रम में आतिशबाजी भी की गई और उपस्थित लोगों ने एक.दूसरे को गले लगाकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। वर्ष 2025 को अलविदा कहते हुए लोगों ने नए वर्ष 2026 का स्वागत उत्साह के साथ किया। प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर नगर वन में इस तरह का यह पहला नव वर्ष समारोह आयोजित किया गया था।

# 147 पितृविहीन व जरूरतमंद छात्राओं को उपहार



**जागरण, सतना।** राज्य शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं सतना जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र त्रिपाठी ने वर्ष 2026 की शुरुआत छात्राओं को उपहार भेंट कर एक संवेदनशील प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय पहल के साथ की।यह गरिमामय कार्यक्रम सिविल लाइन स्थित भरहुत होटल में सुबह साढ़े 9 बजे आयोजित किया गया जिसमें 147 छात्राओं को जैकेट एवं पेन उपहार स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नर्मदापुरम के लोकप्रिय सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता की जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सतना कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने की। मुख्य अतिथि अभय महाजन ने अपने संबोधन में छात्राओं को समय प्रबंधन अनुशासन मर्यादा एवं लक्ष्यबद्ध जीवन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि निरंतर परिश्रम आत्मसंयम और स्पष्ट उद्देश्य से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उनका उद्बोधन छात्राओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा। सांसद माननीय दर्शन सिंह चौधरी जो एक प्रखर वक्ता के रूप में प्रसिद्ध हैंए ने ओजस्वी शैली एवं प्रेरक कहानियों के माध्यम से छात्राओं में आत्मविश्वास साहस और संघर्ष की भावना जागृत की। उन्होंने कहा कि बेटियाँ समाज की शक्ति हैं और वही राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करती हैं । उन्होंने पितृविहीन छात्राओं का सम्मान करते हुए उनका साहस बढ़ाया कि तुम आगे बढ़ो समस्या आने पर हम सब साथ हैं।अध्यक्षता कर रहे सतना कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने अपने संबोधन में छात्राओं के सद्गुण, नैतिक मूल्यों,सकारात्मक सोच एवं आत्मानुशासन पर विशेष बल देते हुए कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की सशक्त आधारशिला है।कार्यक्रम की महत्ता एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉण् कृष्णा पांडे ने इसे छात्राओं के आत्मबल एवं आत्मविश्वास को सुदृढ़ करने वाला प्रभावी आयोजन बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सॉफ्टवेयर इंजीनियर अपूर्व त्रिपाठी का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम के अंत में आयोजक शैलेन्द्र त्रिपाठी ने सभी अतिथियों सहयोगियों एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्छात्राओं की मुस्कान और आत्मविश्वास ही इस आयोजन की सबसे बड़ी सफलता है। कार्यक्रम संचालन सत्येंद्र पांडे ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मैहर जिलाध्यक्ष संतोष शुक्ला राजा भैया त्रिपाठी आभा तिवारी संजय सिंह बघेल , गणेश शंकर सराबगी, करुणा मिश्रा, रविन्द्र गौतम, हेमलता कुशवाहा, पारूल श्रीवास्तव अखिलेश शुक्ला, चंद्रकांत द्विवेदी , आशीष प्रताप सिंह मानव शुक्ला , यशवन्त सिंह बागरी, जितेंद्र गर्ग , सविता मिश्रा रजनी तिवारी,शीला यादव , दीपा गौतम , अशोक शर्मा अनुपम मिश्रा , बृज किशोर पांडे ,राकेश कुमार पाठक अशोक शुक्ला , कृष्णशरण पाठक ,बृज नारायण गौतम अवध नरेश मिश्रा , कामता प्रसाद सोनी , राम नरेश उपाध्याय सदानंद कुशवाहा आदि लोगों उपस्थित रहे।

# टेवाईट महाविद्यालय में नये वर्ष का आगाज फूड फेस्टिवल की मिठास के साथ



**जागरण, कटनी।** टेवाईट महाविद्यालय में नया वर्ष 2026 का स्वागत विशिष्ट अंदाज में किया गया जिसमें छात्र एवं छात्राओं द्वारा स्वनिर्मित अपने हाथों से बनाये हुए विभिन्न व्यंजन जैसे मीठा, कस्टर्ड, रबडी, इडली, केसर बादाम दूध आदि से एक दूसरे छात्र छात्राओं को खिलाकर समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ऊषा पाड़े पूर्व प्राचार्य, डॉ.संध्या खरे, प्राचार्य नालंदा कालेज एवं एस.के.खम्परिया अध्यक्ष शतरंज संघ की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। डॉ.खम्परिया ने अपने उदबोधन में कहा कि अपने हाथों से बनाये खाद् पदार्थ में बनाने वालों की भावनाओं से मिठास आती है। इसलिये माँ के हाथ का बना भोजन सर्वाधिक स्वादिस्ट होता है।

डॉ संध्या खरे ने छात्रो के अनुशासन एवं अपने कार्य के प्रति समर्पण की प्रशांसा की और कहा कि छात्र-छात्राओं में नयी विधाओं को सीखने में मेहनत की है वह प्रशंसनीय है। टेवाईट महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.जैनेन्द्र द्विवेदी ने उद्बोधन में कहा महाविद्यालय प्रोफेसर एवं सभी सदस्य विभागाध्याक्ष डॉ.पूनम मिश्रा, कार्यक्रम प्राभारी नीतू चौबे, अजय दुबे, रश्मि वर्मा, शिशांक जैन, शिवम परौहा, हरिप्रिया वर्मा, गरिमा खटीख, विकास तिवारी आदि की सक्रियता की प्रशंसा की। कार्यक्रम में डॉ.सुरेन्द्र राजपूत, डॉ.ज्योति राजपूत, राकेश तिवारी श्रमजीवी पत्रकार संघ अध्यक्ष, विपिन गर्ग, वीरशाह राजपाल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। महाविद्यालय द्वारा समस्त अतिथियो का स्वागत छात्रों द्वारा निर्मित पेटिंग एवं आचार्य प्रमाण सागर जी द्वारा लिखित भावना योग, नकारात्मकता का हल पुस्तक भेंट कर स्वागत किया।

# 7 करोड़ की राशि से होगा उपयोगित जल का उचित प्रबंधन

**लवकुशनगर ।** नगर में उपयोगित जल के उचित प्रबंधन के प्रयास शुरू होने वाले हैं। घरों से निकला अनुपयोगी यानि गंदा पानी अब बागानों की सिंचाई और सफाई आदि के उपयोग में लाया जाएगा। खजुराहो संसदीय क्षेत्र के सांसद वीडी शर्मा एवं राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया के विशेष प्रयासों से नगर क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन अभियान अंतर्गत उपयोगित जल प्रबंधन परियोजना (यूडब्ल्यूएम) निर्माण कार्य हेतु 7 करोड़ राशि की नई सौगात प्राप्त हुई है। नगर परिषद लवकुशनगर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी महादेव प्रसाद अवस्थी के अनुसार निकाय क्षेत्र में उपयोगित जल प्रबंधन परियोजना निर्माण कार्य हेतु निकाय के उपयंत्री अमितेष अवस्थी के निर्देशन में कंसल्टेंट के माध्यम से 7 करोड़ राशि की डीपीआर तैयार कराई गई जिसे शासन स्तर पर स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। शीघ्र ही निविदा आमंत्रित कर कार्य प्रारंभ कराए जाने निविदा आमंत्रण की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत उपयोगित जल के उचित प्रबंधन एवं गंदे पानी के सीधे जल स्त्रोतों में रोकथाम हेतु एसटीपी, पंप हाउस आदि का निर्माण कराया जाएगा जिसके माध्यम से गंदे पानी को बागानों में सिंचाई एवं सफाई कार्य आदि में पुनः उपयोग किए जा सकने योग्य बनाया जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष जीतेंद्र खटीक ने कहा है कि सांसद श्री शर्मा एवं विधायक श्री पटैरिया के प्रयासों से नगर के समुचित विकास के प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। भविष्य में नगर को और व्यवस्थित किए जाने के लिए समुचित प्रबंधन किए जाएंगे।

## चोरी की वारदात का खुलासा, युवकों की सतर्कता से पकड़ा गया आरोपी

**छतरपुर ।** बुधवार रात करीब 8 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक सर्राफा व्यापारी की दुकान में चोरी की वारदात को एक युवक द्वारा अंजाम दिया गया। चोरी की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय युवकों ने सतर्कता दिखाते हुए आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। युवकों की सक्रिय भूमिका से पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी का सफल खुलासा किया।

वर्ष 73 अंक 95 पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 02 जनवरी, 2026
पौष शुक्ल पक्ष 14, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

आप हमेशा अपने मन को बदलने और एक अलग भविष्य या एक अलग अतीत चुनने के लिए स्वतंत्र हैं।
-रिचर्ड बाख

## संक्षिप्त खबरें

### ममदानी ने कुरान पर हाथ रखकर ली शपथ



**न्यूयॉर्क, जेएनएन।** भारतीय मूल के जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम मेयर बन गए हैं। उन्होंने गुरुवार को कुरान पर हाथ रखकर पद की शपथ ली। अब तक न्यूयॉर्क सिटी के अधिकतर मेयर बाइबिल पर हाथ रखकर शपथ लेते रहे हैं। हालांकि संविधान के तहत शपथ के लिए किसी धार्मिक ग्रंथ का इस्तेमाल अनिवार्य नहीं है। 34 साल के डेमोक्रेट ममदानी न्यूयॉर्क सिटी के पहले मुस्लिम, पहले दक्षिण एशियाई और पहले अफ्रीका में जन्मे मेयर हैं। ममदानी ने न्यूयॉर्क के सिटी हॉल के नीचे स्थित एक बंद पड़े सबवे स्टेशन में शपथ ली। यह एक प्राइवेट समारोह था, जिसमें ममदानी का परिवार शामिल हुआ। इसके बाद दोपहर में एक सार्वजनिक शपथ ग्रहण समारोह होगा। ममदानी ने दो कुरानों पर हाथ रख कर शपथ ली।

### ईरान में हिंसक प्रदर्शन सरकार बदलने की मांग

**तेहरान, जेएनएन।** ईरान में इस समय हालात तेजी से बिगड़ते जा रहे हैं। देश गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहा है और इसका सीधा असर सड़कों पर दिख रहा है। ईरान के कई शहरों में 3 दिन से हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और मुद्रा की भारी गिरावट ने आम लोगों का गुस्सा भड़का दिया है। हालात ऐसे बन गए हैं कि जो प्रदर्शन पहले सिर्फ आर्थिक मांगों तक सीमित थे, अब वे सीधे शासन बदलने की मांग में बदलते जा रहे हैं। इन विरोध प्रदर्शनों की शुरुआत कुछ हफ्ते पहले हुई, जब ईरान की मुद्रा रियाल टूटकर इतिहास के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई। एक अमेरिकी डॉलर की कीमत करीब 14.2 लाख रियाल हो गई। इसके बाद खाने-पीने की चीजों के दाम तेजी से बढ़ गए और व्यापार करना बेहद मुश्किल हो गया। इसी के विरोध में तेहरान के ग्रैंड बाजार और मोबाइल फोन बाजार के दुकानदारों ने हड़ताल कर दी और अपनी दुकानें बंद कर दीं। पहले ऐसे प्रदर्शन सिर्फ महंगाई या रोजगार जैसे मुद्दों तक सीमित रहते थे, लेकिन इस बार स्थिति अलग रही।

### नकली नोट समेत नेपाल सीमा पर चार गिरफ्तार

**पटना, जेएनएन।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले के रक्सौल इलाके में भारत-नेपाल सीमा पर अवैध तरीके से भारत में घुसपैठ की कोशिश करते हुए तीन बांग्लादेशी नागरिकों और एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 36,000 रुपए की नकली भारतीय मुद्रा बरामद की गई है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने इन लोगों को उस समय पकड़ा, जब वे नेपाल की ओर से बिना वैध दस्तावेजों के भारतीय सीमा में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। बाद में सभी आरोपियों को स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया। गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद सोबुज और मोहम्मद शनिनुर रहमान के रूप में हुई है। वहीं, भारतीय नागरिक की पहचान मोहम्मद एम एल सरफराज अंसारी के तौर पर की गई है। पुलिस के अनुसार, सरफराज अंसारी पर आरोप है कि उसने तीनों बांग्लादेशी नागरिकों को अवैध रूप से भारत में घुसने में मदद की।

## इंदौर में मौतें: नगर निगम का पानी ही बना जान का दुश्मन

# रिपोर्ट में पुष्टि: भागीरथपुरा में मौत का कारण दूषित पानी ही

**जागरण, इंदौर।** देश के स्वच्छतम शहर में नगर निगम की पाइप लाइन ही लोगों की जान की दुश्मन बनी हुई है। नगर निगम द्वारा शौचालय का दूषित पानी घरों में सप्लाई जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लिये गए सैंपल की जांच रिपोर्ट में भी साफ हो गया है कि दूषित पानी पीने से लोग बीमार पड़े और जानें भी इसी से गईं। इस बीच मौतों का आंकड़ा बढ़कर 14 हो गया है। लगातार छठवें दिन चार लोगों ने दम तोड़ दिया। लगातार मौतें होने से लोगों की नाराजगी भी बढ़ गईं। इंदौर के नेताओं की सांत्वना और सहायता लेने से भी लोगों ने साफ मना कर दिया। सहायता राशि के चैक ठुकरा कर लोगों ने नारे लगाकर नेताओं को भी वापस लौटा दिया।

इंदौर के वार्ड 4 के भागीरथपुरा में लोगों की जान लेने वाला लीकेज भी सामने आ गया है। प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी सरकारी जांच रिपोर्ट आने के बाद स्वीकार किया कि क्षेत्र में दूषित पानी की सप्लाई के कारण लोग बीमार पड़े और उनकी जान गई। विजवर्गीय ने दावे के साथ बताया कि भागीरथपुरा चौकी के पास नाले से निकली पाइप लाइन में लीकेज के कारण क्षेत्र का पेयजल दूषित हुआ है।



### क्या है जांच रिपोर्ट

सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी के मुताबिक महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज की लैब में भागीरथपुरा से लिये गए पानी के सैंपल की जांच की गई। जांचे गए पानी के नमूनों की रिपोर्ट गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग को मिल गई है। सीएमएचओ ने बताया कि रिपोर्ट में साफ तौर पर पुष्टि हुई है कि दूषित पानी पीने से ही लोग बीमार पड़े और उनकी जान गई। उन्होंने बताया कि पाइपलाइन में लीकेज के कारण पानी दूषित हुआ है।

### संख्या पर सब मौन

भागीरथपुरा में पानी के कारण गुरुवार को अशोक लाल पंवार, सुमित्रा बाई, शंकर भाया और अरविंद लिखर ने दम तोड़ दिया। इनके पूर्व 5 महीने के मासूम से लेकर 80 साल के वृद्ध की भी जान गई हैं। करीब डेढ़ हजार लोग संक्रमित हैं तो अभी भी डेढ़ सौ लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। मगर मौतों की संख्या को लेकर इंदौर के सारे जनप्रतिनिधियों ने मौन साध लिया है। सांसद, महापौर, सीएमएचओ मौतों की संख्या को लेकर कुछ बोलने तैयार नहीं हैं। वहीं नगरीय प्रशासन मंत्री विजयवर्गीय का कहना है कि अब तक आठ मौतें दूषित पानी से हुई हैं। पांच दिन पहले विजयवर्गीय ने ही इस दूषित पानी से तीन मौतें होने का मामला उठाया था।

### सामने आई लोगों की नाराजगी

लगातार हो रही मौतों से भागीरथपुरा के लोगों की नाराजगी भी बढ़ती जा रही है। लोग नेताओं का विरोध करने लगे हैं। गुरुवार को सांसद लालवानी और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय क्षेत्र में निरीक्षण करने पहुंचे तो लोगों ने नारेबाजी कर दी। यहां के लोग व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों को ही मौतों की वजह मान रहे हैं। नाराजगी इतनी ज्यादा बढ़ गई कि जब सुबह-सुबह भागीरथपुरा पहुंचे मंत्री विजयवर्गीय को ही महिलाएं खरी-खरी सुनाने लगीं। सात मृतकों के परिजनों ने नाराजगी जताते हुए सरकार द्वारा भेजी गई सहायता राशि के चैक लेने से भी इंकार कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा की गई घोषणा के मुताबिक मंत्री विजयवर्गीय 2-2 लाख रुपए के चेक देने पहुंचे थे। महिलाओं की नाराजगी इस बात से ज्यादा है कि बीते दो साल से गंदा पानी आ रहा है। बीते कुछ महीनों से तो बहुत ही ज्यादा दूषित पानी सप्लाई हो रहा है। पार्षद को कई बार बताया मगर कोई समाधान नहीं हुआ। तब कहां थे, जब समस्या सामने आ रही थी। इन मौतों के बाद कांग्रेस भी आक्रामक हो गई है।

## गुजरात के उपलेटा में राष्ट्रकथा शिविर में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# युवाओं को उनकी शक्तियों का भान कराना आवश्यक: सीएम



मुख्यमंत्री को राजकोट के उपलेटा में आयोजित 26वें राष्ट्र कथा शिविर में पुस्तक भेंट की गई।

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किताबी ज्ञान से व्यवहारिक और वास्तविक ज्ञान बेहतर है और हमारी युवा पीढ़ी को उनकी असीम शक्तियों का भान कराना भी बेहद जरूरी है।

डॉ. यादव गुरुवार को गुजरात के राजकोट जिले के प्रांसला के समीप उपलेटा में श्री वैदिक मिशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित 26वें राष्ट्रकथा शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नेकी, परमार्थ और राष्ट्रभक्ति का सहज भाव शरीर में रक्त की तरह हम सभी में प्रवाहमान होना चाहिए। वसुधैव कुटुम्बकम हमारी संस्कृति का जीवोमूल लक्ष्य है और हमें इसी दिशा में और भी मजबूती से आगे बढ़ाना चाहिए। सीएम ने कहा कि जीव मात्र का समग्र कल्याण ही मानवता का पहला लक्ष्य है। जियो और जीने दो हमारे जीवन का शाश्वत दर्शन है। हमारे यहां नैतिक शिक्षा, राष्ट्रभक्ति और संस्कारयुक्त जीवन पद्धति की एक लंबी परंपरा रही है। यह हम भारतीयों का स्व-अनुशासन ही है, जिससे भारत आज विश्व की महाशक्ति के रूप में तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम सब उस भारतीय मातृ सत्तात्मक संस्कृति के संवाहक है, जहां माताओं और बहनों को देवी के रूप में पूजा जाता है। हमारे यहां बच्चा-बच्चा भी भारत माता की जय बोलकर राष्ट्रमाता को सम्मान देता है।

### कागजी डिग्री से नहीं चलता काम

डॉ. यादव ने कहा कि कोविड के समय जब दुनिया की जनता त्राहिमाम कर रही थी, तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी संकल्प शक्ति के बल पर कठिन समय में महामारी का सामना किया। डॉ. यादव ने कहा कि भारत आज हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। यह सही है कि किताबी ज्ञान से अंकसूची और मेरिट लिस्ट में पहचान बन सकती है, लेकिन केवल कागजी डिग्री से काम नहीं चलता है। हमारे लिए पढ़ाई केवल नौकरी पाना नहीं है, बल्कि इससे इतर बच्चों का नैतिक और संस्कारयुक्त समग्र विकास करना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सनातन संस्कृति की धारा सभी क्षेत्रों में बह रही है। राष्ट्रकथा शिविर में स्वामीजी ने देश के विभिन्न प्रांतों से शामिल हुई युवा शक्ति को राष्ट्र के विकास के लिए प्रेरित किया है। गुरु की महिमा को देखेंगे तो गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर लेकर जाते हैं। भारत ने हजारों वर्षों से दुनिया को विश्व बंधुत्व का संदेश दिया है। भारतीय परिवारों में मां का अलग स्थान है। मां ही पहली गुरु हैं। दुनिया में सभी देश अपनी गौरवशाली संस्कृति पर गर्व करते हैं, लेकिन अन्य किसी भी देश में मातृ संस्कृति का आधार देखने को नहीं मिलता।

## महिला अभ्यर्थी को उम्र में छूट का मामला, हाई कोर्ट का निर्देश

# आरक्षण के तहत आवेदन पर भी ओपन मुकाबले का अधिकार

**जबलपुर, जेएनएन।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई महिला उम्मीदवार मेधावी है और उसे नियमों के तहत उम्र में छूट मिली है, तो केवल इसी आधार पर उसे ओपन (अनारक्षित) कैटेगरी में चयन से वंचित नहीं किया जा सकता।

जस्टिस दीपक खोट की पीठ ने आई असिस्टेंट (मिनिस्ट्रियल) पद से जुड़े एक मामले में यह टिप्पणी करते हुए संबंधित अधिकारियों को याचिकाकर्ता की नियुक्ति पर विचार करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि वर्टिकल या हॉरिजॉन्टल आरक्षण के तहत आवेदन करने वाला उम्मीदवार भी ओपन कैटेगरी में मुकाबला कर सकता है, बशर्ते उसके अंक उस कैटेगरी के कट-ऑफ से अधिक हों।

कोर्ट ने माना कि नियमों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि उम्र में छूट पाने वाली महिला उम्मीदवार ओपन कैटेगरी में मुकाबला नहीं कर सकती। अदालत ने कहा कि ओपन कैटेगरी सभी के लिए खुली है और अधिक अंक पाने वाली महिला उम्मीदवार को केवल उम्र के आधार पर बाहर करना कानूनन सही नहीं है।

### यह है मामला

मामले में महिला याचिकाकर्ता ने संयुक्त परीक्षा भर्ती टेस्ट 2023 में 65.97 अंक हासिल किए थे, जबकि चयनित उम्मीदवार को 62.88 अंक मिले थे। इसके बावजूद याचिकाकर्ता को इसलिए नहीं चुना गया क्योंकि उसकी उम्र 45 वर्ष थी और ओपन कैटेगरी की उम्र सीमा 18-40 वर्ष बताई गई थी। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि विज्ञापन के क्लॉज 9.3 के तहत महिला उम्मीदवारों को 45 वर्ष तक उम्र में छूट दी गई है।

## 1755 के युद्ध नायकों के लिए स्मारक स्तूप की अनुमति

# मद्रास हाईकोर्ट ने कहा- 'जब स्टैन स्वामी का स्मारक बन सकता है, तो इनका क्यों नहीं?'

**चेन्नई/नई दिल्ली, जेएनएन।** मद्रास हाईकोर्ट ने 18वीं सदी के औपनिवेशिक विरोध से जुड़े एक महत्वपूर्ण फैसले में 1755 के नाथम कनावई युद्ध के नायकों की स्मृति में स्तूप स्थापित करने की अनुमति दे दी है। अदालत ने कहा कि यदि स्टैन स्वामी की स्मृति में स्मारक के लिए अनुमति की जरूरत नहीं पड़ती, तो नाथम कनावई युद्ध के नायकों के लिए स्तूप लगाने से कैसे रोका जा सकता है। यह आदेश जस्टिस जी आर स्वामीनाथन ने उस याचिका पर दिया, जिसे अधिवक्ता शिवा कलैमणि अम्बालम ने दाखिल किया था। उन्होंने नाथम के तहसीलदार



द्वारा स्तूप लगाने की अनुमति से इनकार किए जाने को चुनौती दी थी। अदालत ने याचिका स्वीकार करते हुए प्रशासन के फैसले को अनुचित ठहराया। कोर्ट के समक्ष यह तथ्य रखा गया कि वर्ष 1755 में नाथम कनावई में मेलूर कल्लर समुदाय और ब्रिटिश सेना के बीच भीषण संघर्ष हुआ था, जिसमें कल्लर समुदाय ने जीत हासिल की थी।

# आर्थिक मदद के बहाने प्रापर्टी डीलर ने इवेंट मैनेजर युवती से रातीबड़ के जंगल में धमकाकर किया रेप

### धमकी देकर भाग निकला था आरोपी, बाद में किया गिरफ्तार

**क्राइम रिपोर्टर, भोपाल।** रातीबड़ इलाके में स्थित जंगल में एक युवती के साथ रेप की घटना सामने आई है। आर्थिक मदद के बहाने प्रापर्टी डीलर ने उसे नेहरू नगर बुलाया था। इसके बाद घुमाने के नाम पर जंगल ले गया। यहां डरा-धमकाकर युवती से दुष्कर्म किया। युवती ने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रेप समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

जानाकरी के अनुसार, कुछ दिनों पहले युवती और प्रॉपर्टी डीलर समीर में दोस्ती हुई थी। पिछले दिनों अचानक युवती की मां की तबीयत बिगड़ गई। इसके लिए युवती को 5 हजार रुपए की जरूरत थी। उसने समीर से 5 हजार रुपए की आर्थिक मदद मांगी। बुधवार दोपहर को समीर ने युवती को पैसे देने के लिए नेहरू नगर बुलाया। जहां से घुमाने के बहाने उसे केरवा के जंगल में ले गया। यहां उसके साथ जबरदस्ती की। इसके बाद आरोपी धमकी देकर भाग निकला।

### सहेली के माध्यम से हुई थी दोस्ती



पुलिस के मुताबिक, अशोका गार्डन निवासी 19 वर्षीय युवती इवेंट मैनेजर का काम करती है। कुछ दिनों पहले एक सहेली के माध्यम से समीर उर्फ जहूर से उसकी दोस्ती हुई झथी। समीर शादीशुदा है और प्रापर्टी डीलिंग का काम करता है।

### डायल-112 पर किया कॉल

घटना के बाद पीड़िता ने डायल-112 पर कॉल कर घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी लगते ही एक महिला सब इंस्पेक्टर और टीम मौके पर पहुंची। पीड़िता के बयान दर्ज किए। इसके बाद उसका मेडिकल कराया। युवती की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज आरोपी समीर को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। समीर तलैया इलाके में रहता है।

# फरवरी से महंगी हो जाएंगी सिगरेट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अगले महीने से सिगरेट पीना और महंगा हो जाएगा। सरकार के नए फैसले के बाद 15 रुपए में मिलने वाली सिगरेट 17-18 रुपए तक पहुंच सकती है। सरकार ने सिगरेट पर लगने वाला कंपनसेशन सेस हटाकर उसकी जगह एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी है, ताकि राजस्व घाटे की भरपाई की जा सके। नोटिफिकेशन के मुताबिक, 1 फरवरी 2026 से सिगरेट पर प्रति 1,000 स्टिक 2,050 रुपए से 8,500 रुपए तक एक्साइज ड्यूटी लगेगी। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि बढ़ा हुआ टैक्स कंपनियां उपभोक्ताओं पर डालेंगी, जिससे सिगरेट की कीमतों में करीब 20 फीसदी तक बढ़ोतरी हो सकती है। अब तक सिगरेट पर 28 फीसदी जीएसटी के साथ सेस लगता था, जिससे कुल टैक्स 50 फीसदी से ज्यादा हो जाता था। सितंबर में सरकार ने सेस हटाकर जीएसटी बढ़ाया और अब स्थायी एक्साइज ड्यूटी लागू कर दी है। इससे टैक्स का कुल बोझ कम होने के बजाय बढ़ गया है।

**15 वाली सिगरेट 18 रुपए तक पहुंचने के आसार**

# प्लेन उड़ाने से पहले एयर इंडिया पायलट ने पी शराब, टेस्ट में फेल

### शिकायत के बाद फ्लाइट से उतारा और ड्यूटी से हटाया गया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कनाडा के वैंकूवर से दिल्ली आने वाली एयर इंडिया फ्लाइट के पायलट को विमान से उतार दिया गया। पायलट पर शराब पीने का आरोप था। फ्लाइट टेक-ऑफ करने वाली थी। तभी वैंकूवर एयरपोर्ट के एक स्टाफ ने पायलट को वाइन पीते हुए देखा। जिसके बाद कर्मचारी ने अधिकारियों से शिकायत की। कनाडाई अधिकारियों पायलट के पास जांच करने पहुंचे तो उसके मुंह के पास से महक आई। फिर पायलट का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट लिया गया। जिसमें वह फेल हो गया।




एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा, सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार फ्लाइट को ऑपरेट करने के लिए एक दूसरे पायलट को रोस्टर में शामिल किया गया था।

### खराबी के बावजूद उड़ी फ्लाइट

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया के एक पायलट को तकनीकी खराबी वाला प्लेन उड़ाने के लिए शो-कॉज नोटिस जारी किया है। यह मामला गुरुवार को सामने आया। फ्लाइट एआई-358 और एआई-357 हैं। विमान में पहले से कई तकनीकी खराबियां दर्ज थीं। इसके बावजूद विमान ऑपरेट किया गया। फ्लाइट के लेफ्ट एयर साइकिल मशीन और पैक मोड से जुड़ी चेतावनी मिली। साथ ही दरवाजे के पास धुएं जैसी गंध की शिकायत भी हुई। फिर भी विमान ऑपरेट किया गया।

## खरीददारी

## भारत के अल्ट्रा-रिच वर्ग में बढ़ रहा गुलाबी, नीले और पीले हीरों का चलन

# देश के कुबेरों को लुभा रहे हैं रंगीन हीरे, रिर्टन भी अच्छा

**कोलकाता, जेएनएन।** भारत के अल्ट्रा-रिच वर्ग में गुलाबी, नीले और पीले जैसे रंगीन (फैंसी) हीरों का चलन तेजी से बढ़ रहा है। ये हीरे पारंपरिक सफेद हीरों की तुलना में कहीं ज्यादा दुर्लभ हैं और अब इन्हें सिर्फ आभूषण ही नहीं, बल्कि निवेश के रूप में भी देखा जा रहा है। बीते एक साल में इनकी मांग 20-25 फीसदी तक बढ़ी है, जबकि कीमतें 5 लाख रुपए से लेकर 5 करोड़ रुपए प्रति कैरेट तक पहुंच रही हैं।

व्यापारियों और ज्वैलर्स के मुताबिक, महामारी के बाद भारत रंगीन हीरों के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में शामिल हो गया है। इसकी वजह एक नई पीढ़ी के वैश्विक रूप से जुड़े, एसेट-फोकस्ड अल्ट्रा हाई नेट-वर्थ इंडिविजुअल्स हैं, जो पोर्टफोलियो में वैकल्पिक निवेश तलाश रहे हैं।

कीमतों की बात करें तो सफेद हीरे आमतौर पर कट और क्लैरिटी के आधार पर 1 लाख रुपए से 7 लाख रुपए प्रति कैरेट मिल जाते हैं। वहीं, गुलाबी हीरे 15 लाख रुपए से 5 करोड़ रुपए, नीले हीरे 25 लाख रुपए से 5 करोड़ रुपए और अपेक्षाकृत सस्ते पीले हीरे 5 लाख रुपए से 15 लाख रुपए प्रति कैरेट तक बिक रहे हैं।

कीमतों में दीर्घकालिक बढ़त ने भी मांग को सहारा दिया है। रुपये में देखें तो पिछले 20 वर्षों में गुलाबी हीरों की कीमतें करीब 10 गुना, नीले हीरों की 6-7 गुना और पीले हीरों की लगभग दोगुनी हो चुकी हैं। नए खदानों की कमी के कारण इनकी दुर्लभता और बढ़ रही है।

मुंबई के अनमोल ज्वेलर्स के संस्थापक ईशु दतवानी के अनुसार, कोविड के बाद ग्राहक दुर्लभ चीज़ों पर ज्यादा खर्च करने को तैयार हैं। वैश्विक ब्रांड्स जैसे चोपर्ड और कार्टियर के संपर्क में आए भारतीय अब उन्नत रुचि के अनुरूप डिजाइन चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया, रूस और दक्षिण अफ्रीका से कच्चे पीले हीरे मंगाकर सूरत में कट-पॉलिश किए जा रहे हैं। वैश्विक नीलामी बाजार में भी रंगीन हीरे चमक रहे हैं। नेचुरल डायमंड काउंसिल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में बाजार में आए फैंसी कलर हीरों का अनुमानित थोक मूल्य 4.5 अरब डॉलर से अधिक रहा—जो इस सेगमेंट की बढ़ती निवेश क्षमता को रेखांकित करता है।

### 20-25 फीसदी तक बढ़ी है बीते एक साल में रंगीन हीरों की मांग

**05** लाख से 5 करोड़ रुपए प्रति कैरेट तक पहुंच गई है कीमत

**20** साल में गुलाबी हीरों की कीमतें 10 गुना और नीले हीरों की 6-7 गुना बढ़ चुकी हैं कीमतें

**02** गुना बढ़ी हैं बीते दो दशक में पीले हीरों की कीमत




### टियर-2 के अमीरों की पसंद हैं पीले हीरे

मुंबई स्थित पी हिरानी एक्सपोर्ट के सह-संस्थापक दरशित हिरानी का कहना है कि दुनिया भर में सेलिब्रिटी और उद्योगपति शादियों व खास मौकों पर रंगीन हीरे अपना रहे हैं। उन्होंने कहा, 'समृद्ध भारतीय भी इस वैश्विक ट्रेंड का हिस्सा बनना चाहते हैं। टियर-2 शहरों के अल्ट्रा रिच के लिए पहली खरीद के तौर पर पीले हीरों में रुचि दिखा रहे हैं।'

# दबंगई: आरोपी को पुलिस से छुड़ा कर ले गए साथी

### बुरहानपुर: जंगल में चल रही थी अवैध हथियार फैक्ट्री

**जागरण, बुरहानपुर।** जिले के पाचोरी जंगल में एक झोपड़ी में अवैध हथियारों की फैक्ट्री चल रही थी। खकनार थाना पुलिस ने इसका खुलासा किया, लेकिन इस दौरान मुख्य आरोपी को उसके साथी पुलिस से छुड़ाकर ले गए।

अवैध हथियार निर्माण के लिए कुख्यात पाचोरी गांव से कुछ दूर जंगल में झोपड़ी बनाकर सिकलीगर देशी पिस्टलों का निर्माण कर रहे थे। पुलिस जंगल पहुंची तो मुख्य आरोपी रेहराज और दो अन्य युवक मौजूद थे, लेकिन घेराबंदी के बावजूद वे फरार हो गए। पुलिस की एक टीम आरोपियों के पीछे गई और रेहराज को पकड़ भी लिया, लेकिन बड़ी संख्या में साथी पहुंचे और उसे पुलिस की हिरासत से छुड़ा ले गए। पुलिस को पांच निर्मित पिस्टल, सात अर्ध निर्मित पिस्टल, हथियार बनाने वाली सामग्री और औजार मिले हैं। पुलिस ने रेहराज सहित सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।



> मुख्य आरोपी रेहराज थाने का निगरानीशुदा बदमाश है, उसके खिलाफ खकनार थाने में आर्म्स एक्ट के दो केस दर्ज हैं।
> 
> **- अभिषेक जाधव**, थाना प्रभारी

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# जन-जीवन में मुस्कान बनकर उतरेगा विकास

**2026** वैश्विक इतिहास के फलक पर एक ऐसे वर्ष के रूप में अंकित होने जा रहा है, जहां मानवता अपनी सामूहिक इच्छाशक्ति, तकनीकी नवाचार और आर्थिक लचीलेपन के माध्यम से एक नए युग की आधारशिला रखेगी। भारत के लिए, यह वर्ष उसकी बढ़ती वैश्विक शक्ति का एक ज्वलंत प्रमाण होगा, क्योंकि देश अब जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और अगले ढाई से तीन वर्षों में जर्मनी को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचने के लिए तीव्र गति से अग्रसर है । इस सकारात्मक परिदृश्य के केंद्र में भारत की घरेलू मांग, सुदृढ़ निजी खपत और बुनियादी ढांचे पर किया गया अभूतपूर्व निवेश है। इसे देखते हुए वैश्विक एजेंसियां 2026 में भारत की विकास दर 6.5 फीसदी से 7.3 फीसदी के बीच रहने का अनुमान लगा रही हैं ।

ऊर्जा के क्षेत्र में 2026 'अक्षय क्रांति' का साक्षी बनेगा, जहां हाइब्रिड 'टैंडम पेरोव्स्काइट' सौर कोशिकाओं का वाणिज्यिक बाजार में प्रवेश होगा, जिनकी दक्षता पारंपरिक पैनलों की तुलना में काफी अधिक होगी, जिससे सौर ऊर्जा का उपयोग घरों और वाहनों के लिए और भी सुलभ हो जाएगा। भारत इस दिशा में गुजरात के कच्छ जिले में 30 गीगावाट क्षमता वाले दुनिया के सबसे बड़े हाइब्रिड रिन्यूएबल एनर्जी पार्क के माध्यम से नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। साथ ही, रिलायंस इंडस्ट्रीज का जामनगर स्थित गीगा कॉम्प्लेक्स अपनी पूर्ण क्षमता की ओर बढ़ते हुए बैटरी विनिर्माण और ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा,जो भारत को वैश्विक हरित ऊर्जा का केंद्र बनाने के लक्ष्य को गति देगा । बुनियादी ढांचे के विकास में 'प्रधानमंत्री गति शक्ति अभियान' के तहत रेल और सड़क नेटवर्क का अभूतपूर्व एकीकरण देखने को मिलेगा, जहां सड़क नेटवर्क 66 लाख किलोमीटर के पार पहुंच जाएगा, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत को सकल घरेलू उत्पाद के 10 फीसदी से नीचे लाने का सपना सच होने के करीब होगा। रेलवे भी इस वर्ष अपनी पूर्ण विद्युतीकरण क्षमता और 'कवच 'जैसी उन्नत सुरक्षा प्रणालियों के साथ एक आधुनिक परिवहन तंत्र के रूप में उभरेगी,जो कश्मीर जैसे दुर्गम क्षेत्रों को भी बारहमासी रेल कनेक्टिविटी प्रदान करेगी ।

क्षेत्रीय स्तर पर, मध्य प्रदेश राज्य विकास के एक प्रेरक मॉडल के रूप में सामने आएगा, जहां भोपाल में 2,000 एकड़ में विकसित की जा रही 'नॉलेज और एआई सिटी' अनुसंधान और स्टार्टअप्स का एक वैश्विक हब बनेगी । मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य ने न केवल मेट्रो रेल सेवा का शुभारंभ किया है, बल्कि सामाजिक कल्याण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जैसे कि लाड़ली बहना योजना के तहत मासिक सहायता को बढ़ाकर 1,500 करना। राज्य का रोलिंग बजट नवाचार भविष्य की वित्तीय योजना को पारदर्शी व परिणामोन्मुखी बनाएगा। वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में प्रदेश दुनिया का पहला राज्य-स्तरीय बहु-पार्क टाइगर कॉरिडोर संचालित करेगा, जो बाघों के अबाध आवागमन तथा आनुवंशिक विविधता को सुनिश्चित करते हुए ईको-टूरिज्म और स्थानीय रोजगार को नई दिशा देगा । इसके अलावा, सागर जिले में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीतों के लिए तीसरा आवास विकसित करना पारिस्थितिकी संतुलन की दिशा में एक बड़ा कदम होगा।

दरअसल, 2026 एक ऐसा वर्ष होगा जहां आर्थिक प्रगति, तकनीकी क्रांति और मानवीय संवेदनाएं मिलकर एक ऐसे भविष्य का निर्माण करेंगी जो अधिक समावेशी, न्यायपूर्ण और उज्जवल होगा। यह वर्ष हमें सिखाएगा कि तकनीकी श्रेष्ठता के साथ-साथ जब हम स्वयंसेवा, महिला सशक्तिकरण और प्रकृति के साथ तालमेल बिठाते हैं, तो विकास केवल आंकड़ों में नहीं बल्कि जन-जन के जीवन में मुस्कान बनकर उतरता है। भारत इस वैश्विक यात्रा में एक 'विश्व बंधु'की भूमिका निभाते हुए अपने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर एक और महत्वपूर्ण तथा सफल कदम बढ़ाएगा।

प्रसंगवश

# खाद्य सुरक्षा के लिए जरूरी है अरावली का वजूद

देवेंद्र शर्मा

वर्ष 2021 की हॉलीवुड व्यंग्य फिल्म 'डोंट लुक अप' में, दो अमेरिकी खगोलशास्त्री दुनिया को एक धूमकेतु के बारे में चेतावनी देते हैं, जो पृथ्वी की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति एक अरबपति के झांसे में आ जाते हैं, जो यह दावा करता है कि उस आकाशीय पिंड में खरबों डॉलर के दुर्लभ तत्व हैं। आखिरकार, धूमकेतु पृथ्वी से टकराता है, जिससे एक वैश्विक आपदा बनती है।

काश! फिल्म ने प्राकृतिक संसाधनों की लूट के भयानक परिणामों के बारे में संज्ञान लिया होता, जैसा कि उत्तर भारत के 'हरे फेफड़े' पुकारी जाने वाली और पर्यावरण सुरक्षा के लिए अति संवेदनशील किंतु क्षतिग्रस्त की जा चुकी अरावली पर्वत श्रृंखला की प्रस्तावित 100 मीटर की परिभाषा से साफ था तो फिल्म का शीर्षक 'डोंट लुक अप, लुक डाउन' होता। यह वही है, जिसकी चेतावनी महात्मा गांधी ने यह कहकर दी थी, 'दुनिया में हर किसी की ज़रूरत के लिए काफी है, लेकिन हर किसी के लालच के लिए नहीं।'

कई साल पहले, मैं हिमाचल के बिलासपुर जिले में गोविंद सागर जलाशय के ऊपर हिमालय की नाजुक पहाड़ियों में चूना पत्थर की खुदाई पर रिपोर्टिंग करने गया था। एक सीमेंट कंपनी धीरे-धीरे, परत-दर-परत, चूना पत्थर वाली पहाड़ी को खुरच रही थी। जब मैंने कंपनी के महाप्रबंधक से पूछा कि क्या उन्हें अहसास है कि पहाड़ी को समतल करने से गंभीर पारिस्थितिक नुकसान होगा, तो उनके जवाब में आमतौर पर हावी मानसिकता झलक रही थी, 'जब पहाड़ी ही नहीं रहेगी तो आप किस पारिस्थितिक नुकसान की बात कर रहे हैं?' हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन पर आधारित सभी विकास गतिविधियां बंद कर देनी चाहिए। इसका अर्थ सिर्फ यह है कि मुख्य आवश्यक तत्वों के अत्यधिक खनन के गंभीर पर्यावरणीय परिणाम होते हैं और इसके लिए सख्त नियमों के अलावा प्रकृति द्वारा प्रदत्त पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के आर्थिक मूल्यांकन की भी जरूरत है। इसके सामाजिक प्रभाव भी होते हैं, जिनके लिए कोई माप-सूत्र मौजूद नहीं है। ऐसे में, अगर नीति निर्माताओं को गलती करनी भी पड़े, तो उन्हें लोगों और पर्यावरण के हित में गलती करनी चाहिए। इसी तरह, जब हिमालय के ग्लेशियर पिघलने लगे, तब एक ऐसा कथानक गढ़ने की कोशिश की गई जो उन दावों को चुनौती दे रहा था, जिसमें इस घटनाक्रम को जलवायु आपदा बताया गया था। शुक्र है कि अब दुनिया पिघलते ग्लेशियरों के विनाशकारी परिणामों के प्रति जाग गई है। दुनिया पहले ही ग्लोबल बॉइलिंग स्टेज में प्रवेश कर चुकी है। इसका मतलब है पहाड़ियों और जंगलों का अंधाधुंध दोहन, जो दुनिया को सिर्फ जलवायु आपदा की ओर धकेलेगा।

चार राज्यों—गुजरात, राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के 37 जिलों में 1.44 लाख वर्ग किमी में फैली अरावली पहाड़ियों में सीसा, जस्ता, चांदी, तांबा और बेशक, संगमरमर जैसे मुख्य खनिजों का भरपूर भंडार है। इसके अलावा, ये पहाड़ियां लिथियम, निकेल, मोलिब्डेनम, नाइओबियम और टिन जैसे जरूरी खनिजों से भी भरपूर हैं। जैसे 'डोंट लुक अप' में अमेरिकी राष्ट्रपति को यह विश्वास दिलाया गया था कि धूमकेतु की आर्थिक संपत्ति बहुत ज्यादा दौलत लाएगी, वैसे ही यह माना जा रहा है कि अरावली में मौजूद खनिज देश के आर्थिक विकास के लिए ज़रूरी हैं। अगर ऐसा है, तो मुझे नहीं पता कि इतने बड़े पैमाने पर 'सेव अरावली' विरोध प्रदर्शन क्यों हो रहे हैं। क्या लोग खनिज संपदा की आर्थिक कीमत नहीं समझते, जिसे किसी भी कीमत पर निकालना जरूरी है?

एक अरब साल से भी ज्यादा पुरानी अरावली पहाड़ियों ने उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के रेगिस्तान बनने के विरुद्ध एक हरी दीवार का काम किया है। ये पहाड़ियां समृद्ध जैव विविधता का भंडार भी हैं; ये जमीन के नीचे के जलभंडारों की भरपाई करने में अहम भूमिका निभाती हैं और इन्होंने दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में रेगिस्तान की आगे बढ़ने की चाल को रोका है। निःसंदेह, अरावली की पहाड़ियां महज रणनीतिक खनिजों के लिए एक प्राकृतिक भंडार नहीं हैं; वे बड़े पैमाने पर पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं भी प्रदान करती हैं। प्रकृति प्रदत्त इन पारिस्थितिक और पर्यावरणीय सेवाओं की वास्तविक आर्थिक लागत का पता नहीं लगाया गया है। एक बार जब यह मोल पता चल जाएगा, तो राष्ट्र को पहाड़ियों को बरकरार रखने की आर्थिक आवश्यकता का अहसास होगा, भले ही खनिजों को निकालने की आर्थिक लागत पर ज्यादा जोर दिया जाता है।

**-लेखक कृषि एवं खाद्य संबंधी विषयों के विशेषज्ञ हैं।**

# कोहरा चीर कर चमकेगा सूरज...



**कितना भी शोर मचाओ,**
**समय की नींद नहीं टूटती**
**चाहे कितना भी खटखटाओ,**
**वक्त का बंद दरवाजा नहीं खुलता**
**वक्त की चाल को अगर समझना है,**
**वक्त की रफ्तार को अगर बदलना है,**
**तो अपने ही मन की गहराइयों में जाओ,**
**बुद्धि के अंधकार को तोड़,**
**आत्मा के उजालों में खो जाओ,**
**गहरे ध्यान में डूब जाओ।**

जब कोई ध्यान में डूबता है... तब संसार का कोलाहल शाँत हो जाता है... जब किसी मानव की दृष्टि बाह्य न हो कर... स्वयं उसी के अपने अंदर पसरे हुए अंधेरे को चीरती हुई... उसके अपने ही अंदर छिपी हुई अभंग चिंगारी पर केन्द्रित हो जाती है... वह अभंग चिंगारी... जिसे हम ''आत्मा'' कहते हैं... जब उस पर किसी की आंतरिक दृष्टि टिक जाती है... तब उसे प्राप्त हो जाता है ऊर्जा का एक अजस्त्र स्रोत...

जब कोई मौन हो जाता है... ध्यान में डूब जाता है... जब कोई अपने ही अंधेरों को चीरता हुआ अपने में ही लीन हो जाता है... तब उसे स्वयं अपने में असीम शाँति और ऊर्जा की प्राप्ति हो जाती है... कभी किसी भी वृक्ष को ध्यान से देखो और विचार करो... उसे ऊर्जा कहाँ से प्राप्त होती है...? तुम्हें सहज ही उत्तर मिलेगा कि... वृक्ष को ऊर्जा उसकी जड़ों से मिलती है... न कि वृक्ष को ऊर्जा उसके पत्तों से मिलती है... भले ही पल्लव और पुष्प... शाखायें और टहनियाँ वृक्ष का बाह्य और सुंदर रूप हों... भले ही वह उसकी पहचान और शान हों... किन्तु प्राण व ऊर्जा तो वृक्ष को उसकी वह जड़ें ही देती हैं जो अदृश्य हैं... जो धरती के अंदर गहन अंधेरे में समायी रहती हैं...




ऊर्जा के स्रोत बाहरी नहीं आंतरिक होते हैं... ऊर्जा के स्रोत... ऊर्जा के केन्द्र खुद कभी अपने लिए कुछ संचय नहीं करते... अपितु अपने श्रम और साध्य से संचित ऊर्जा को वह सब में बाँट देते हैं... ऊर्जा के स्रोत तो हमेशा ही गर्भ में रहते हैं... माँ की अंधेरी कोख में सोया बच्चा... गर्भ के अंधकार में डूबा हुआ... प्राण-सांस-भोज्य रंग-रूप-आकार... ऊर्जा-इंद्रिय और सौभाग्य को प्राप्त करता हुआ... बिना अपने किसी प्रयास के... ऊर्जा के आंतरिक स्रोतों से बढ़ता हुआ जीवन को प्राप्त करके... एक दिन इस विश्व के क्रीड़ांगन में खेलने लगता है...

माँ के गर्भ के जैसे ही जब किसी भी बीज को धरती माता की कोख मिल जाती है... पृथ्वी की अंधेरी गहराइयों में डूबी धरणी की कोख पाकर बीज कैसे गल जाता है... और पृथ्वी की उस आंतरिक ऊर्जा से मिले प्राणों का संचय कर... कैसे वह बीज धरती की कोख को चीरते हुए... एक नन्हीं सी कोपल बन कर इस... विश्व में प्रस्फुटित हो कर लहराने लगता है... कैसे निरंतर आंतरिक ऊर्जा को प्राप्त करते हुऐ... वही छोटी सी अंकुरित कोपल... पौधा बन देखते-देखते विशाल वट वृक्ष बन कर... बड़ी-बड़ी तूफानी बिजलियों से टकरा जाती है... कैसे उसकी शाखायें और पल्लव वर्षा के प्रचंड वेग को अपने ऊपर झेल जाते हैं... शिशिर ऋतु की ठिठुरन... गर्मी के सूरज की तपन... जो सब कुछ सहज ही सहन कर ले... प्राण शक्ति... ऐसी प्रबल जीवन ऊर्जा... वृक्ष को आखिर उसकी ऐसी धरती के अंधेरों में समायी हुई जड़ों से ही तो मिलती है न...! जमीन के अंदर छिपी हुई जिन छोटी-छोटी जड़ों ने बीज को कभी धरती की कोख में गलाकर... एक नन्हीं सी कोपल बनाकर... पृथ्वी के बाहर भेजा था जग को शीतलता बांटने... संसार को छाया देने... पक्षियों को नीड़ देने... भूखों को फल देने... बेसहारा असहाय पशुओं को... वर्षा और ग्रीष्म से बचाते हुऐ शरण देने... वही धरा के गर्भ में समायी हुई जड़ें ही तो अक्षय ऊर्जा देती हैं... अपनी संतान को...

अपने अंतःकरण का रहस्य जब-जब मनुष्य को समझ में आया है... तब-तब उसे अपने ही अंतःकरण से असीम प्राप्त ऊर्जा मिली है... जिस से सम्पूर्ण जगत की मानवता जगमगा उठती है... वह मानवता... जो धरती की गोद में... अलग-अलग रंग-रूप-नाम-विचार-धर्म धारण किये विचरण करती है...

गौतम बुद्ध... महावीर... ईसा... नानक देव... हजरत मोहम्मद आदि-आदि ऐसे ही तो महाजीव थे... जिन्होंने अपने अंतर की ऊर्जा को... ध्यान की गहराइयों में डूब कर खोजा था... और अपनी ऊर्जा के इस उत्सव को संसार भर को बांटा था...

चाहे जड़ हो या कि चेतन... भले ही जीव और जीवन का वह भले कोई भी रूप क्यों न हो... ऊर्जा उसे हमेशा उसी के अंदर से ही मिलती है...

**तम का हर कोहरा चीरकर चमकेगा सूरज**
**चमक उठेंगी ठिठकी नंगी भूरी डालें**
**फिर थिरकेगी पछिया बहार**
**सजने लगेंगी नीम की डालियाँ**
**कोमल कोपलों से**
**खिलखिला कर हंस पड़ेगा कचनार**
**गुदगुदा उठेगा अमलतास का पोर-पोर**
**पीले फूलों और फलियों के अंदर**
**तम का हर कोहरा चीर कर चमकेगा सूरज**
**फिर चमक उठेंगी वृक्षों की**
**ठिठकी नंगी भूरी डालें**
**जब-जब मिलेगी उन्हें**
**धरती की कोख में समायी**
**जड़ों से नई ऊर्जा... नई ऊर्जा**

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

अर्थव्यवस्था

## वैश्विक आर्थिक मंदी का भारतीय उपभोक्ता पर असर नहीं

# दुनिया का सबसे आशावादी बाजार भारत

डा. जयंतीलाल भंडारी

उम्मीद करें कि भारत में वर्ष 2026 में महंगाई में कमी और ब्याज दरों में कटौती भारतीय उपभोक्ताओं को नई आशावादी शक्ति देगी और भारत में उपभोक्ताओं की बढ़ी हुई क्रय शक्ति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए घरेलू खपत बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देगी। नया साल नई उम्मीदें लेकर आ रहा है। भारतीय आर्थिकी के लिए शुभ समय है...

हाल ही में वैश्विक परामर्श कंपनी बीसीजी की 'ग्लोबल कंज्यूमर रडार' रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय उपभोक्ता मौजूदा आर्थिक मंदी और भू-राजनीतिक संघर्षों से अप्रभावित हैं। भारत दुनिया का सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार है। जहां वर्ष 2025 में जीडीपी की मजबूत वृद्धि से भारत में उपभोक्ताओं की धारणा में पूरे वर्ष स्थिर गति देखी गई, वहीं अब 2026 में देश लगातार अच्छे समय की उम्मीद रखने वाले 61 प्रतिशत उपभोक्ताओं के साथ सबसे आशावादी बाजारों में बना हुआ है।

गौरतलब है कि नए वर्ष 2026 में भारतीयों को महंगाई घटने और ब्याज दरों में कमी से खरीददारी में नई शक्ति मिलती हुई दिखाई देगी पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.25 प्रतिशत हो गई है। इस समीक्षा बैठक में कहा गया है कि देश में इस समय महंगाई रिकॉर्ड निचले स्तर 2.2 फीसदी पर है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ का अनुमान 7.3 फीसदी है। भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत रफ्तार पकड़ रही है और आगे भी यही रुझान बना रहने की पूरी उम्मीद है। साथ ही रिजर्व बैंक ने जनवरी 2026 में बैंकिंग सिस्टम में पैसों की कमी को दूर करने, नकदी लंबे समय तक बनाए रखने के लिए 3 लाख करोड़ रुपए डालना सुनिश्चित किया है। रिजर्व बैंक के द्वारा 5 दिसंबर को ब्याज दरों में कटौती के मद्देनजर रेपो रेट में 25 आधार अंक की जो कटौती की गई है, उसका लाभ बैंकों के द्वारा विभिन्न वर्ग के ग्राहकों तक पहुंचाया जाना शुरू हो गया है। ऐसे में तेजी से आगे बढ़ रहे सुकूनदेह आर्थिक परिदृश्य के मद्देनजर आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में मार्च 2026 में रेपो रेट में कमी की संभावना भी उभरकर दिखाई दे रही है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि वर्ष 2026 में महंगाई में कमी रहने की संभावना से देश का उपभोक्ता बाजार मजबूत होगा। निःसंदेह रिजर्व बैंक के द्वारा ब्याज दर और घटाए जाने की संभावना का एक खास कारण महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण भी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से 12 दिसंबर को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि खुदरा महंगाई नवंबर, 2025 में 0.71 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। अक्टूबर में यह 0.25 फीसदी रही थी। इस वृद्धि के बावजूद खुदरा महंगाई लगातार 10वें महीने आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य के नीचे रही। साथ ही, यह लगातार दूसरा महीना है, जब यह एक फीसदी से भी कम रही। इससे पहले खुदरा महंगाई सितंबर में एक फीसदी से अधिक यानी 1.44 फीसदी रही थी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय विभिन्न शोध रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलताओं के कारण आगामी महीनों में भी महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024-25 में देश में 35.77 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है।




भारत के आर्थिक परिदृश्य से संबंधित विभिन्न अध्ययन रिपोर्टों में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में ग्रामीण भारत से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। इन रिपोर्टों में यह बताया जा रहा है कि गांवों में खपत तेजी से बढ़ रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय जब अमेरिका और यूरोप सहित पूरी दुनिया के कई देशों में महंगाई आर्थिक-सामाजिक चिंता का कारण बन गई है, तब भारत पूरी दुनिया के लिए एक ऐसी नजीर बन गया है, जहां खुदरा महंगाई लगातार एक फीसदी से नीचे स्तर पर है और विकास लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इस समय भारत में महंगाई में तेज गिरावट से सस्ते कर्ज की राह आसान हुई है और इससे उपभोक्ता बाजार तेजी से आगे बढ़ेगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इन दिनों भारत के विकास पर प्रकाशित हो रही विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि चूंकि टैक्स व महंगाई घटने से अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और भारत की क्रेडिट रेटिंग सुधर रही है, ऐसे में क्रेडिट रेटिंग व विकास दर बढने से उपभोक्ता बाजार आशावादी बना रहेगा। हाल ही में एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की अर्थव्यवस्था के 6.5 प्रतिशत और अगले वित्त वर्ष 2026-27 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढने का अनुमान व्यक्त किया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि सरकार के बड़े फैसले जैसे कि पहला टैक्स में कटौती और दूसरा मौद्रिक नीति में ढील से उपभोग आधारित बढ़ोतरी को बढ़ावा मिलेगा। यह इकोनमी को तेजी से बढ़ाएगी। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने कहा, 'जीएसटी की कम दरें मध्यम वर्ग के उपभोग को बढ़ावा देंगी और आयकर कटौती एवं ब्याज दरों में कटौती से वित्त वर्ष 2026-27 में निवेश की तुलना में उपभोग वृद्धि का एक नया परिदृश्य दिखाई देगा। निश्चित रूप से ब्याज दर घटाए जाने के कारण सस्ते कर्ज से वर्ष 2026 में आर्थिक गतिविधियों में तेजी की संभावना विकास दर को बढ़ाने के लिए सकारात्मक संदेश होगी और उपभोक्ता बाजार में चमक बढ़ेगी। इस समय जब देश ट्रंप टैरिफ व वैश्विक व्यापार अनिश्चितता के दौर में चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतिक रूप से आगे बढ़ रहा है, तब सस्ता कर्ज उद्योग-कारोबार और सर्विस सेक्टर को नई शक्ति देगा।

भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी स्थिति को मजबूत बनाने, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने, अर्थव्यवस्था को व्यापक आर्थिक विवेक से प्रबंधित करने, उद्यमियों को नीतिगत स्थिरता, नवाचार एवं वृहद आर्थिक नीति उपलब्ध कराने के मद्देनजर सस्ता कर्ज लाभप्रद होगा। सस्ते कर्ज के कारण विदेशी निवेश भी बढ़ेंगे। ग्रामीण मांग के साथ-साथ शहरी मांग में सुधार, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और सर्विस सेक्टर के विकास को बल मिलेगा। सस्ते कर्ज के आधार पर स्थानीय और घरेलू बाजार तेजी से आगे बढ़ सकेंगे। बैंक व वित्तीय संस्थाओं की स्थिरता भी बनी रहेगी। आम आदमी को भी सस्ते कर्ज से कई लाभ मिलेंगे। ईएमआई के घटने से ऋण लेने वाले सभी लोगों को लाभ मिलते हुए दिखाई देंगे। घरों और वाहनों की मांग बढ़ेगी। मकानों की बिक्री में तेज गिरावट के कारण रियल इस्टेट उद्योग की बढ़ी हुई मुश्किलें ब्याज दरों में कटौती से कम होते हुए दिखाई देंगी।

खुला मंच

# नए साल के संकल्पों की भूल भुलैया

मनीष कुमार चौधरी

मेरा एक मित्र, जो खुद को 'फिटनेस उत्साही' कहता है, का संकल्प वही था, जो वह पिछले पांच साल से समझा रहा था। यानी जिम जाने का संकल्प। जिम जाना तो दूर, उसने इन पांच सालों में सुबह का सूरज भी नहीं देखा। नए साल के संकल्पों के साथ सबसे अच्छी बात है कि सिर्फ संकल्प लेने का दिखावा करना ही काफी है, उसे पूरा करना जरूरी नहीं है। आप ऐसा संकल्प चुनें जहां केवल आप ही यह तय कर सकें कि यह सफल रहा या असफल। इससे आप यह दिखावा कर पाएंगे कि आप अपना संकल्प पूरा कर पाए, भले ही आप बुरी तरह फेल हो गए हों। इस कैटेगरी में आने वाले संकल्प का एक उदाहरण है– दिन में कोई बीस-पच्चीस पॉजिटिव विचार सोचना। वैसे अभी तक किसी ने माइंड रीडर का आविष्कार नहीं किया है, इसलिए कोई और यह नहीं बता सकता कि आप सच में अपना लक्ष्य पूरा कर पाए या नहीं। क्या आपने कभी ध्यान दिया है कि जब कैलेंडर दिसंबर से जनवरी में बदलता है, उस जादुई तारीख पर आप जो भी महान काम करना चाहते हैं, उनके बारे में थोड़ा ज्यादा उत्साहित होना कितना आसान हो सकता है? थोड़े समय के लिए, कुछ भी संभव लगता है। आसमान ही सीमा है और फिर या तो आप अपने सभी ऊंचे लक्ष्यों के बारे में भूल जाते हैं या आप धड़ाम से नीचे गिरते हैं, असलियत से सामना होता है। मुझे तो दिसंबर से जनवरी का बदलाव बहुत पसंद है। बीते साल पर सोचने का समय। आने वाले साल में मौजूद संभावनाओं के बारे में उत्साहित होने का समय। वे ही क्लासिक घिसे-पिटे संकल्प। सुबह 5 बजे उठें; कसरत की दिनचर्या अपनाएं; माइंड फुलनेस और टाइम मैनेजमेंट का अभ्यास करें; अपने शरीर को पौष्टिक खाने से पोषण दें; प्रोफेशनल कपड़े पहनें; ऊंचे लक्ष्य तय करें; प्रियजनों के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं; फालतू चीजें हटाएं इत्यादि। अगर आप मेरी तरह हैं तो इस तरह के संकल्प सिर्फ अच्छे इरादों से शुरू होते हैं, जब तक कि बहुत जल्दी यह साफ नहीं हो जाता कि इसमें भविष्य के खुद के बारे में कुछ भ्रम शामिल है। यह भी तो सोचें कि अगर आप वजन कम करते हैं या व्यायाम करते हैं, या ज्यादा मेहनत करते हैं, या शराब-सिगरेट छोड़ देते हैं तो इस बड़ी दुनिया में किसी को क्या फर्क पड़ता है? संकल्प नियमों की तरह होते हैं। वे तोड़ने के लिए बनाए जाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि जनवरी के पहले हफ्ते में 20 प्रतिशत तक संकल्प टूट जाते हैं और पहले माह में 80 प्रतिशत। तो दोस्तो, तोड़े और कभी पूरे न किए जाने वाले संकल्पों के नाम पर 'हैप्पी न्यू ईयर!'

जीवन दर्शन

# हर सूर्योदय नया अध्याय लिखने का निमंत्रण

हर सूर्योदय आपके लिए नया अध्याय लिखने का निमंत्रण है। इस जोश के साथ शुरुआत करें कि गलतियां, अफसोस और बाधाएं नए अवसरों को रोक न पाएं। जीवन कई बार हमें ऊंच-नीच, विफलता, कठिनाइयां और मानो अंत-सा अनुभव कराता है। ऐसे में अक्सर हमारे मन में यह सवाल उठता है कि क्या असफलताओं के बाद जीवन फिर से शुरू हो सकता है? दरअसल, जिसे हम शुरुआत कहते हैं, वह अक्सर अंत होता है, और अंत करना ही एक नई शुरुआत करना है। यही अंत वह स्थान है, जहां से हम फिर शुरुआत करते हैं। इसका अर्थ यह है कि कोई भी अनुभव-चाहे वह कठिनाई, विफलता या दिल टूटने का क्षण हो-आखिरकार एक अंत की तरह प्रतीत होता है, लेकिन असल में वह नई सीख और आगे बढ़ने का अवसर भी है। अंत तब तक पूरा



नहीं होता, जब तक हम सीखना और उसे अपनाना नहीं सीख लेते। इसलिए डरने के बजाय अंत को ही शुरुआत बनाएं।

हर सूर्योदय आपके लिए नया अध्याय लिखने का निमंत्रण है। इस जोश से शुरुआत करें कि पुरानी गलतियां, अफसोस और बाधाएं नए अवसरों को रोक न पाएं। नई शुरुआत पुरानी जड़ों से जुड़कर ही सार्थक होती है। हर चुनौती के बाद आने वाला अगला क्षण आपके हाथ में एक नई शुरुआत की चाबी देता है। जब आप स्पष्ट रूप से यह महसूस करते हैं कि हर पल आपको नए सिरे से शुरुआत करने का मौका देता है, तो जीवन की निराशा कम होती है और उत्साह बढ़ता है।

आप हर सुबह अपने भीतर के डर को हराकर आगे बढ़ सकते हैं। पिछले साल के शब्द पिछले साल की भाषा का हिस्सा हैं, और अगले साल के शब्द किसी नई आवाज का इंतजार कर रहे हैं। इसका मतलब है कि भूतकाल को उसी में रहने दें, और भविष्य के लिए अपनी आवाज खुद बनाएं। नई आवाज, नई सोच और नई आशा ही आपको आगे बढ़ने की शक्ति देती है। नई शुरुआत आपको आत्मविश्वास देती है। यह याद दिलाती है कि गलतियां स्थायी नहीं हैं। यह आगे बढ़ने की ऊर्जा देती है, चाहे जीवन में कितनी भी कठिन परिस्थिति क्यों न आए, यह समझाती है कि अंत भी एक शुरुआत है, बस उसे पहचानने का नजरिया चाहिए।

**टी एस एलियट**

॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**अज्ञश्चाश्रद्दधानश्च संशयात्मा विनश्यति।**
**नायं लोकोऽस्ति न परो न सुखं संशयात्मनः॥**

**भावार्थ**

विवेकहीन और श्रद्धारहित संशययुक्त मनुष्य परमार्थ से अवश्य भ्रष्ट हो जाता है । ऐसे संशययुक्त मनुष्य के लिए न यह लोक है, न परलोक है और न सुख ही है।

# सीएचसी से 15 लाख से ज्यादा का कूटरचित भुगतान

जागरण भ्रष्टाचार अनियमितता

## सीबीएमओ सिहावल ने जारी किया शो-काज नोटिस

### बीसीएम एवं प्रभारी बीपीएम व लेखा सहायक पर आरोप

जागरण, सीधी




जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल में रोगी कल्याण समिति के बजट से 15 लाख 11 हजार 234 रुपए का कूटरचित भुगतान करने का मामला सामने आने पर सीबीएमओ द्वारा बीसीएम एवं प्रभारी बीएमओ एवं लेखा सहायक को शो-काज नोटिस जारी कर अवश्यक जानकारी मांगी गई। जारी नोटिस में कहा गया कि बीसीएम एवं प्रभारी बीपीएम ओंकेश सोनी तथा लेखा सहायक सूर्यकांत तिवारी द्वारा 15 लाख 11 हजार 234 रुपए का भुगतान फर्मों/व्यक्तिगत खातों में नियम विरुद्ध तरीकों से किया गया। रोगी कल्याण समिति सिहावल का संचालन खंड चिकित्सा अधिकारी एवं ब्लॉक लेखा प्रबंधक के हस्ताक्षर से विगत कई वर्षों से संचालित किया जाता था। रोगी कल्याण समिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल का नोडल अधिकारी 15 सितंबर 2025 को एसडीएम राजस्व के द्वारा नोटशीट अनुमोदित कराई है। कार्यालयीन आदेश क्रमांक 1165, दिनांक 16 जुलाई 2025 के द्वारा रोगी कल्याण समिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। कार्यालयीन आदेश क्रमांक 1308, दिनांक 4 सितंबर 2025 को शाखा प्रबंधक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा हिनौती को हस्ताक्षर परिवर्तन करने हेतु सूचित किया गया है। ब्लॉक लेखा प्रबंधक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल द्वारा बताया गया कि उन्हें बिना किसी सूचना के लेखा सहायक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल सूर्यकांत तिवारी एवं बीसीएम नोडल अधिकारी ओंकेश सोनी के द्वारा 15 लाख 11 हजार 234 रुपए का फर्मों/व्यक्तिगत खातों में नियम विरुद्ध तरीके से राशियों का भुगतान किया गया है। रोगी कल्याण समिति के खाते से लाखों के फर्जी भुगतान मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। जिससे सरकारी राशि के गबन का मामला उजागर हो सके।

> वित्तीय अनियमितताओं के मामले में बीसीएम एवं प्रभारी बीपीएम तथा लेखा सहायक से आवश्यक जानकारी की मांग की गई तथा तत्संबंध में वरिष्ट अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है। आगे की कार्रवाई वरिष्ट अधिकारियों के निर्देशन में होगी।
>
> **डॉ. स्वतंत्र पटेल, सीबीएमओ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल**

### इनको किया गया बैंक खाते से भुगतान

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल रोगी कल्याण समिति के खाते से श्रीनारायण ग्रुप को 5030 रुपए, विजय कम्प्यूटर को 29500 रुपए, सुरेश इंटरप्राइजेज 4130 रुपए, सुरेश इंटरप्राइजेज 27770 रुपए, राज बहोर केवट 5900 रुपए, ओंकेश सोनी 18200 रुपए, शशि इंटरप्राइजेज 30,000 रुपए, साक्षी इंटरप्राइजेज अमिलिया 30,000 रुपए, जीके कांस्ट्रक्शन कंपनी 1,77,000 रुपए, श्रीराम मशीनरी स्टोर्स अमिलिया 15,000 रुपए, दिनकर गुप्ता सिहावल 2425 रुपए, दिनकर गुप्ता सिहावल 2300 रुपए, सूर्यकांत तिवारी 8140 रुपए, चंद्रकला पटेल 80 हजार रुपए, ओंकेश सोनी 49429 रुपए, ओम हार्डवेयर 47,000 रुपए, लक्ष्मी ट्रेडर्स 54300 रुपए, प्राम्प्ट कम्प्यूटर 40541 रुपए, संदीप ट्रेडर्स 28500 रुपए, संदीप ट्रेडर्स 28300 रुपए, सुनील पटेल आयुस्मान मित्र 4500 रुपए, आरपी एशोसिएटस 99000 रुपए, आरपी एशोसिएटस 58000 रुपए, आरपी एशोसिएटस 1,26,830 रुपए, गनपति फिलिंग स्टेशन बमुरी 74889 रुपए, रिया बैट्री शॉप 1 लाख 13 हजार रुपए, जेएस बिल्डिकान 1,87,681 रुपए, जवाहर बैगा 10,000 रुपए, राहुल रजक 10,000 रुपए, रामशिया साकेत 9,000 रुपए, उपाध्याय स्टेशनर्स एवं जनरल स्टोर 24780 रुपए, मिश्रा टेंट हाउस 13,000 रुपए, ओंकेश सोनी 8480 रुपए, ओंकेश सोनी 21229 रुपए, मिश्रा टेंट हाउस 13,000 रुपए, उपाध्याय स्टेशनर्स एवं जनरल स्टोर्स 24780 रुपए, मुख्यमंत्री समाधान ऑनलाइन 34600 रुपए शामिल हैं।

### बीसीएम एवं प्रभारी बीपीएम के खाते में चार भुगतान

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल के बीसीएम एवं प्रभारी बीपीएम ओंकेश सोनी के व्यक्तिगत बैंक खाते में भी रोगी कल्याण समिति सिहावल के मद से 4 भुगतान किए गए हैं। ओंकेश सोनी के बैंक खाते में 18200 रुपए, 49429 रुपए, 8480 रुपए, 21229 रुपए का भुगतान किया गया है। हैरत की बात तो यह है कि इनके भुगतान के बाउचर में बीएमओ के हस्ताक्षर नहीं हैं। बताया गया है कि 1511234 रुपए के भुगतान में जो कागजात प्रस्तुत किए गए हैं उसमें भी काफी हेराफेरी की गई है। भुगतान राशि एवं नोटशीट में भी जगह-जगह भिन्नता है। भुगतान की गई राशि में कई स्थानों पर सफेदा लगाकर ओव्हर राइटिंग की गई है। ऐसे में स्पष्ट है कि नोटशीट में भुगतान की राशि कुछ लिखी थी बाद में उसमें कूटरचना करके ज्यादा राशि का भुगतान करा लिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल के रोगी कल्याण समिति के खाते से जिस तरह से फर्जी भुगतान करने की होड का मामला सामने आया है उससे आभाष हो रहा है कि यहां काम हो या न हो खाते में मौजूद राशि का ज्यादा से ज्यादा भुगतान सुनिश्चित कराने को ही जिम्मेदार अपना कर्तव्य मान रहे हैं।

## नए वर्ष पर कुलदेवी मंदिर में आयोजित हुआ विशाल भंडारा



**जागरण, मझौली।** नगर क्षेत्र मझौली वार्ड क्रमांक 3 के नया बांध गहरवार परिवार द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी गत वर्ष 2025 के गवन व न्यूतन वर्ष 2026 के आगमन पर 31 दिसंबर दिन बुधवार को क्षेत्र के कुलदेवी मंदिर मां मडफहा आदिशक्ति पीठ के परिसर में अखंड मानस पाठ आयोजित किया जाकर विशाल भंडारा संपन्न कराया गया। जहां हजारों की संख्या में पहुंच क्षेत्रीय लोगों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किये। बताते चलें कि गहरवार परिवार में आज 1 जनवरी को बालक प्रबल प्रताप सिंह बाबू पिता बिपुल सिंह का जन्म हुआ था। जिसका जन्मदिन विगत कई वर्षों से अखंड मानस पाठ आयोजित कर मनाया जाता रहा, इसी कड़ी में इस वर्ष भी पुराने वर्ष 2025 के जाने व नए वर्ष 2026 के आगमन तथा बालक के जन्मदिन के शुभ अवसर पर अखंड मानस पाठ आयोजित कर विशाल भंडारा संपन्न कराया गया। जहां जात-परिवार, नात-रिश्तेदारों के साथ क्षेत्र के सभी जाति धर्म के महिला पुरुष लोग हजारों की संख्या में प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किये। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद अजय प्रताप सिंह दुअरा आपने कई समर्थकों व शुभचिंतकों के साथ पहुंच प्रेम पूर्वक प्रसाद ग्रहण किये।

## जिले के खिलाड़ियों को मिला स्वर्ण एवं रजत पदक



**जागरण, सीधी।** छठवीं 6 राष्ट्रीय स्तर की मार्शलआर्ट बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 29 दिसंबर को खेल एवं युवा कल्याण विभाग उज्जैन के राजमाता विजयाराजे सिंधिया बहुउद्देशीय खेल परिसर में बॉक्सिंग की प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें सीधी जिला बॉक्सिंग संघ सीधी के दो बॉक्सिंग खिलाड़ी समृद्धि चौबे 52 किलोग्राम वर्ग में और प्रवीण साहू 51 किलोग्राम वर्ग में चयन किया गया था जिसमें यह बॉक्सिंग की टीम बॉक्सिंग संघ के सह सचिव संजीव सोधिया के नेतृत्व में टीम उज्जैन के लिए रवाना हुई थी। बतादे की ये दोनों खिलाड़ी 36वी मध्य प्रदेश के जबलपुर में राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त किए थे और अब उज्जैन में नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में समृद्धि चौबे और प्रवीण साहू दोनों होनहार खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। इस 5 नेशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में एक बालिका खिलाड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि एक बालक खिलाड़ी ने कड़े मुकाबलों के बाद रजत पदक अपने नाम किया। बालिका खिलाड़ी ने प्रतियोगिता के सभी मुकाबलों में बेहतरीन तकनीक, तेज फुर्ती और आत्मविश्वास का परिचय दिया।

## भुईमाड़ में आयोजित हुई अखंड दुर्गा चालीसा पाठ



**जागरण, सीधी।** नववर्ष के शुभ अवसर पर जहां समाज के कुछ वर्गों में डीजे और अश्लीलता के माध्यम से उत्सव मनाने की प्रवृत्ति दिखाई देती है, वहीं भगवती मानव कल्याण संगठन ने भक्ति, साधना और सामाजिक शुद्धता का संदेश देते हुए एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। संगठन के तत्वावधान में भुईमाड़ सहित पूरे सीधी जिले में नववर्ष के स्वागत हेतु 5 घंटे एवं 24 घंटे के अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन सैकड़ों स्थानों पर किया गया। यह पावन आयोजन सद्गुरुदेव योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के निर्देशन में संपन्न हुआ। आध्यात्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य समाज को नशामुक्त, मांसाहार रहित, चरित्रवान तथा छुआछूत व जातिभेद से मुक्त बनाने के साथ-साथ स्वच्छ राजनीति और सशक्त मानवता की दिशा में प्रेरित करना रहा।

## कायस्थ महासभा का नववर्ष मिलन कार्यक्रम 4 को

**जागरण, सीधी।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा सीधी के तत्वाधान में चित्रांश वेद प्रकाश श्रीवास्तव सेवा निवृत्त प्राचार्य, महासभा के मार्गदर्शक मण्डल के सदस्य के द्वारा उनके मूड़ी स्थित निवास में 4 जनवरी 2026 रविवार को कायस्थ बन्धुओं के नववर्ष मिलन कार्यक्रम एवं प्रीतिभोज का आयोजन किया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिन 10 बजे से सुन्दर काण्ड पाठ के बाद गीति-संगीत भजन आदि का गायन बच्चों, युवाओं एवं महिला मण्डली द्वारा किया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुये कार्यस्थ महासभा के अध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव एडवोकेट ने समस्त कायस्थ बन्धुओं से आग्रह किया है कि चित्रांश वेद प्रकाश श्रीवास्तव के ग्राम मूड़ी स्थित निवास आयोजित नव वर्ष मिलन समारोह में परिवार सहित निर्धारित समयावधि में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनायें।

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## महेंद्र द्विवेदी को सेवा निवृत्त होने पर दी गई विदाई



**जागरण, मझौली।** तहसीलदार कार्यालय मझौली में पदस्थ महेंद्र कुमार द्विवेदी सहायक ग्रेड 2 आज 31 दिसंबर 2025 को 37 वर्ष की प्रशासनिक सेवा प्रदान कर सेवा निवृत्त हुए। जिन्हें तहसील कार्यालय प्रांगण में तहसीलदार मझौली दिलीप सिंह व नायब तहसीलदार मझौली वेदवती सिंह के विशेष उपस्थिति में विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाकर नम आंखों से विदा किया गया। बताते चले की श्री द्विवेदी 1989 में देवसर तहसील से अपनी सेवा प्रारंभ किए थे जो 2001 तक देवसर तहसील में,2002 से 2015 तक चुरहट तहसील में सेवा प्रदान कर 2016 में मझौली पदस्य किए गए थे। यहां इनका कार्यकाल सराहनी माना जा रहा है। प्रशासनिक दायित्व के साथ ये सामाजिक क्षेत्र में भी 10 वर्ष के कार्य अवधि के दौरान अलग पहचान बनाए हुए थे शायद यही कारण था कि उनके विदाई समारोह के समय अधिकारियों कर्मचारियों के साथ उपस्थित अधिवक्ताओं एवं लोगों की आंखें नम देखी गई। तहसीलदार दिलीप सिंह द्वारा कहां गया कि द्विवेदी जी हमारे कार्यकाल में अल्प समय सेवा प्रदान किया लेकिन इस दौरान देखा गया कि ये अपने कार्य दायित्व के साथ सामाजिकता एवं दया भावना को भी बरकरार रख लोगों से बड़े प्रेम भाव से बातें करते थे। लोग बिना डर भय के आकर अपनी समस्या सुनते थे तथा जानकारी प्राप्त करते थेए लोगों से मिलकर उनको संतुष्ट कर देते थे निश्चय ही ऐसे कर्मचारी के चले जाने से दुख तो होता ही है। पर जो विधि विधान है उसे तो पूर्ण ही किया जाएगा। हम सभी लोगों के तरफसे ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शुभकामनाएं देता हूं बाकी का सुख में जीवन अपने परिवार जनों के साथ व्यतीत करें।

## मतदाता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 22 तक

**जागरण, सीधी।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। आयोग द्वारा संशोधित समय-सारणी के अनुसार मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 23 दिसम्बर को किया जा चुका है। गहन पुनरीक्षण के दौरान जो मतदाता किसी कारणवश उपलब्ध नहीं हो सके थे, उन्हें संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं। ऐसे छूटे हुए मतदाता निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करा सकते हैं।

## पाले से फसलों की सुरक्षा हेतु किसानों को सलाह

**जागरण, सीधी।** जिले में बीते एक सप्ताह से शीत लहर का प्रकोप जारी है। तापमान में लगातार गिरावट तथा आसमान में कोहरा छाए रहने से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। रात्रि का तापमान सामान्य से काफी कम दर्ज किया जा रहा है, जिससे फसलों पर पाले के प्रकोप की आशंका बढ़ गई है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए उप संचालक कृषि ने किसानों को फसलों को पाले से बचाने के लिए आवश्यक सावधानियाँ अपनाने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि तापमान में गिरावट का सर्वाधिक प्रभाव दलहनी, तिलहनी एवं सब्जी वाली फसलों पर पड़ता है तथा इन फसलों में पाले का प्रकोप होने की संभावना अधिक रहती है। किसानों को सलाह दी गई है कि रात्रि में 12 बजे से 2 बजे के बीच खेतों की मेड़ों पर कचरा या सूखी घास जलाकर धुआं करें, जिससे पाले का असर कम किया जा सके। इसके साथ ही फसलों पर 0.1 प्रतिशत सल्फर घोल का छिड़काव करने से भी पाले के दुष्प्रभाव में कमी आती है। उप संचालक कृषि ने यह भी सुझाव दिया है कि पौधशालाओं के पौधों, उद्यानों तथा नगदी सब्जी वाली फसलों को टाट, पॉलिथिन या भूसे से ढककर सुरक्षित रखा जाए, ताकि शीत लहर और पाले से फसलों को नुकसान न हो।

## ई-कृषि यंत्र पोर्टल से मिल रही अनुदान की सुविधा

**जागरण, सीधी।** कृषि को आधुनिक एवं उन्नत बनाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किसानों को निरंतर लाभान्वित किया जा रहा है। खेती से जुड़े आधुनिक उपकरणों की खरीद पर किसानों को उनकी पात्रता के अनुसार ई-कृषि यंत्र पोर्टल के माध्यम से अनुदान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पोर्टल पर पंजीयन कराने के पश्चात किसान ट्रैक्टर, पावर टिलर सहित सभी प्रकार के शक्ति चालित एवं स्वचलित कृषि यंत्रों पर अनुदान का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। ई-कृषि यंत्र पोर्टल के माध्यम से बिजली एवं डीजल से चलने वाले सिंचाई पंप, ड्रिप सिंचाई प्रणाली, स्प्रिंकलर, रेनगन तथा सिंचाई पाइपलाइन पर भी अनुदान की व्यवस्था की गई है, जिससे किसानों को सिंचाई सुविधाओं में सुधार एवं उत्पादन लागत में कमी लाने में सहायता मिल रही है। इस संबंध में उप संचालक कृषि ने जानकारी देते हुए बताया कि ई-कृषि यंत्र पोर्टल पर पंजीयन के लिए किसान के यूआईडीएआई आधार पंजीयन में अधिकृत फिंगरप्रिंट स्कैनर डिवाइस के माध्यम से पंजीयन की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त किसान आधार कार्ड एवं स्वयं की फोटो अपलोड कर भी पोर्टल पर पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन के साथ किसान को निर्धारित प्रपत्र में घोषणा पत्र भी प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह उल्लेख रहेगा कि गत वर्षों में निर्धारित अवधि के भीतर किसान को संबंधित उपकरण पर अनुदान का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है।

## श्रमोदय विद्यालयों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन शुरू

**जागरण, सीधी।** श्रम पदाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सचिव, म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, भोपाल के पत्र दिनांक 23 दिसम्बर 2025 के अनुसार प्रदेश के पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के पुत्र-पुत्रियों के लिए श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल, इंदौर, ग्वालियर एवं जबलपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक विद्यार्थी कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए दिनांक 20 दिसम्बर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा दिनांक 8 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड के पोर्टल से डाउनलोड किए जा सकेंगे। जिले के सभी पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की गई है कि वे अपने पात्र पुत्र-पुत्रियों को इस प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित कराकर म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा संचालित निःशुल्क आवासीय श्रमोदय विद्यालयों में अध्ययन का अवसर प्रदान करें।

# अवैध रेत माफियाओं पर पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक

## सोन नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर रहा टाटा 407 वाहन जब्त

जागरण, सीधी



जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना जमोड़ी पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने सोन नदी से अवैध रेत का उत्खनन कर परिवहन करते हुए एक टाटा 407 वाहन और एक मोटरसाइकिल जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी जमोड़ी उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश त्रिपाठी को दिनांक 1 जनवरी 2026 को रात करीब 2 बजे भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम डेम्हा स्थित सोन नदी घाट से कुछ व्यक्तियों द्वारा टाटा 407 वाहन के माध्यम से बालू का अवैध उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी ने तत्काल टीम गठित की और मौके पर दबिश दी। ग्राम डेम्हा हरिजन बस्ती के समीप सोन नदी घाट पर पुलिस ने ड्रैगन टॉर्च की रोशनी में देखा कि टाटा 407 क्रमांक एमपी 53 जीए 2462 में अवैध बालू लोड की जा चुकी थी। पुलिस टीम को देखते ही आरोपीगण ने वाहन लेकर भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस की घेराबंदी देख वे वाहन को बीच रास्ते में ही छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर फरार हो गए। उक्त कार्रवाई में पुलिस ने घटना स्थल से टाटा 407 एमपी 53 जीए 2462 आधी बॉडी बालू लोड कीमत करीब 1 लाख रुपये, मोटरसाइकिल कीमत करीब 50,000 रुपये, भागे हुए आरोपियों वाहन चालक, वाहन स्वामी एवं मोहित सिंह उर्फ कल्लू के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 303(2), 317(5), 3(5), खान एवं खनिज अधिनियम, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, भारतीय वन अधिनियम एवं एमवी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, सउनि वीरभान, प्रआर गुरु प्रसन्न सिंह, प्रआर चालक अशोक, आरक्षक केपी सिंह और आरक्षक सतीश की सराहनीय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# उमरिहा पंचायत में लाखों का गबन, नहीं हो रही कार्रवाई

## आश्वासन के बाद भी नहीं पहुंची जांच टीम

### ठंडे बस्ते में डाल दिया गया उमरिहा पंचायत का मामला

जागरण, सीधी




जिले के जनपद पंचायत रामपुर नैकिन अंतर्गत ग्राम पंचायत उमरिहा में लाखों रुपए के आहरण का मामला सामने आने के बाद भी कोई कार्रवाई प्रशासनिक तौर पर नहीं की जा रही है। जबकि ग्रामीणों ने कई बार लिखित रूप से शिकायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से पंचायत में हुए अनियमितताओं के बारे में जानकारी दी लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा आश्वासन बस दिया जाता है लेकिन ग्राम पंचायत के दस्तावेज एवं भुगतान की गई राशि की कोई जानकारी नहीं ली जा रही है। दस्तावेजों के अनुसार सरपंच सुशील साकेत एवं सचिव राजेश सिंह द्वारा अन्य सामग्री मद में बार-बार भुगतान दर्शाया गया जबकि मौके पर संबंधित सामग्री अथवा कार्य का कोई स्पष्ट भौतिक प्रमाण नहीं मिला है। ग्रामीणों का आरोप है कि एक ही तरह की सामग्री पर बार-बार भुगतान कर ग्राम पंचायत की राशि का दुरुपयोग किया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि जनपद पंचायत प्रशासन से निष्पक्ष जांच वित्तीय एवं तकनीकि आडिट पर दोषियों के ऊपर कार्रवाई की मांग की गई थी लेकिन जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा मामले को गंभीर बताते हुए जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया था। लेकिन न तो अभी तक कोई जांच टीम गठित की गई है और न ही कोई जांच कर्ता अधिकारी ग्राम पंचायत के दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन करने पहुंचे। ऐसे में ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और इसे प्रभावशाली लोगों के संरक्षण देने के आरोप लगाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो ग्राम पंचायत में आए दिन भारी अनियमितताएं देखने को मिलेंगे। कई ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत की शिकायत लेकर जिला पंचायत में भी दी गई है लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं किया जा रहा है। ऐसे में ग्राम पंचायत उमरिहा के सरपंच एवं सचिव के द्वारा किए गए गबन राशि का कोई रता-पता न लेने से उनका हौंसला बुलंद होता जा रहा है। ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले समय में शासन की आने वाली जन कल्याणकारी योजनाओं का सही हितग्राहियों तक एवं अन्य मदों से भेजी गई राशि का दुरुपयोग किया जाता रहेगा।

## ईवीएम मशीन से आज होगी मतगणना



**जागरण, मझौली।** छुही सरपंच के मृत्यु उपरांत 29 दिसंबर को संपन्न हुए उपचुनाव के मतदान की मतगणना आज तहसील कार्यालय मझौली में सुबह 8 से संपन्न होगी जो 10 तक पूर्ण कर ली जाएगी। बताते चलें कि मध्य प्रदेश सीधी जिले मझौली जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत छुही के सरपंच का अकास्मिक मृत्यु हो जाने पर निर्वाचन आयोग के आदेश पर आज 29 दिसंबर 2025 को सरपंच पद के उप निर्वाचन के लिए शासकीय हाई स्कूल छुही में तीन मतदान केंद्रों में तीन प्रत्याशियों के लिए 2163 मतदाता शायद सरपंच पद के लिए पहली ईवीएम मशीन में आपने मताधिकार का प्रयोग कर प्रत्याशियों की किस्मत कैद हैं, जिनका नशीब आज 2 जनवरी को तीन बीएम मशीनों से निकाली जाएगी।

# नववर्ष पर मंदिरों में पूजा-अर्चना करने लोगों का उमड़ा हुजूम

## प्रसिद्ध मंदिरों में शाम तक लगा रहा तांता

### नव वर्ष के जश्न का युवाओं में दिखा सर्वाधिक उत्साह

जागरण, सीधी



नववर्ष 2026 के प्रथम दिन आज प्रसिद्ध मंदिरों में सुबह से ही लोगों का तांता पूजा-अर्चना के लिए लगा रहा। नववर्ष का शुभारंभ अच्छे से हो इसके लिए लोगों ने दुआएं मांगी। जिला मुख्यालय में राम जानकी मंदिर, पूजा पार्क स्थित श्रीगणेश मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ, सांई मंदिर, फूलमती मंदिर, हनुमान मंदिर बस स्टैण्ड, दुर्गा मंदिर बस स्टैण्ड में पूजा अर्चना के लिए भीड़-भाड़ बनी रही। काफी संख्या में लोग शाम को भी यहां पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। जिला मुख्यालय के समीपी बढ़ौरा शिव मंदिर, बटौली देवी मंदिर, घोघरा मंदिर एवं बरचर आश्रम रामपुर में भी काफी संख्या में श्रद्धालु नववर्ष की खुशियों की मन्नतें मांगने पहुंचे। नववर्ष के आगाज के साथ ही लोगों की धार्मिक भावनाएं खुलकर सामने आई। बढ़ौरा शिव मंदिर में आज सुबह से ही लोगों की तांता पूजा-अर्चना के लिए लगा हुआ था। भक्तों की भीड़ के कारण मंदिर क्षेत्र गुलजार रहा। सीधी जिले के लिए नववर्ष 2026 नई सौगातों से भरा रहे इसको लेकर नववर्ष की शुभकामनाएं देने का दौर भी आज सुबह से ही शुरू रहा। नववर्ष की शुभकामनाएं देने के लिए युवा वर्ग वाटसएप्प एवं फेसबुक पर व्यस्त रहे। वहीं आज युवाओं ने नववर्ष के उपलक्ष्य में जश्न मनाने के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। वहीं राजनैतिक दलों से संबंद्ध कई नेतागणों ने लोगो के बीच पहुंचकर भी नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अपनी उपस्थिती दर्ज कराई। आज नव वर्ष के प्रथम दिन स्कूलों में अवकाश होने के कारण छात्र-छात्राओं द्वारा व्हाट्सएप एवं फोन काल के माध्यम से ही बधाईयां दी गई। वहीं कर्मचारी वर्ग के लोगों ने भी व्हाट्सएप के माध्यम से एक-दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। नव वर्ष पर कुछ लोगों द्वारा अपने घर में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसके चलते देर रात तक नव वर्ष की बधाईयों को बांटने का सिलसिला अनवरत रूप से चलता रहा। नव वर्ष के चलते होटलों में भी पार्टी कार्यक्रम देने का दौर चलता रहा। दोपहर से लेकर देर रात तक नव वर्ष की पार्टियों में लोगों की भीड़भाड़ बडे होटलों में देखनें को मिली। नव वर्ष के उपलक्ष्य में काफी संख्या में लोग जिले से बाहर भी पिकनिक एवं सैर सपाटे के लिए परिवार के साथ तो कुछ मित्रों के साथ गए हुए थे। कुछ लोग मोहनिया टनल एवं मुकुन्दपुर जू सफारी का आनंद लेने के लिए भी गए। कुल मिलाकर नव वर्ष को प्रथम दिन लोग अपने परिवार के साथ अलग-अलग कार्यक्रमों में व्यस्त देखे गए। नव वर्ष को लेकर गरीब से लेकर अमीरों तक में उत्साह नजर आया। सभी अपने स्तर से नव वर्ष की खुशियों को बांटने में लगे हुए थे। साथ ही यह भी अपेक्षा कर रहे थे कि नया वर्ष सभी लोगों के लिए मंगलमय हो। लोगों के जीवन में खुशियों की बहार आए और सभी सपने पूरे हों। नव वर्ष को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह युवाओं एवं बच्चों में देखा गया।

### बरचर आश्रम व अष्टभुजी में भक्तों का तांता

भाग दौड़ और व्यस्त जीवन से कुछ समय निकालकर घर परिवार और दोस्तों के बीच नए साल की शुरुआत नए ढंग से करते हुए इसकी यादों को सहेजने की चाहत हर किसी मे समाई हुई थी। कुसमी क्षेत्र के धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल लोगों की पहली पसंद का स्थान है। नए वर्ष के सूर्य की प्रथम किरणों का स्वागत करने लोगों ने प्रकृति की वादियों एवं धार्मिक स्थलों के बीच बुधवार को अंग्रेजी वर्ष के नया साल 2026 के अवसर पर कुसमी अंचल के प्रमुख धार्मिक स्थलों में भारी भीड़ देखी गयी। सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल बरचर आश्रम के साथ गोतरा में विराजीं अष्ठभुजी माता के दर्शन हेतु मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। वहीं तुर्रानाथ जूरी, कुसमी के बड़वाही, देवरी के बाबाधाम में लोगों ने दर्शन कर लोगों ने नए साल की शुरुआत किये।

# 10 वर्षीय बालक का शिकार करने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद

## वन विभाग की तत्परता से विजयराघवगढ़ अंचल में लौटी राहत की सांस



**जागरण, कटनी।** विजयराघवगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम घुनौर में 10 वर्षीय बालक राज कोल का शिकार करने वाला तेंदुआ आखिरकार वन विभाग की दो दिवसीय कड़ी मशक्कत के बाद पिंजरे में कैद कर लिया गया। तेंदुए के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही घुनौर सहित खिरवा नंबर एक, खलैंधा, खेरवा, पथरहटा, सिंगौड़ी, हथेड़ा समेत आसपास के गांवों में फैली दहशत का माहौल समाप्त हुआ और ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। गौरतलब है कि बीते मंगलवार को ग्राम घुनौर में तेंदुए ने पहले एक गाय का शिकार किया और उसी दौरान खेल रहे 10 वर्षीय राज कोल पर झपट्टा मारते हुए उसे जबड़े में दबाकर जंगल की ओर ले गया था। ग्रामीणों के शोर-शराबे के बावजूद तेंदुआ घने जंगल में ओझल हो गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी तलाश के बाद बालक का शव घनी झाड़ियों से बरामद किया गया। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में भय व्याप्त हो गया था। इसके ठीक अगले दिन खिरवा नंबर एक में भी तेंदुए द्वारा बस्ती में घुसकर गाय के बछड़े का शिकार किए जाने की घटना सामने आई जिससे ग्रामीणों ने बच्चों और परिवारजनों को घरों में ही सुरक्षित रखने का निर्णय लिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ाई और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए। विजयराघवगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी ओम प्रकाश भलावी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने रणनीति के तहत पिंजरे में बकरा छोड़ा। प्रारंभिक प्रयास में तेंदुआ चकमा देकर निकल गया लेकिन गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात किए गए पुनः प्रयास में तेंदुआ पूरी तरह पिंजरे में कैद हो गया। श्री भलावी ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार तेंदुए को मुकुंदपुर सफारी के जंगल में सुरक्षित छोड़ा जाएगा। तेंदुए के पकड़े जाने पर ग्रामीणों ने वन परिक्षेत्र अधिकारी ओम प्रकाश भलावी सहित पूरी वन विभागीय टीम का आभार व्यक्त करते हुए प्रशंसा की और कहा कि समय रहते की गई कार्रवाई से किसी और अनहोनी को टाल दिया गया। यह घटना जहां एक ओर क्षेत्र को झकझोर देने वाली रहीए वहीं दूसरी ओर वन विभाग की तत्परताए समर्पण और मानवीय संवेदनशीलता ने ग्रामीणों का विश्वास कायम किया है।

# तपो भूमि गोदावल धाम में नववर्ष में लगा भक्तों का तांता

## हजारों श्रद्धालुओं ने किया भगवान भोलेनाथ के दर्शन



**ब्योहारी।** पांच किलोमीटर दूर तपो भूमि गोदावल धाम में प्राचीन शिव मंदिर एवं ग्याबदास महाराज की समाधि स्थल है जहां सैकड़ों वर्षों से मकर संक्रांति के पर्व पर सात दिवसीय मेला लगता है जहां दूर-दूर हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं इस धाम के विकास में खुशीराम रघुवंशी समाज सेवी के अथक प्रयास सहयोग से प्राचीन शिव मंदिर का जीर्णोद्धार एवं पृथक से शिव मंदिर एवं दुर्गा मंदिर एवं अन्य कार्य अपने सहयोगियों के साथ मिलकर बहुत सराहनीय कार्य किया गया जिससे आज नववर्ष 2026 को आज हजारों श्रद्धालुओं ने गोदावल धाम पहुंच कर भगवान भोलेनाथ के दर्शन किए इस गोदावल धाम में मेला जैसा माहौल देखने को मिला जहां सैकड़ों दुकानदार अपनी अपनी दुकान लगाकर खूब विक्री की इस मंदिर समिति के व्दारा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया इस धाम में पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद सुरक्षा के इंतजाम किए गए थे।

# बम्हनगवां में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में रुक्मणी विवाह सम्पन्न

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महिला इकाई की रही अहम भूमिका



**कटनी।** विजयराघवगढ़ कैमोर क्षेत्र के ग्राम बम्हनगवां में आयोजित साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा धार्मिक आस्था और भक्ति का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। कथा के पावन अवसर पर श्रद्धालु ज्ञान गंगा में डूबकर धर्मलाभ ले रहे हैं। इसी क्रम में 30 दिसंबर को हजारों भक्तों की उपस्थिति में कथा व्यास पं.अनिल उरमलिया द्वारा भगवान श्रीकृष्ण एवं माता रुक्मणी का दिव्य विवाह श्रद्धा एवं वैदिक विधि विधान के साथ सम्पन्न कराया गया। भगवान का विवाह हिंदू रीति रिवाजों के अनुसार बड़े ही भक्तिभाव और धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालु बराती बने वहीं महिलाओं ने पारंपरिक रूप से बारात का स्वागत किया। बैंड बाजे आतिशबाजी और भक्ति संगीत के बीच श्रद्धालु झूमते नाचते नजर आए। विवाह प्रसंग के दौरान भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मणी के चरणों में श्रद्धा अर्पित की। कथा व्यास पं.अनिल उरमलिया ने रुक्मणी विवाह की कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि रुक्मणी विवाह यह संदेश देता है कि सच्ची भक्ति अटूट विश्वास और धर्म के मार्ग पर चलने से भगवान स्वयं अपने भक्त की रक्षा करते हैं। रुक्मणी जी का श्रीकृष्ण को पति रूप में स्वीकार करना यह दर्शाता है कि आत्मा जब परमात्मा से जुड़ती है तभी जीवन पूर्ण होता है। उन्होंने संगीत के माध्यम से विवाह गीत प्रस्तुत किए जिन पर महिलाएं भावविभोर होकर थिरकती रहीं और संपूर्ण वातावरण भक्ति रस से सराबोर हो गया। इस भव्य आयोजन में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महिला इकाई की भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। कथा की रूपरेखा से लेकर व्यवस्थाओं तक महिला शक्ति ने पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ सहभागिता निभाई। वहीं ग्रामीण उत्सव समिति एवं अन्य धार्मिक सहयोगियों का सहयोग भी उल्लेखनीय रहा। आयोजन समिति ने बताया कि नूतन वर्ष के उपलक्ष्य में पूर्णाहुति ब्राह्मण भोज एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। पूरे क्षेत्र में इस धार्मिक आयोजन को लेकर भक्तिमय वातावरण बना हुआ है और श्रद्धालु श्रीमद् भागवत कथा के अमृतमय रसपान से आत्मिक शांति का अनुभव कर रहे हैं।

# बाल प्रतिभाओं ने बिखेरा हुनर, मिलेनियम स्कूल ब्यौहारी में बाल मेला बना आकर्षण का केंद्र



**बाणसागर/ब्यौहारी।** नगर के मिलेनियम स्कूल ब्यौहारी में 27 दिसंबर 2025 को आयोजित भव्य बाल मेला शिक्षा, संस्कृति और रचनात्मकता का जीवंत संगम बनकर उभरा। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री मान शरद कोल विधायक रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रवि कुमार द्विवेदी, प्राचार्य मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल खड़ौली ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती विभूति तिवारी (प्राचार्य, शासकीय हाई स्कूल भमरहा), बीआरसीसी श्री मनोज केसरवानी, समाजसेवी एवं फिल्म अभिनेता श्री जगतमणि चतुर्वेदी (जबलपुर), कांग्रेस नेता श्री राजभान मिश्र, भाजपा नेता श्री गौरव सिंह गोल्डी एवं भाजपा जिला मंत्री श्री संजय पाठक की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा बच्चों के आत्मविश्वास, अनुशासन और मंचीय प्रस्तुति की खुले मन से सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि बाल मेले जैसे आयोजन बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को मंच देने के साथ-साथ सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार और संस्कृति का समन्वय ही सशक्त समाज की नींव रखता है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का शाल, श्रीफल एवं पुष्पहार से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय परिवार द्वारा किया गया। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

**उद्योग विभाग एवं नगर निगम के दल ने किया औद्योगिक क्षेत्र बरगवां का भ्रमण-**
**कटनी।** स्थानीय उद्योगपतियों की समस्याओं के निदान हेतु संयुक्त निरीक्षक दल द्वारा कटनी के औद्योगिक क्षेत्र बरगवां का भ्रमण किया गया। इस दल में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती ज्योति सिंह चौहान एवं नगर निगम कटनी के प्रतिनिधि मौजूद रहे। भ्रमण के दौरान उद्योगपतियों से उनकी समस्याओं जिसमें औद्योगिक क्षेत्र की साफ सफाई, नाली निर्माण, पुलिया निर्माण, सड़क मरम्मत कार्य एवं स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)**
क्रमांक 664/विशेष विवाह/2025
रीवा, दिनांक 31/12/2025

**इश्तहार**

आवेदक ध्रुवराज प्रसाद बढ़ई पिता श्री रामानंद कारपेंटर उम्र-44 वर्ष निवासी-ग्राम-अमवा, पो.-दुअरा, तहसील-मनगवां, जिला-रीवा (म.प्र.) एवं आवेदिका आंचल विश्वकर्मा पिता श्री राकेश विश्वकर्मा उम्र-20 वर्ष निवासी-ग्राम-गभुआनी, पो.-बगढ़ा, तहसील-सिरमौर, जिला-रीवा (म.प्र.) के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/-रु. चालान प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है।

अत: उक्त विवाह अनुष्ठान के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
पेशी दिनांक-02.02.2026

विवाह अधिकारी
जिला रीवा (म.प्र.)
RN-83705

# जिला पंचायत सीईओ ने बाल गृह के बच्चों के साथ मनाया नया साल



**कटनी।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरसिमरनप्रीत कौर ने आसरा बाल गृह के बच्चों के साथ नव वर्ष मनाया। साथ ही यहां के 7 बच्चों का जन्मदिवस भी केक काटकर मनाया गया। नए वर्ष का पहला दिन आसरा बाल गृह में निवासरत बच्चों के लिए खुशियों भरा रहा। मौका था नूतन वर्ष में आसरा बाल गृह में निवासरत 7 बच्चों सावन, ऋषि, पवन, रघुवीर बर्मन, संजय कुशवाहा, आर्यन एवं शिवम गोस्वामी के जन्मदिन का। जिसे सभी बच्चों ने मिलकर मनाया। जिसमे जिला पंचायत सीईओ और जिला कार्यक्रम अधिकारी वनश्री कुर्वेती शामिल हुईं। इससे बच्चों के जश्न मनाने की खुशी दोगुनी हो गई। जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने बच्चों के साथ संवाद करते हुए उनकी शिक्षा, दिनचर्या, सह पाठ्यक्रम गतिविधियों एवं रुचियों के बारे में चर्चा की। उन्होंने बच्चों से पूछा की आप बड़े होकर क्या बनना चाहते है बच्चों ने उत्साह के साथ बताया कि वे सैनिक एवं पुलिस अधिकारी बनना चाहते है। सुश्री कौर ने बच्चों को बताया कि अपने लक्ष्य को पाने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करें, अच्छा पौष्टिक भोजन ग्रहण करें और स्वस्थ्य दिनचर्या अपनायें। नव वर्ष के उपलक्ष्य में आसरा बाल गृह के बच्चों ने अपने नन्हे हाथों से बनाये रंग बिरंगे ग्रीटिंग कार्ड भी सुश्री कौर को भेंट किये। साथ ही बच्चों ने मोहक नृत्य की प्रस्तुति भी दी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा बच्चों की कला की प्रसंशा की गई और मिष्ठान वितरण भी किया।

# कलेक्टर ने आदतन अपराधी को 6 माह तक पुलिस थाना में उपस्थित होने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने हिरवारा थाना एनकेजे कटनी निवासी सोनू बर्मन पिता काशी प्रसाद बर्मन उम्र 30 वर्ष के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 6 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख को पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। सोनू बर्मन के विरूद्ध वर्ष 2012 से अब तक कुल 12 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें गाली गलौज करना, जातिगत शब्दों से अपमानित करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, जुआं एवं सट्टा खेलने जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा सोनू के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतुए आदतन अपराधी के आचरण व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। सोनू द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री तिवारी ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 6 माह तक पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

## नये साल के पहले दिन शहर मे जमकर मनाया गया जश्न

**कटनी।** जश्न के साथ हुई नये साल 2026 के स्वागत में कटनी के लोग जमकर झूमे। नव वर्ष पर पर्यवरण संधारण समिति एवं जाग्रति संस्था द्वारा जागृति पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया पार्क में हजारों लोगों ने जमकर जश्न मनाया। इस दौरान पार्क में ही पिकनिक केक काटा, झूले, घुड़सवारी का भी दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम में रंगारंग जागृति मेला का भी आयोजन किया गया जिसमें गायक बाशनिक म्यूजिकल ग्रुप व जबलपुर से आयी गायक चंचल ने जमकर समा बंधा गानों की शानदार प्रस्तुति दी गयी जिसमे लोगो जमकर झूमते नजर आये।

# निगम में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर 2 जनवरी को

## पेंशन, ग्रेच्युटी, एरियर, वेतन विसंगति, पारिवारिक पेंशन सहित अन्य लंबित मामलों की होगी सुनवाई

**कटनी।** नगर निगम में वर्तमान में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त हो चुके अधिकारी कर्मचारियों की विभिन्न सेवा संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा एक विशेष पहल करते हुए शुक्रवार 2 जनवरी 2026 को नगर निगम के मेयर इन काउंसिल कक्ष में विशेष शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए है। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने उपायुक्त शैलेष गुप्ता को प्रतिमाह शुक्रवार को शिविर आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण कराने के निर्देश दिए है। उपायुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शिविरों के माध्यम से निगम के अधिकारियों की पेंशन, ग्रेच्युटी, एरियर, वेतन विसंगति, पारिवारिक पेंशन सहित अन्य लंबित कर्मचारियों के प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा। संबंधित शाखाओं के अधिकारियों को शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण करने अथवा निर्धारित समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु बार-बार निगम कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, यह सुनिश्चित किया जाए। शिविरों के आयोजन से पारदर्शिता के साथ समस्याओं का समाधान होगा तथा अधिकारी कर्मचारियों में संतोष एवं विश्वास का वातावरण निर्मित होगा।

**In The Court of I Civil Judge Class-I, District Court, Rewa**
**Presiding Officer : श्रीमती शिवानी शर्मा**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु
**(RCS B /0000030/2025)**
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया.......... वादी
V/S
रश्मि सिंह............ प्रतिवादी
Process Id-/2025
प्रेषिती - पेशी दिनांक :-21/01/2026
(1) रश्मि सिंह पति नारेन्द्र सिंह पता- ग्राम पटना करारी, पो. महमूदपुर, तह. मनगवां, जिला-रीवा (म.प्र.)
(2) नारेन्द्र सिंह पिता रणजीत सिंह पता- ग्राम पटना करारी, पो. महमूदपुर, तह. मनगवां, जिला-रीवा (म.प्र.)
(3) पुष्पराज सिंह पिता रणजीत सिंह पता- ग्राम पटना करारी, पो. महमूदपुर, तह. मनगवां, जिला-रीवा (म.प्र.)

यह कि प्रार्थी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने आपके विरूद्ध आर सीएस बी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 27 दिसम्बर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**कृपया ध्यान दें :-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा। (मोहर)

**न्यायाधीश : - शिवानी शर्मा**
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रीवा (म.प्र)

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**आवश्यकता है**

जी.एस. सिक्यूरिटी सर्विसेज को मुंबई महाराष्ट्र के लिए तत्काल सुरक्षाकर्मी की आवश्यकता है। वेतन 20000 रूपये प्रति माह + P.F. & ESIC + रहने के लिए रूम मिलेगा। योग्यता 10वीं पास, लम्बाई-5 फीट 10 इंच, इच्छुक उम्मीदवार मोबाइल- 8982149857, 8396010263 पर सम्पर्क करें।
RN. GM Sir 7/1

**आवश्यकता है**

कम्प्यूटर ऑपरेटर कर्मचारी/हेल्पर की आवश्यकता है।
8770231515 पर सम्पर्क करें।
R 83128/3/1

**लोन**

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क -
8962086944

# कलेक्टर ने नववर्ष पर ग्राम मोहनिया और शाहपुर में वितरित किया कंबल व ऊनी वस्त्र



**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने नववर्ष पर गुरुवार को ग्राम मोहनिया और दूरस्थ ग्राम शाहपुर पहुंच कर बुजुर्गों, गरीबों एवं जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया। इस दौरान कलेक्टर ने हजारों जरूरतमंदों को दोनों गांवों में ठंड से राहत दिलाने के लिए गर्म कंबलों व ऊनी वस्त्रों का वितरण किया। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर, निगमायुक्त तपस्या परिहार, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कुमार मिश्रा, विंकी सिंहमारे उइके और ज्योति लिल्हारे तहसीलदार अजीत तिवारी, नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह, सीईओ जनपद कटनी प्रदीप सिंह ने भी जरूरतमंदो को गरम कंबल, मफलर और ऊनी टोपी, टी शर्ट, जैकेट, जींस पैंट, लोवर, ट्रेक सूट आदि प्रदान किया। कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि जरूरतमंदों तक मदद पहुंचना अत्यंत महत्वपूर्ण है और समाज के हर व्यक्ति को यथासंभव इसमें सहयोग करना चाहिए। चाहे भले ही एक व्यक्ति को ही अपनी क्षमता और हैसियत के अनुसार ठंडी से बचने के लिए गरम कपड़े या कंबल उपलब्ध करायें। जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना सभी का सामाजिक दायित्व है। सही मायनों में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना ईश्वर की सेवा के समान है। इस दौरान कलेक्टर श्री तिवारी, जिला पंचायत सीईओ और निगमायुक्त ने शाहपुर के शक्तिधाम सेवा आश्रम में पहुंच कर पवनपुत्र भगवान श्री हनुमानजी का दर्शन, पूजन का पुण्य लाभ अर्जित किया। इस दौरान सरपंच पंकज वर्मा भी मौजूद रहे।

**संचालनालय आयुष, म.प्र.**
(भूतल "डी" विंग, सतपुडा भवन, भोपाल-462004)
Email:dirsthapnawayush.mp@mp.gov.in, www.ayush.mp.gov.in
Office (0755)2552830 Fax (0755) 2760225, 2551527
क्रमांक/2025/2-स्थापना/4317-18 भोपाल, दिनांक 31/12/2025

**- केविएट विज्ञप्ति -**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयुर्वेद/ होम्योपैथी/ यूनानी चिकित्सा अधिकारियों के नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जा रहा है।

उक्त विज्ञापन के विरूद्ध यदि किसी व्यक्ति के द्वारा कोई याचिका माननीय न्यायालय मे प्रस्तुत की जाती है तो शासन का पक्ष सुने बिना कोई निर्णय न किये जाने के संबंध मे माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर/ खण्डपीठ ग्वालियर एवं इन्दौर मे केविएट दायर की जा रही है।

आयुक्त द्वारा अनुमोदित

(डॉ. निधि गुप्ता)
प्र.उपसंचालक
संचालनालय आयुष म.प्र.
G-23670/25

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं.: JHS/Commercial/E-Auction/25/162 दिनांक: 30.12.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

| श्रेणी: प्रचार | केटलॉग संख्या: JHS-NFR-MISC-34 |
|---|---|

**एसेट्स डिटेल्स:** E-Auction के माध्यम से मिस्लेनियस स्टेटिक पालिसी के तहत निम्न रेलवे स्टेशनों पर ठेकों का आवंटन:- Relaxation Chair- CKTD,BANDA,MBA • Automatic Vending Machine-VGLJ STN, • Health Kiosk -MBA,BXN, • Contract for installation operation & Maintenance of Plastic Bottle crushing Machine - VGLJ, CKTD,LAR,KURJ,BANDA, • Waste Management of Station VGLJ,ORAI,LAR, CKTD, MBA,MRA,MCSC, • Gaming Zone - MCSC,GWL, • Saloon Services -MBA, • Static General Outlet - MBA,BHIND

**ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय:** दिनांक 16.01.2026 को समय- 12:00 से
**ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय:** दिनांक 16.01.2026 को समय- 15:00 तक

**नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट- www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 2538/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## संक्षिप्त खबरें

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

**भोपाल।** महिला एवं बाल विकास द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों की बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिकाओं के पूर्णतः अस्थाई, मानदेय आधारित एवं मानसेवी रिक्त पदों की पूर्ति के लिए पात्र महिलाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह भर्ती प्रक्रिया वर्ष 2025 (फेज-2) के अंतर्गत की जा रही है। इच्छुक एवं पात्र आवेदिकाएं स्क्कह्लठ्ठद्यह्लठ्ठद्ग द्वारा विकसित चयन पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी। प्रदेश के विभिन्न जिलों में कुल 1,573 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं 3,194 आंगनवाड़ी सहायिका पद, इस प्रकार कुल 4,767 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें दिसंबर 2025 तक के रिक्त पदों के साथ-साथ जनवरी 2026 से जून 2026 तक संभावित रिक्तियाँ भी सम्मिलित हैं। आवेदन की प्रक्रिया 31 दिसंबर 2025 से प्रारंभ होकर 10 जनवरी 2026 तक चलेगी। आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 12 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे, ऑफलाइन आवेदनों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा।

### फर्जी फैकल्टी मिली तो प्रिंसिपल होंगे जिम्मेदार

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश समेत देशभर के 700 से ज्यादा आयुर्वेद, सिद्धा व यूनानी एएसयू मेडिकल कॉलेजों में फर्जी फैकल्टी पायी गई तो भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग सख्त कदम उठायेगा। इस संबंध में आयुष मंत्रालय नई दिल्ली के मेडिकल असिसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड फॉर इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन एनसीआईएसएम के प्रेसीडेंट डॉ मुकुल पटेल ने देशभर के एएसयू मेडिकल कॉलेजों के समस्त प्रिंसिपल, एचओडी को पत्रादेश जारी कर दिया है। आयोग के पत्रानुसार फर्जी फैकल्टी पायी जाती है, तो प्रिंसिपल भी जिम्मेदार रहेगा। लंबे समय से आयोग के संज्ञान में आता रहा है कि आयुष कॉलेजों में फिजिकली अबसेंट पर ऑनपेपर प्रजेंट टीचिंग फैकल्टी व मेडिकल ऑफिसर्स रहते हैं, जिससे विद्यार्थियों का अध्ययन-अध्यापन प्रभावित होता है। आयोग ने तो यहां तक कह दिया है कि जितना भी एकेडमिक स्टॉफ संस्थान में कार्यरत है उनको ऑफीसियल नोटिस बोर्ड में डिस्प्ले करना होगा। प्रदेश में भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, रीवा, बुरहानपुर, इंदौर, देवास के साथ विभिन्न स्थानों में आयुर्वेद के 39, यूनानी के 4 कॉलेज समेत देशभर में 700 से ज्यादा एएसयू मेडिकल कॉलेजों मे लगभग दो लाख छात्र अध्ययनरत हैं।

### एमपी ऑनलाइन करें सफारी के लिए बुकिंग

**जागरण, भोपाल।** वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश के टाइगर रिजर्व में सफारी टिकटों की बुकिंग केवल एमपी ऑनलाइन के माध्यम से ही अधिकृत है। इसके अलावा किसी भी निजी वेबसाइट, मोबाइल ऐप या डिजिटल प्लेटफॉर्म को सफारी बुकिंग की अनुमति नहीं दी गई है। ऐसे किसी भी प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जा रही बुकिंग अवैध है। विभाग ने पर्यटकों से अपील की है कि वे धोखाधड़ी से बचने के लिए सतर्क रहें। विभाग की अपील है कि यदि किसी पर्यटक ने इन अनधिकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सफारी बुक कराई है और वह धोखाधड़ी का शिकार हुआ है, इससे किसी प्रकार का नुकसान हुआ है अथवा बुकिंग संबंधी कोई अन्य शिकायत है, तो वह तत्काल संबंधित कार्यालय को इसकी सूचना दे। शिकायतों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के लिये राज्य साइबर पुलिस सेल को भेजा जाएगा। विभाग इस प्रकार की अनियमित और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए तत्पर है।

# रामनिवास पर सीताराम की नाराजगी, उपचुनाव में हार का असर

## खींचतान जारी: मंत्री पद भी नहीं दिला पा रहा सम्मान, हारे हुए रावत हर जगह हो रहे आगे

**जागरण, भोपाल।** कांग्रेस से आए नेताओं को भाजपा भले ही अंतर्मन से स्वीकार कर सत्ता से संगठन तक रचाने-बसाने में जुटी है, लेकिन मैदान में खींचतान रुकने का नाम नहीं ले पा रही है। सागर में पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह और कांग्रेस से आए गोविंद सिंह राजपूत के बीच पटरी बैठाने में संगठन अभी सफल भी नहीं हो सका था कि अब श्योपुर से खींचतान सामने आ गई है। पार्टी के पुराने नेता सीताराम आदिवासी अभी तक पूर्व मंत्री रामनिवास रावत से सामंजस्य नहीं बैठा पा रहे हैं। अब तो सीताराम को रामनिवास के कारण अपनी ही पार्टी की सरकार में खुद को बेगाना मानने लगे हैं। अब जिले में ही तवज्जो न मिलने से उनकी पीड़ा और बढ़ गई है। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए रामनिवास रावत को भाजपा ने वन मंत्री बनाने के बाद विजयपुर से उपचुनाव लड़ाया था, लेकिन वे हार गए। इसके चलते उनका मंत्री पद भी चला गया। मगर उनका रुतबा और रौब अभी भी हर जगह कायम है। सत्ता और संगठन में उन्हें भरपूर महत्व मिल रहा है। भाजपा के पुराने नेता मध्यप्रदेश सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सीताराम आदिवासी पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। उनका यह दर्द नए साल की पूर्व संध्या पर सामने भी आ गया। सीताराम का कहना है कि मैं वर्तमान में मंत्री हूं। इसके बावजूद न तो बैठकों में बुलाया जा रहा और न ही कोई सम्मान दिया जा रहा है। जबकि रावत को हर स्तर पर तवज्जो मिल रही है। अपना दर्द मीडिया को दिखाते हुए सीताराम ने कहाकि हाल ही में जिले में हुई बैठक में उन्हें आमंत्रित तक नहीं किया गया। पिछली बैठक में वे पहुंच गए थे तो वहां भी उनका कोई सम्मान नहीं हुआ। सीताराम की तकलीफ यह है कि रामनिवास वर्तमान में न तो विधायक हैं और न सांसद। पार्टी में भी कोई पद नहीं है, बावजूद इसके मुख्यमंत्री, मंत्री, कमिश्नर कलेक्टर सभी उन्हीं को महत्व देते हैं। उनके बताए काम भी तत्काल होते हैं। मगर मैं आदिवासियों से जुड़े काम लेकर जाता हूं तो कोई ध्यान नहीं देता।





### रामनिवास को बगल में बैठाते हैं कलेक्टर

सीताराम का दुख यह भी है कि बैठकों में कलेक्टर भी उनको सम्मान नहीं देते, लेकिन रामनिवास को बैठाया अपने बगल में बैठाते हैं। जबकि प्रोटोकॉल में मैं मंत्री होने नाते बड़ा हूं। जिला पंचायत अध्यक्ष और वर्तमान मंत्री को वह स्थान मिलना चाहिए था। हालत तो यह हो गई है कि प्रभारी मंत्री भी रावत को ही महत्व देते हैं। रामनिवास की हर बात सुनी जाती है। मुझ पर कोई ध्यान ही नहीं देता।

### सांसद को रावत नहीं, मैंने जिताया

उपेक्षा से नाराज सीताराम यह कहने से नहीं चूके कि लोस चुनाव में पार्टी को रामनिवास ने नहीं, बल्कि उनके क्षेत्र के आदिवासियों ने जिताया है। रावत समाज के 10-15 हजार वोटों से चुनाव नहीं जीता जा सकता। जिले के आदिवासी मतदाताओं ने एकजुट होकर मतदान किया था। इसके बावजूद मुख्यमंत्री बार-बार रामनिवास को श्रेय दे रहे हैं।

### आदिवासियों की भी उपेक्षा के आरोप

पूर्व विधायक सीताराम आदिवासी ने रघुनाथपुर और भमपुरा क्षेत्र का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि आदिवासी इलाकों में सोलर पंप और सोलर प्लांट के नाम पर आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है। सीताराम ने कहा कि जिन जमीनों पर सोलर प्लांट लगाने की कोशिश हो रही है, वहां आदिवासी वर्षों से खेती कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर आदिवासियों की जमीन पर ही क्यों परियोजनाएं थोपी जा रही हैं, क्या और कहीं जमीन नहीं है? सहरिया जनजाति के विकास की राशि भी कम होती जा रही है। इससे नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### सत्ता-संगठन इसलिए नाराज

चंबल अंचल की विजयपुर, जौरा और बमोरी जैसी 10-15 विधानसभा सीटें आदिवासी वोटों से ही तय होती हैं। सीतारात क्षेत्र का बड़ा चेहरा रहे हैं, लेकिन जब सीताराम को टिकट नहीं दिया गया, तो आदिवासी नाराज हो गए और भाजपा यहां बुरी तरह हार गई। उपचुनाव में पार्टी ने रावत और सीताराम को बैठकार सामंजस्य बनाने की पुरजोर कोशिश की थी, लेकिन रावत की हार ठीकरा पूरी तरह से सीताराम के सिर फूटा। जबकि सीताराम का कहना है कि उन्होंने पूरी ताकत लगाई। मुख्यमंत्री ने भी लगातार दौरे किए। सीताराम इस हार को रावत के कर्म से जोड़ते हुए कहते हैं कि जिसके कर्म ही खराब हों, तो दूसरा क्या कर सकता है। उनके भाजपा में आने से जिले का माहौल ही बिगड़ गया है।

### सागर में भी है खींचतान

इसी तरह की खींचतान सागर जिले में भी बनी हुई है। कांग्रेस से भाजपा में आए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत और पूर्व मंत्री व खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह के बीच तनातनी कम नहीं हो पा रही है। हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने सागर दौरे के बीच दोनों को साथ बैठाया था। प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी दोनों के बीच सुलह कराने की कोशिश में जुटे हैं। वे भी मानते हैं इन दोनों के बीच की तनातनी पार्टी के लिए अच्छी नहीं है। यही स्थिति अब विजयपुर में बनने से पार्टी को नुकसान उठाना पड़ सकता है। मालवा और महाकौशल में भी पुराने भाजपा नेता व कार्यकर्ता अभी तक कांग्रेस से आए नेताओं को दिल से नहीं अपना सके हैं।




# इंदौर में दूषित पानी से हुई मौत के मामले में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**भोपाल।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दो दिन पूर्व दूषित जल पीने से 8 नागरिकों की मृत्यु एवं 100 से अधिक लोगों के गंभीर रूप से बीमार होने की अत्यंत दुखद घटना के विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी, भोपाल शहर द्वारा बरखेड़ा स्थित विजय मार्केट के सामने जोरदार विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में प्रवीण सक्सेना, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, भोपाल शहर स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इंदौर में नगर निगम, महापौर, पार्षद एवं सांसद-सभी पदों पर भाजपा के जनप्रतिनिधि होने के बावजूद पेयजल एवं स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह विफल रही है। प्रशासन द्वारा पीड़ितों के इलाज को निःशुल्क किए जाने की घोषणा के बावजूद दो दिन बीत जाने के बाद भी मरीजों और उनके परिजनों से इलाज के नाम पर पैसे वसूले जा रहे हैं, जो अत्यंत निंदनीय एवं अमानवीय है। सक्सेना ने कहा कि यह हादसा केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और जनस्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ का परिणाम है। कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने, दोषियों पर सख्त कार्रवाई कराने तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने तक संघर्ष करती रहेगी। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व उप ब्लॉक अध्यक्ष दीपक गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रवीण सक्सेना, अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, भोपाल शहर, पी.सी. शर्मा, जे.पी. धनोपिया, संतोष कंसाना, राजकुमार सिंह, टी.आर. गहलोत, सुशील प्रजापति, सतीश कनौजिया, ललित प्रजापति, जितेंद्र मिश्रा एवं मुजाहिद सिद्दीकी सहित कांग्रेस के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## इंदौर घटना के बाद जागी नगर सरकार, पेयजल लाइनों और ओवर हैड टैंकों की होगी जांच

# भोपाल में कहीं नालों में पेयजल लाइनें तो कहीं बिल्डर खुले में छोड़ रहे सीवेज

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** इंदौर में दूषित पेयजल पीने से हुई 9 लोगों की मौत के बाद भोपाल में भी नगर निगम प्रशासन अलर्ट पर है। बुधवार को महापौर मालती राय ने नगर निगम के सभी इंजीनियरों को पेयजल पाइप लाइन सहित ओवर हेड टैंक और पेयजल सप्लाई से जुड़े अन्य हिस्सों का निरीक्षण कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए हैं, लेकिन असल में पुराने भोपाल के शाहजहांनाबाद, जहांगीराबाद, ऐशबाग सहित कई अन्य स्थानों पर पेयजल पाइप लाइन लंबे समय से सीवेज नेटवर्क से होकर गुजर रही हैं। दुरुस्त न होने के कारण पाइप लाइन कई जगह से जर्जर हो चुकी हैं, जिसके चलते अक्सर सीवेज का पानी इन पाइप लाइनों के जरिए लोगों के घरों तक पहुंच जाता है, जिससे लोग बीमार हो जाते हैं। दूषित पेयजल की सप्लाई ज्यादातर उन क्षेत्रों में है, जहां बड़े तालाब का पानी सप्लाई किया जाता है। बता दें कि 2013 से 2018 के बीच कंपट्रोलर ऑफ ऑडिट जनरल ऑफ इंडिया (कैग) की एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि राजधानी भोपाल की एक तिहाई आबादी फीकल कॉलिफॉर्म बैक्टीरिया युक्त पानी पी रही है। यह बैक्टीरिया मानव मल में पाया जाता है। यानि पाइप लाइनें नालों, सीवेज नेटवर्क के पास से होकर गुजरती हैं, जिससे गंदा पानी लोगों के घरों तक पहुंचता है। जिससे लोगों को अक्सर डायरिया सहित पेट की तकलीफ होती है और लगातार इस पानी का सेवन करने से पेट की गंभीर बीमारियां हो सकती हैं, जो मौत का कारण बनती हैं।




### नए भोपाल में भी नहीं हो रहा नियमों का पालन

नए भोपाल में विकसित कई अपार्टमेंट और कालोनियों द्वारा अपनी सीवेज लाइनें खुले में या नालों में छोड़ दी गई हैं। इन अपार्टमेंट और कालोनियों के डेवलपर ने नियमों को ठेंगा दिखाते हुए न तो एसटीपी लगाए और न ही सीवेज को सुरक्षित बाहर छोड़ने के लिए सीवेज लाइनें डाली हैं। अक्सर नर्मदापुरम रोड, अयोध्या बायपास, जेके रोड, कोलार, चूना भट्टी, बावड़िया कलां और अन्य पॉश इलाकों के रहवासी घर के सामने सीवेज भरे होने की शिकायत करते रहते हैं। ऐसे में यदि लंबे समय तक इस दूषित पानी का सेवन किया जाए, तो आंतों की गंभीर बीमारियां भी व्यक्ति को अपनी चपेट में ले सकती हैं।

> लोगों को साफ व स्वच्छ पेयजल मिले इसके लिए निगम प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। जहां भी कमियां मिलती हैं, उन्हें दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाता है।
>
> ■ **मालती राय**, महापौर भोपाल

### पाइप लाइनों के अलावा भूजल को भी प्रदूषित होने से बचाएं

इंदौर घटना के बाद भले ही निगम प्रशासन जाग गया हो और शहर के सभी इंजीनियरों को पेयजल पाइप लाइनों की निगरानी के आदेश जारी किए गए हों, लेकिन शहर के भूजल को साफ बनाए रखने की जिम्मेदारी भी निगम की है। नर्मदापुरम रोड स्थित रामेश्वरम और अरविंद विहार के पास कई जगहों पर डेवलपर ने सीवेज खुले में छोड़ा हुआ है। यही स्थिति जाटखेड़ी की भी है। डेवलपर निगम के अधिकारियों से सांठगांठ कर नियमों को तोड़ते हैं। जिसका खामियाजा शहर वासी भुगतते हैं। साथ ही शहर में नालों में सीधे छोड़ा जा रहा सीवेज भी भूजल को प्रदूषित करता है, क्योंकि ज्यादातर जगहों पर नाले चैनलाइस नहीं हैं, जिससे सीवेज रिसकर भूजल में मिलता है और भूजल प्रदूषित होता है।

### पेयजल लाइनों के निरीक्षण के आदेश जारी

इंदौर घटना के बाद महापौर मालती राय ने शहर की जलप्रदाय व्यवस्था में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए हैं। निगम कमिश्नर संस्कृति जैन को महापौर ने कहा है कि नगर निगम भोपाल के वाटर सप्लाई डिपार्टमेंट के सभी सहायक यंत्री, उपयंत्री, सुपरवाइजर अपने अपने क्षेत्रों में विद्यमान वाटर सप्लाई पाइप लाइन का नियमित निरीक्षण करें।

# शहर के साथ गांव-गांव में मिलेगी सुगम परिवहन सेवा

**जागरण, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नव वर्ष में शीघ्र ही प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके तहत प्रदेश में सरकारी बसों का संचालन होगा, जिससे गांव-गांव तक सस्ती और सुविधाजनक बस सेवा नागरिकों को मिलेगी। इसके साथ ही शहरी क्षेत्रों में लग्जरी बसे भी चलाई जायेंगी। प्रदेश में नगर वाहन सेवा सहित अंतर्शहरी बस सेवा को सुगम बनाने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट मीटिंग में मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा को प्रारंभ करने की स्वीकृति दी जा चुकी है। यात्री परिवहन सेवा प्रारंभ करने के लिये 101 करो? 20 लाख रूपये की अंशपूंजी के रूप में स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। वर्तमान में मध्यप्रदेश के 20 शहरों में सार्वजनिक परिवहन के लिये कंपनी एक्ट के तहत स्क्कङ्क्षह्य गठित हैं, जिसमें से 16 कार्यरत हैं। उक्त समस्त कंपनियों के साथ संभागीय कंपनी के रूप में मर्ज किये जाने का भी निर्णय लिया गया है।

**राज्य स्तर पर होल्डिंग कंपनी का गठन:** प्रदेश में परिवहन व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिये 7 कंपनियों के एकीक्रत नियंत्रण के लिये राज्य स्तर पर कंपनीज एक्ट 2013 के तहत एक होल्डिंग कंपनी का गठन करने का भी निर्णय लिया गया है। कैबिनेट मीटिंग में जिला स्तरीय यात्री परिवहन समिति के गठन की भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

### पीपीपी मोड पर होगा काम

बस परिवहन अधोसंरचना के तहत पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) प्रक्रिया से उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं मापदंडों का यात्री एवं बस ऑपरेटर के लिये सुविधाओं का निर्माण किया जायेगा। बस संचालन एवं संधारण के लिये पीपीपी मोड प्रक्रिया से, निजी बस ऑपरेटर्स को संगठित रूप से एक पारदर्शी प्रक्रिया के तहत संचालित किया जायेगा। निगरानी के लिये टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन की स्थापना करते हुए बस ऑपरेशन्स पर प्रभावी निगरानी रखी जायेगी। होल्डिंग कंपनी द्वारा एक कुशल आईटी प्लेटफार्म स्थापित करते हुए उस पर नोटिफाइड रूट अनुसार निजी बस ऑपरेटर्स को अनुबंधित किया जायेगा।

# गिरवी रखे मकान पर बिना अनुमति इमारत बनाकर बेचे फ्लैट

## ईओडब्ल्यू ने 13 साल बाद आरोपी के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मकान के लिए लोन हासिल कर एक शातिर ने बैंक और खरीदारों दोनों के साथ लाखों की धोखाधड़ी कर दी। इस मामले में एक दशक से जारी शिकायतों के बाद आखिरकार इस फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ कर आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने उज्जैन निवासी विजय जैन के खिलाफ धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कर ली है। इस पूरे खेल में न केवल बैंक को लाखों रुपये की चपत लगाई गई, बल्कि आठ परिवारों को भी अंधेरे में रखकर विवादित प्रॉपर्टी थमा दी गई। मामला उज्जैन के मुनिनगर स्थित हाउसिंग बोर्ड का है। विजय जैन ने 2012 में इस कॉलोनी में दो भवन खरीदे थे। इनमें से एक पर उसने तत्कालीन स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एवं जयपुर (अब एसबीआई) से 15 लाख का होम लोन लिया था। बैंक के दस्तावेजों में संपत्ति गिरवी थी, लेकिन विजय ने बिना हाउसिंग बोर्ड की अनुमति के उन दोनों भवनों को गिराकर अवैध रूप से बिल्डिंग तान दी।

**8 लाख की स्टांप ड्यूटी चोरी**

ईओडब्ल्यू की जबलपुर विंग ने जमीन की रजिस्ट्री और सरकारी राजस्व में धोखाधड़ी के दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मोहम्मद आसिफ और रूपेश ने अधारतालमें स्वर्गीय मोहनलाल यादव से 0.257 हेक्टेयर जमीन का सौदा 1 करोड़ 3 लाख 84 हजार में किया था।

### बैंक के तत्कालीन अफसर भी रडार पर

विजय जैन ने बैंक को भनक लगे बिना इस बिल्डिंग में बनाए गए आठ फ्लैट्स आम लोगों को बेच दिए। उसने खरीदारों को झांसे में रखने के लिए उसने रजिस्ट्रियों में झूठ लिखा गया कि यह संपत्ति बंधक नहीं है। बैंक में ब्याज समेत लोन की रकम 32 लाख हो गई और इसे जमा न करने पर विजय का खाता एनपीए हुआ, तब इस घोटाले का खुलासा हुआ। ईओडब्ल्यू उज्जैन की जांच में पाया गया कि विजय जैन ने अपनी तिजोरी भरने के लिए न केवल बैंक के साथ धोखाधड़ी की, बल्कि उन आठ लोगों की जीवनभर की कमाई भी हड़प ली जिन्होंने वहां फ्लैट खरीदे थे। फिलहाल ईओडब्ल्यू ने धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। ईओडब्ल्यू का संदेह अब बैंक के उन तत्कालीन अधिकारियों पर भी है, जिनके कार्यकाल के दौरान इतना बड़ा निर्माण और फर्जीवाड़ा किया गया। उम्मीद जताई जा रही है कि इस मामले में जल्द ही अन्य आरोपियों के खिलाफ भी एफआईआर की जा सकती है।

**परेशानी** — आंगनवाड़ियों की निगरानी करने के लिए विभाग कर रहा सिस्टम तैयार

# किराये के भवनों में चल रहीं 25 फीसदी आंगनवाड़ी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** सूबे की 25 फीसदी से ज्यादा आंगनबाड़ी केंद्र किराए के भवन में चल रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने 25 हजार 239 नये आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इसके तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक हर साल तीन हजार नये आंगनवाड़ी भवनों का निर्माण किया जाएगा। हर आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण करने में करीब दस लाख रुपए वहन होंगे। आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण करने कैबिनेट में निर्णय लिया जाएगा। प्रदेश में 97 हजार 791 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। इनमें से करीब 85 हजार आंगनबाड़ी और 12 हजार 670 मिनी आंगनबाड़ी केंद्र शामिल हैं। 26 हजार 583 आगनवाड़ी केंद्र किराए के भवनों में चल रहे हैं। इसमें 14 हजार 649 ग्रामीण और 11 हजार 934 शहरी क्षेत्र में स्थित हैं। ग्रामीण और छोटे शहरों में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति काफी खराब बनी हुई। प्रदेश के बड़े बड़े शहरों की स्थिति भी ज्यादा अच्छी नहीं कही जा सकती है। भोपाल में एक हजार 872 आंगनबाड़ी केंद्र हैं। इनमें से 900 से ज्यादा केंद्र किराये के भवनों में चल रहे हैं। इंदौर और ग्वालियर जिले में भी पचास फीसदी आंगनबाड़ी केंद्र किराये के भवनों में चल हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि किराये भवन में चलने वाले आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं हैं। यहां बच्चों को बैठने के लिए कोई उचित व्यवस्था तक नहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्र में अधिकतर किराये के भवनों की स्थिति ठीक नहीं है। इसे देखते हुए विभाग ने नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण की योजना की तैयार की है। कई आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों की स्थिति ठीक नहीं है। उनके भवन मरम्मत की मांग कर रहे हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि एक साथ सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण करना मुश्किल है। उन्हें एक-एक कर ही तैयार किया जा सकता है। वर्तमान में जो आंगनबाड़ी केंद्र चल रहे हैं। उनकी निगरानी करने विभाग ट्रैकिंग सिस्टम तैयार कर रहा है। इससे पता चल सकेगा कि आंगनबाड़ी केंद्र एक माह में कितने दिन खुली और कितने दिनों तक बंद रहीं।



### बैठक में आए चौकाने वाले आंकड़े

महिला-बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने विभागीय समीक्षा बैठक ली थी। इसमें अधिकारियों ने नये आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की। आयुक्त महिला-बाल विकास निधि निवेदिता ने बैठक में बताया कि वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र के 14 हजार 649 आंगनबाड़ी केंद्र और शहरी क्षेत्र में 11 हजार 934 आंगनबाड़ी केंद्र किराये के भवनों में चल रही हैं। पीएम जनजातीय न्याय महाअभियान के तहत 605 आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन शुरू किया गया है और 217 भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि 11 हजार 786 आंगनबाड़ी केंद्रों को सरकारी भवनों में स्थानांतरित किया गया है और 21 हजार 954 एक कमरे वाले केंद्रों को सुविधायुक्त भवनों में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया चलन में बनी हुई है। पांच साल में हर साल सात हजार 500 केंद्रों को बिजली कनेक्शन देने की टारगेट रखा गया है। इससे उक्त केंद्रों को बिजली की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

### सूबे में आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति

आंगनवाड़ी केंद्र
**97 हजार 791**

किराये की आंगनवाड़ी
**26 हजार 583**

आंगनवाड़ी को मिलेगा बिजली कनेक्शन
**37 हजार 500**

मिलेंगे नये भवन
**25 हजार 239**

> प्रदेश के एक हजार 765 आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन स्वीकृत किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आंगनबाडियों को प्राथमिता देने की कार्रवाई शुरु की है।
>
> ■ **निर्मला भूरिया**, मंत्री, महिला बाल विकास विभाग

# पंकज श्रीवास्तव को सीआईडी का अतिरिक्त प्रभार

# राप्रसे के 29 अफसरों को प्रवर श्रेणी वेतनमान

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** स्पेशल डीजी पवन श्रीवास्तव के रिटायर होने के बाद इस पद का अतिरिक्त प्रभार स्पेशल डीजी एंटी नक्सल एवं एसटीएफ पंकज श्रीवास्तव को सौंपा गया है। पवन श्रीवास्तव बुधवार को सेवानिवृत्त हुए। इस अहम पद के लिए कई अधिकारियों का नाम रेस में शामिल था लेकिन राच्य सरकार ने प्रदेश से नक्सलियों के सफाए की उपलब्धि को तीन माह पहले ही हासिल करने वाले पंकज श्रीवास्तव को इस पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने का निर्णय लिया। इससे पहले बुधवार को रिटायर हुए पवन श्रीवास्तव को पीएचक्यू में भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान पीएचक्यू को पहले और दूसरे तल को फूलों से सजाया गया और वहां रंगोली भी बनाई गई। उन्हें रात में पुलिस ऑफिसर्स मेस में विदाई पार्टी दी गई, जिसमें डीजीपी समेत सभी आला पुलिस अधिकारी शामिल रहे।



### एसएएस के 29 अफसरों का बढ़ेगा वेतन

राच्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने बुधवार को ही राच्य प्रशासनिक सेवा के 29 अफसरों को वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान से प्रवर श्रेणी वेतनमान में प्रमोट किया है। इनमें संयुक्त कलेक्टर स्तर के अधिकारी शामिल हैं। जारी सूची के अनुसार मणिंद्र कुमार सिंह, राजन बी नाडिया, महेश कुमार बमन्हा, क्षितिज शर्मा, संजू कुमारी, बलवीर रमन, अखिलेश कुमार सिंह, राजेश कुमार शुक्ला, शैलेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह कुशवाह, गोपाल सिंह वर्मा, नीरज शर्मा, रविशंकर राय, बृजेंद्र कुमार रावत, लक्ष्मीकांत खरे, मकसूद अहमद, बृजेश सक्सेना, विनय द्विवेदी, हुनेंद्र घोरमारे, मायाराम कौल, हेमलता सोलंकी, च्योति भालवे, दिनेश सिंह तोमर, वीरेंद्र सिंह दांगी, अयोध्या प्रसाद द्विवेदी, राजेश कुमार यादव, जमील खान, ममता खेड़े, विनीत तिवारी को एक जनवरी से प्रवर श्रेणी वेतनमान में प्रमोट किया जाएगा।

# नववर्ष 2026 में माँ नर्मदा को स्वच्छ रखने की नई शुरुआत, गंदे नालों पर लगेगा अंकुश



### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई प्रेस वार्ता

**जागरण डिंडोरी।** आज गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस वार्ता में माँ नर्मदा के उद्गम पश्चात प्रथम प्रवेश नगर डिण्डौरी में नगरीय क्षेत्र से नर्मदा नदी में मिल रहे गंदे नालों को रोकने की दिशा में शासन द्वारा की गई महत्वपूर्ण एवं बहुप्रतीक्षित पहल की जानकारी दी गई। इस समस्या को लेकर श्रद्धालुओं, नर्मदा परिक्रमावासियों, जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों में लंबे समय से आक्रोश एवं चिंता व्याप्त थी। इस गंभीर विषय को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं प्रमुख अभियंता एम.पी.यू.डी.सी., भोपाल को बार-बार नगर की समस्याओं से अवगत कराया गया। साथ ही ए.सी.एस. महोदय को डी.ओ. पत्र के माध्यम से भी इस विषय की विस्तृत जानकारी प्रेषित की गई।

शासन द्वारा समस्या को विशेष संज्ञान में लेते हुए 1 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से परियोजना स्वीकृत की गई है। परियोजना के अंतर्गत माँ नर्मदा के प्रवाह मार्ग के बाएँ तट से मिलने वाले कुल 07 नालों को रोके जाने का कार्य किया जाएगा। इनमें चन्द्रविजय कॉलेज, ईमलीकुटी, रेहली मोहल्ला, गायत्री मंदिर, नर्मदा पुल, नर्मदा पुल एवं मंदिर के मध्य स्थित नाला तथा श्मशान घाट के पास स्थित नाला शामिल हैं। परियोजना के अंतर्गत नालों पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जाएगा। साथ ही चन्द्रविजय कॉलेज एवं श्मशान घाट के पास लिफ्टिंग पम्पिंग स्टेशन का निर्माण कर नालों के पानी को सीवर लाइन से जोड़ते हुए आर.टी.ओ. कार्यालय के पास पूर्व से संचालित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में भेजा जाएगा। शुद्ध किए गए पानी का उपयोग खेती-बाड़ी एवं अन्य व्यावसायिक कार्यों में किया जा सकेगा। 07 नालों में से 02 नालों में लिफ्टिंग पम्पिंग सिस्टम तथा 05 नालों में ग्रेविटी आधारित प्रणाली से कार्य किया जाएगा। स्वीकृत परियोजना के अंतर्गत नववर्ष के प्रारंभ से ही मेसर्स जे.एम. रमानी एण्ड कम्पनी द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। आवश्यक मशीनें कार्यस्थल पर पहुँच चुकी हैं। परियोजना को 03 माह में पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नर्मदा जयंती के पूर्व प्रथम चरण में 03 नालों को नर्मदा नदी में मिलने से रोकने का प्रयास किया जाएगा। प्रेस वार्ता में कलेक्टर ने बताया कि आगामी समय में नर्मदा के प्रवाह मार्ग के दाएँ तट के लिए भी प्रमुख सचिव महोदय से चर्चा उपरांत कार्ययोजना स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ कराया जाएगा। माँ नर्मदा हमारे लिए आस्था और जीवन दोनों का आधार हैं प्रेस वार्ता में कलेक्टर ने कहा कि जनसहयोग से ही नगर का समग्र विकास संभव है तथा वर्ष 2026 में डिण्डौरी को स्वच्छ, साफ-सुथरा एवं पर्यावरण-अनुकूल नगर बनाने के लिए प्रशासन निरंतर प्रयासरत रहेगा। प्रेस वार्ता में सीएमओ श्री अमित तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी श्री चेतराम अहिरवार और समस्त पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# जिला आयुष अधिकारी और क्लर्क 5 हजार रुपये रिश्वत लेते लोकायुक्त के हत्थे चढ़े



**छतरपुर।** नए साल की शुरुआत में ही भ्रष्टाचार पर बड़ी कार्रवाई। सागर लोकायुक्त की 10 सदस्यीय टीम ने जिला आयुष अधिकारी डॉ. निर्मला कुशवाहा और सहायक ग्रेड-2 बाबू आनंद साहू को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा।

कार्रवाई चपरासी अभिनाश चंद्र मिश्रा की शिकायत पर हुई। मिश्रा ने बताया कि उन्होंने 27 दिसंबर को 20 दिन की छुट्टी का आवेदन दिया था। छुट्टी बिताने के बाद लौटने पर अवकाश स्वीकृत नहीं किया गया और वेतन रोक दिया गया। वेतन और अवकाश स्वीकृति के बदले डॉ. कुशवाहा और आनंद साहू ने 5 हजार रुपये की मांग की।

शिकायत मिलने पर लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक सागर ने सत्यापन कराया, जिसमें मांग साबित हुई। आज टीम ने ट्रैप लगाकर दोनों को रंगे हाथों पकड़ा। लोकायुक्त निरीक्षक कमल सिंह ने कार्रवाई की पुष्टि की।

हालांकि डॉ. निर्मला कुशवाहा ने आरोपों से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि अभिनाश मिश्रा पिछले डेढ़ महीने से गायब हैं और जुआ खेलने का पुराना रिकॉर्ड है। मिश्रा ने जबरन उनके बैग में पैसे डाले और भाग गए। मिश्रा का रिकॉर्ड खराब है, वे दस्तखत कर पूरे दिन गायब रहते हैं। इस संबंध में संभागीय अधिकारी से दो शिकायतें भी की गई हैं। कुशवाहा का दावा है कि मिश्रा ने अपनी अनुपस्थिति की वेतन कटौती से बचने के लिए उन्हें फंसाया। मामले की जांच जारी है।

# यातायात पुलिस ने बुलेट के साइलेंसरों पर चलवाया लोडर, 47 पर हुई कार्रवाई



**छतरपुर।** नव वर्ष की शुरुआत में शहर की शांति व्यवस्था बनाए रखने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा गुरुवार को विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने चलाए गए इस अभियान में तेज आवाज करने वाले बुलेट वाहनों के साइलेंसरों पर लोडर चलवाकर उन्हें निष्क्रिय किया गया। इस दौरान कुल 47 बुलेट वाहनों के अवैध और तेज आवाज वाले साइलेंसरों पर कार्रवाई की गई।

यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत ने बताया कि एसपी अगम जैन के निर्देशन पर कुछ युवा तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर सड़कों पर दौड़ते हैं, जिससे न केवल आमजन को असुविधा होती है बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। ऐसे वाहनों के कारण वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और मरीजों को भी परेशानी होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह सख्त कदम उठाया गया है।

उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह लगातार अभियान चलाया जाएगा। पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि नियमों का पालन करें, निर्धारित साइलेंसर का ही उपयोग करें और सार्वजनिक स्थानों पर अनावश्यक शोर न करें। यातायात पुलिस की इस कार्रवाई से शहरवासियों ने राहत की सांस ली है और इसे एक सकारात्मक पहल बताया है।

# जीवन बचाना सर्वोपरि, नियम पालन अनिवार्य : पूर्व न्यायाधीश



### हर जान की कीमत है अनमोल दो-पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट अनिवार्य, नियम उल्लंघन पर सख्ती के निर्देश

**जागरण मंडला।** सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश श्री अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में जिले में सड़क सुरक्षा मुद्दों से संबंधित महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक सर्किट हाऊस में आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य सड़क सुरक्षा मानकों को सुदृढ़ करना, दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स की समीक्षा करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए प्रभावी उपायों पर चर्चा करना था। बैठक में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, एडिशनल एसपी श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, एनएचएआई, एमपीआरडीसी सहित यातायात विभाग से संबंधित अधिकारी मौजूद थे। न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने कहा कि जीवन अमूल्य है और उसे सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वर्तमान में सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में लोगों की जान जा रही है, जिसे गंभीरता से लेते हुए सभी संबंधित विभागों को समन्वित एवं समयबद्ध प्रयास करने होंगे।

### हेलमेट और सीट बेल्ट को आदत बनाएं

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि दो-पहिया वाहन चालक अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनें, चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करें, नशे में वाहन चलाने, ओवर स्पीड और नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण ओवर स्पीड, गलत ड्राइविंग, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग न करना हैं। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है।

न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने निर्देश दिए कि जिला, तहसील, विकासखंड एवं ग्राम स्तर के सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी हेलमेट पहनकर ही कार्यालय आएं, अन्यथा परिसर में प्रवेश न दिया जाए, स्कूल एवं कॉलेजों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए हेलमेट अनिवार्य किया जाए, पेट्रोल पंप संचालक बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल न दें, दो-पहिया वाहन विक्रेता वाहन बिक्री के समय हेलमेट अनिवार्य रूप से प्रदान करें।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले में चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉट्स की जानकारी दी तथा वहां किए जा रहे सुधार कार्यों से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जिले में लगातार पुलिस, परिवहन एवं यातायात विभाग के द्वारा वाहनों की फिटनेस, बीमा एवं ड्राइविंग लाइसेंस की नियमित जांच की जा रही है। साथ ही ओवरलोडिंग वाहन, सड़क पर अवैध पार्किंग और नशे में वाहन चलाने पर नियमित चालानी कार्यवाही की जा रही है। न्यायमूर्ति श्री सप्रे ने मीडिया, प्रशासन और आम नागरिकों से अपील की कि रैली, अभियान और शिक्षा के माध्यम से सड़क सुरक्षा को जन-आंदोलन बनाया जाए, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और हर नागरिक सुरक्षित यातायात संस्कृति अपनाएं।

# विधायक और एसडीएम ने ली संयुक्त समीक्षा बैठक जन कल्याण शिविरों की तैयारी के दिए निर्देश



**जागरण डिंडोरी।** जनपद पंचायत कार्यालय शहपुरा में आज विकास कार्यों की गति बढ़ाने और शासकीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में माननीय विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे और एसडीएम श्री ऐश्वर्य वर्मा ने संयुक्त रूप से सभी विभागों के कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान विधायक श्री धुर्वे ने जनपद पंचायत सहित अन्य सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। एसडीएम श्री ऐश्वर्य वर्मा ने भी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सुगमता से पहुँच सके। आगामी जन कल्याण शिविरों की तैयारी बैठक का मुख्य केंद्र रही। इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए विधायक ने कहा कि इन शिविरों का उद्देश्य जनता की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना है, इसलिए सभी विभाग अपनी पूरी तैयारी रखें और ग्रामीणों को शिविरों के बारे में जागरूक करें। बैठक में सभी विभागीय प्रमुखों को शिविरों के दौरान सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने और हितग्राहियों की सूची अपडेट रखने के लिए कहा गया।

# सोयाबीन भावांतर राशि के लिए यूथ कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**छतरपुर।** जिले के किसानों को उनकी फसल का उचित दाम दिलाने और सोयाबीन भावांतर राशि के लंबित भुगतान की मांग को लेकर यूथ कांग्रेस ने किसानों के साथ मिलकर जिला प्रशासन के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान और पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुँचे और मुख्यमंत्री तथा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर राशि के तत्काल भुगतान की मांग की।

मानवेन्द्र सिंह ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सार्वजनिक मंच से घोषणा की थी कि किसानों के खातों में सोयाबीन भावांतर की राशि का भुगतान 15 दिनों के भीतर कर दिया जाएगा लेकिन इस घोषणा को लंबा समय बीत जाने के बाद भी जिले के एक भी किसान के खाते में पहली किस्त तक नहीं डाली गई है। यूथ कांग्रेस ने इसे किसानों के साथ एक बड़ा छलावा करार दिया है। वर्तमान में खाद-बीज की जरूरतों और कर्ज के बोझ तले दबे किसानों के लिए यह राशि अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके अलावा किसानों ने बताया कि जब वे भुगतान के संबंध में मंडी कार्यालय जाते हैं, तो वहां मंडी सचिव द्वारा यह कहा जाता है कि भावांतर योजना की राशि में हुई गड़बड़ी की जांच चल रही है। जांच के इसी बहाने के कारण भुगतान में लेटलतीफी की जा रही है। किसानों का कहना है कि यदि कहीं गड़बड़ी हुई है तो दोषियों पर कार्रवाई की जाए, लेकिन इसकी सजा आम किसानों को क्यों दी जा रही है? भुगतान में हो रही इस देरी से किसानों में भारी गुस्सा व्याप्त है। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष कपिल रिछारिया, देवेंद्र अरजरिया, आदर्श रावत, नरेश तिवारी, ज्ञान प्रकाश सुल्लेरे, दिनेश नायक, गोविंद प्रजापति सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# बेटी ने किया जिले को गौरवान्वित 69वीं राष्ट्रीय वालीबॉल स्पर्धा आन्ध्र प्रदेश में लेगी भाग

3

जागरण डिंडोरी,कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया के निर्देशन में एवं सहायक आयुक्त जनजाती कार्य राजेंद्र कुमार जाटव के मार्गदर्शन में विभागीय शालेय खेल कैलेंडर 2025-26 के अनुसार वालीबॉल सब जूनियर बालिका वर्ग में पुष्पलता पट्टा पिता प्रीतम सिंह पट्टा कन्या मा शाला शहपुरा ने विद्यालय , विकास खंड, जिला,संभाग, विभागीय राज्य, शालेय राज्य स्तरीय छः स्तर की स्पर्धाओ में भाग लिया । खेल कौशल की कुशल दक्षता से सभी स्तरों में चयनित

होते हुए खेल विधा विशेषज्ञों ने राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन किया है। जिला क्रीड़ा प्रभारी जनजातीय कार्य विभाग पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने



जानकारी बताया कि चयनित छात्राए प्री. नेशनल कोचिंग कैंप 29 दिसंबर 2025 से 2 जनवरी 2026 तक मुरैना में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है एवं राष्ट्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता कडप्पा आन्ध्र प्रदेश में में 05 जनवरी 2026 से 09 जनवरी 2026 तक वालीबॉल कोच अनिल लोधी के मार्गदर्शन में भाग लेंगी। राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन तथा मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए ,विद्यालय एवं जिले को गौरवान्वित करने वाले प्रतिभा वान खिलाड़िओ को सहायक आयुक्त जनजाति कार्य राजेंद्र कुमार जाटव, जिला क्रीड़ा प्रभारी पुरुषोत्तम सिंह, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एम. के. राय, प्राचार्य यशवंत साहू,डॉ. डी. के. श्रीवास्तव, संदीप सोनी, खेल प्रशिक्षक रमा साहू, अनिल लोधी,जागेश्वर नंदा, नवीन खरगाल,दिलीप सोनवानी,शेरमेर खालको , परवेज खान ,अमर साहू ,विधालय स्टाफ एवं समस्त खेल प्रेमीयों ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना एवं बधाई प्रेषित की है

# भूख हड़ताल में बैठे किसानों की सरकार को नहीं है चिंता

### किसान पस्त सरकार मस्त : यतेन्द्र कुमार साहू

**जागरण डिण्डौरी।** किसानों के लिए मध्य प्रदेश सरकार वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाने की तैयारी कर रही है वहीं दूसरी तरफ आदिवासी बाहुल्य जिला डिंडोरी के किसान वर्ष 2026 का भूख हड़ताल से स्वागत कर रहे हैं.....

ज्ञात हो कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अनुसांगिक संगठन भारतीय किसान संघ जिला डिंडोरी के बैनर तले जिले के किसानों के द्वारा अपनी मूलभूत समस्याओं जैसी बिजली पानी खाद बीज के लिए वीरांगना रानी दुर्गावती स्टेडियम शाहपुरा जिला डिंडोरी में 29 दिसंबर 2025 से विशाल रैली निकालकर अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठे हुए हैं हड़ताल के चौथे दिवस 1 जनवरी 2026 से क्रमिक भूख हड़ताल मैं बैठकर नए वर्ष का स्वागत करने को मजबूर हैं।




# नए साल पर यातायात पुलिस का अनूठा अंदाज नियम मानने वालों को फूल देकर किया सम्मानित

**जागरण मंडला।** नववर्ष के पहले दिन मंडला यातायात पुलिस ने कानून के पालन को प्रोत्साहित करने के लिए एक सराहनीय और सकारात्मक पहल की। 1 जनवरी, गुरुवार को दोपहर 12 बजे नववर्ष के आगमन पर शहर के प्रमुख चौराहों पर सम्मान के साथ समझाइश अभियान चलाया गया, जिसमें डंडे की जगह फूलों ने संदेश दिया।

डंडे की जगह फूल, मुस्कान के साथ संदेश अभियान के दौरान हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति का पालन करने और ट्रैफिक सिग्नल मानने वाले वाहन चालकों को यातायात पुलिस ने फूल देकर सम्मानित किया। इस पहल से न केवल नियम मानने वालों का मनोबल बढ़ा, बल्कि आम नागरिकों में भी यातायात नियमों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हुई। नववर्ष का संकल्प- सुरक्षित सड़कें यातायात पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नए साल की शुरुआत सुरक्षित और अनुशासित यातायात के संकल्प के साथ की गई है। फूल देकर सम्मानित करने का उद्देश्य लोगों को यह संदेश देना है कि नियमों का पालन किसी



दबाव से नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और जागरूकता से होना चाहिए। नागरिकों ने की पहल की सराहना अभियान के दौरान राहगीरों और वाहन चालकों ने इस अनूठे अंदाज की सराहना की। कई लोगों ने कहा कि ऐसी पहल से पुलिस और जनता के बीच विश्वास बढ़ता है और सड़क सुरक्षा का संदेश प्रभावी ढंग से पहुँचता है।

# नैनपुर के वार्ड नंबर 10 में मिला नवजात शिशु का शव, इलाके में सनसनी

**जागरण मंडला।** जिले के नैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 10 शांतिनगर में शनिवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कचरा फेंकने के स्थान पर नवजात शिशु का शव मिला। स्थानीय लोगों के अनुसार, शव को आवारा कुत्तों ने नोचकर घसीटते हुए वहां तक पहुंचाया था, जिससे दृश्य अत्यंत हृदयविदारक हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही नैनपुर पुलिस और थाना प्रभारी तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने क्षेत्र को घेराबंदी कर सुरक्षित किया और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि नवजात को जन्म के तुरंत बाद अमानवीय तरीके से फेंक दिया गया। पुलिस आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज, हालिया प्रसव से जुड़ी जानकारी और संदिग्ध गतिविधियों की पड़ताल कर रही है। साथ ही, स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों से भी संपर्क कर हाल में हुए प्रसवों का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

# बुंदेलखंड के प्रसिद्ध माता कलेही मंदिर एवं हनुमान भाटे में उमड़ा आस्था का हुजूम








**जागरण, पवई ।** नववर्ष के अवसर पर बुंदेलखंड के प्रसिद्ध माता कलेही मंदिर एवं पवई नगर स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र हनुमान भाटे में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। नववर्ष की शुरुआत श्रद्धा और भक्ति के साथ करने के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने इन प्राचीन धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। मान्यता है कि माता कलेही मंदिर एवं हनुमान भाटे में स्थित 13वीं शताब्दी की चंदेल कालीन प्रतिमाओं के दर्शन से वर्ष भर सुख-समृद्धि और मंगल की प्राप्ति होती है। नववर्ष की सुबह से ही मंदिर परिसरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। पवई नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के साथ-साथ बुंदेलखंड के विभिन्न जिलों से श्रद्धालु यहां पहुंचे। अनुमान के अनुसार दोनों धार्मिक स्थलों पर लगभग एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। मंदिरों में जयकारो की ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

इस अवसर पर समाजसेवियों एवं धार्मिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ा महाप्रसाद का वितरण किया गया। ठंड के मौसम में श्रद्धालुओं को गर्म प्रसाद मिलने से विशेष उत्साह देखा गया। सेवा भाव के तहत कई स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाओं को संभालते हुए भीड़ नियंत्रण, दर्शन व्यवस्था और प्रसाद वितरण में सहयोग किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन एवं स्थानीय पुलिस द्वारा सुरक्षा एवं यातायात की विशेष व्यवस्था की गई थी। मंदिर परिसरों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा, वहीं प्रमुख मार्गों पर यातायात को सुचारू बनाए रखने के प्रयास किए गए। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। कुल मिलाकर नववर्ष के पहले दिन माता कलेही मंदिर एवं हनुमान भाटे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने एक बार फिर इन धार्मिक स्थलों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्ता को उजागर किया। श्रद्धालुओं ने परिवार और समाज की खुशहाली की कामना के साथ नए साल की शुरुआत की।

# विरोधियों द्वारा की जा रही झूठी शिकायतें, जितने के काम नहीं उससे अधिक बताया जा रहा भ्रष्टाचार

## फौजी सरपंच को किया जा रहा परेशान ग्राम पंचायत दिया में कराए गए सभी कार्य मौके पर मौजूद हैं : सरपंच



**जागरण, पन्ना ।** ग्राम पंचायत दिया के सरपंच राम शिरोमणि सिंह लोधी ने उनके विरुद्ध लगातार की जा रही झूठी शिकायतों को राजनीतिक दुर्भावना और साजिश बताते हुए कहा कि बीते कई वर्षों से कुछ लोग हर दो-चार महीने में कलेक्टर , जिला पंचायत सीईओ एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से उनकी शिकायत करते आ रहे हैं। पूर्व में भी जनपद पंचायत में इस प्रकार की शिकायती की गई जिसकी जांच हुई और शिकायतें निराधार पाई गई थी ।सरपंच ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वे गारंटी के साथ कहते हैं कि उनके कार्यकाल में कराए गए सभी विकास कार्य धरातल पर मौजूद हैं और काम से पहले तथा काम के बाद की फोटो उपलब्ध हैं। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से आग्रह किया कि वे स्वयं मौके पर आकर निरीक्षण करें। उन्होंने बताया कि पंचायत भवन पहले जंगल के बीच स्थित था, जहां बेसरम,घास और कीचड़ के कारण पूरा गांव शौच क्रिया के लिए उस स्थान का उपयोग करता था। ऐसा कहा जाता है कि पंचायत भवन दलदली जमीन में होने के कारण धंस चुका था। हालां कि यह जांच का विषय है। पंचायत के द्वारा दो लाख तीस हजार की राशि से पंचायत भवन का पूर्ण रिनोवेशन, फेनसिंग, गेट निर्माण एवं टाइल्स लगाकर भवन को आज बैठने और उपयोग योग्य बनाया गया। पहले जहां कोई प्रवेश करने को तैयार नहीं था, आज वही भवन सुंदर और सुरक्षित स्थिति में है। वृक्षारोपण को लेकर हो रही शिकायतों पर सरपंच ने कहा कि लगाए गए पौधे आज 15ङ्क15 फीट ऊंचे पेड़ बन चुके हैं, जिन्हें उन्होंने स्वयं लगवाया, सिंचाई करवाई और मजदूरों से देखरेख कराई। पंचायत भवन के सामने बनाए गए परकुलेशन टैंक, तथा पंचायत भवन के आगे-पीछे पूरे क्षेत्र में मिट्टी भराव कर जलभराव की समस्या को समाप्त किया गया। पहले कई तस्वीरों में पंचायत भवन डूबा हुआ दिखाई देता था, जिसे भराव कर आज रहने लायक बनाया गया है।

हरिजन बस्ती में सीसी पुलिया एवं नाली निर्माण कार्य स्टीमेट के अनुसार मौके पर मौजूद है। खेल मैदान को लेकर की जा रही शिकायतों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि काम के समय की फोटो, कार्य के दौरान की फोटो और वर्तमान स्थिति सब प्रमाण के रूप में उपलब्ध हैं। हाल ही में उसी मैदान में बड़े स्तर का टूर्नामेंट भी आयोजित कराया गया है। पंचायत भवन के रपटा निर्माण में ?5 लाख की राशि निकाले जाने के आरोप पर सरपंच ने कहा कि यह राशि मर्ज राशि है, जिसका स्पष्ट उल्लेख बिल में है। कार्य का नाम नवीन तालाब मडफा हार है, जो नरेगा एवं 15वें वित्त से संयुक्त रूप से जुड़ा हुआ है। इस राशि को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बेस्ट वियर कार्य स्टीमेट से कम नहीं बल्कि एक फिट अधिक गुणवत्ता के साथ कराया गया है। भुराने बाबा सेड निर्माण का पैसा एवं फोटो पहले ही अधिकारियों को भेजे जा चुके हैं। विधायक निधि से बना सेड अलग है और स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

हीरा सागर तालाब में कार्य अभी जारी है, जिसमें लगभग ?1.5 से ?2 लाख की राशि निकलना बाकी है। इसके बावजूद जुलाई माह की स्थिति में ही शिकायतकर्ताओं द्वारा तालाब का पूरा पानी सिंचाई में उपयोग कर लिया गया और अब शिकायत की जा रही है। सरपंच ने आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता रमाकांत ने शासकीय सामुदायिक भवन में ताला लगा रखा है, जिसकी शिकायत वे पहले भी कर चुके हैं। आज भी उसी व्यक्ति के पास भवन की चाबी है। उन्होंने यह भी बतया कि वर्ष 2007 से 2014 के बीच, जब क्षत्रपाल सरपंच थे, उस दौरान भारतीय सेना के सेवानिवृत्त कर्मचारी, शिक्षक और प्रोफेसर जैसे शासकीय कर्मचारियों के नाम से मनरेगा मजदूरी निकाली गई। इनमें लक्ष्मेंद्र, उनकी बहन सरला (शिक्षिका), भाई रमाकांत (प्रोफेसर) एवं पिता लक्ष्मण सिंह के नाम शामिल हैं। इन सभी के मस्टर रोल और प्रमाण उनके पास मौजूद हैं, जिन्हें वे जांच के समय प्रस्तुत करेंगे। सरपंच ने कहा कि उनके कार्यकाल में जो भी कार्य हुए हैं, वे पूरी ईमानदारी से कराए गए हैं। 2ङ्क3 वर्ष पुराने कार्यों में यदि कहीं मिट्टी भर गई हो या जंगली घास उग आई हो तो स्वाभाविक है, लेकिन कार्य जमीन पर मौजूद है। वर्ष 2021ङ्क22 की एक नाली उनके कार्यकाल की नहीं है, जिसका भुगतान पूर्व में हो चुका था और वह नाली मौके पर नहीं बनी। इसी मामले में 5 नवंबर को तत्कालीन सचिव राजेश विश्वकर्मा को निलंबित किया गया, तथा रिकवरी की कार्रवाई जारी है।

**इनका कहना है :** सरपंच श्री लोधी ने कहा कि वे लगातार झूठी शिकायतों के कारण मानसिक रूप से अत्यंत परेशान हैं, लेकिन सत्य और ईमानदारी पर उन्हें पूरा भरोसा है। ‡मैं जांच से नहीं डरता। मेरे समय का एक-एक पैसा जमीन पर मिलेगा। यह सब मुझे बदनाम करने की साजिश है, क्योंकि शिकायतकर्ता चुनाव में हारे हुए प्रत्याशी हैं ।

**राम शिरोमणि सिंह लोधी दिया सरपंच**

# न्याय महा रैली दमोह में 5 जनवरी को संकल्प गार्डन पन्ना में बैठक आयोजित



**जागरण, गुनौर ।** पूर्व सांसद स्वर्गीय सुखलाल कुशवाहा की जन्म जयंती के अवसर पर न्याय महा रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी दलों के लोग शामिल होंगे उक्त महा रैली 5 जनवरी को दमोह जिला मुख्यालय में संपन्न होगी न्याय महा रैली को लेकर स्थानीय संकल्प गार्डन में बैठक संपन्न हुई जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारी शामिल हुए सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया तथा रैली को सफल बनाने के लिए एक जुटता की बात कही उक्त बैठक में सतना विधानसभा क्षेत्र के विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा विशेष रूप से उपस्थित रहे उपस्थित सभी जनों ने अपनी-अपने विचार व्यक्त किया बैठक में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष दशरथ सिंह यादव आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष अंजली यादव शैलेश विश्वकर्मा अंकु कुशवाहा बृजेश रैकवार रामपाल सिंह लोधी आदि ।

# फुलवारी मॉडल से ग्राम पंचायतों को मिलेगी नयी दिशा



**पन्ना ।** स्वयंसेवी संस्था समर्थन एवं ग्राम पंचायत फुलवारी में रूफवॉटर हर्वेस्टिंग का कार्य किया गया । ग्राम पंचायत में लगभग 80 घरो के छत का पानी जमीन में उतार दिया अभी पहली वर्षात के पानी से ही कुछ बदलाव देखने को मिल रहे है। ये बात घर के लोग जिनेके बोर सूख जाते थे कुएँ में पानी नही रहता था आज अभी पानी भरा हुआ है। ग्राम पंचायत की सरपंच कीर्ति बागरी ने समिति के सदस्यो को जानकारी दी एवं कहा की बची हुए छतो को वे पूरा करेगी । गांव में खारे पानी की समस्या से निजात दिलाना एवं गांव में मीठा पानी देना हमारी प्राथमिकता में है। सचिव अखिलेश गर्ग ने कहा की जल जीवन मिशन ने काम में कमी की लेकिन समिति और समर्थन ने हमें जानकारी दी एवं हमने ठेकेदार से काम पूरा कराया आज सभी घरो में पानी जा रहा है। समर्थन संस्था का सहयोग रहा अजयगढ के लगभग 60 सदस्य जल संरक्षण के प्रयास को देखने आये हमे खुशी है। ग्राम कार्ययोजना समर्थन ने ग्राम विकास योजना बनाने में सहयोग किया एवं जीपीडीपी में पंचायत ने सभी कार्य को डाला उसी का परिणाम आज दिख रहा है इस कार्य में राजकुमार मिश्रा एवं ज्ञानेन्द्र तिवारी का सहयोग रहा है। कमलचन्द्र सेन,उपेन्द्र सिंह एवं आरती एवं जलमित्रो की बदौलत ग्राम पंचायत विकास की ओर बढ़ रही है। जल संरक्षण के मॉडल पल्थरा एवं फुलवारी में जो मॉडल सामुदाय एवं ग्राम पंचायत ने समर्थन के सहयोग से तैयार किये है उसको दूसरी जगह भी ले जाना चाहिये ।जल संरक्षण के अलावा खारे पानी को मीठा पानी में बदलना एवं सामुदाय का सहयोग प्राप्त करना एक अनूठा मॉडल है। ग्राम पंचायत ने किया स्वागत श्रीमती कीर्ति बागरी ने अजयगढ से आये प्रतिनिधियो एवं ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति सदस्यो का स्वागत किया । समाज प्रगति सहयोग संस्था देवास के प्रतिनिधि धर्मेन्द्र ने कहा की समर्थन ने फुलवारी एवं पल्थरा में जो जल संरक्षण के मॉडल तैयार किये है उसे सराहा जाना चाहिये एवं इसको अन्य ग्राम पंचायत तक पहुंचाना भी है।

# अजयगढ़ तहसील के किसानों ने मंडी के सामने लगाया जाम, नहीं हो रही धान की तौलाई



**जागरण, अजयगढ़ ।** तहसील क्षेत्र के किसान लगातार परेशान है जहां एक ओर किसानों को खाद नहीं मिल रही है वहीं दूसरी ओर अब उनकी धान की तुलाई नहीं हो पा रही है जिससे किसान भारी परेशान है अजयगढ़ तहसील अंतर्गत बैरागा मंडी में हफ्तों से किसानों की धान रखी हुई है उनकी तुलाई नहीं हो पा रही है किसानों ने बताया कि व्यापारियों तथा उत्तर प्रदेश की धान रात में चोरी छुपे तूलाई हो रही है जिससे स्थानीय किसान परेशान हो रहे हैं परेशान होकर किसान यूनियन संगठन के अध्यक्ष कमलेश पटेल बाबा जी के नेतृत्व में बैरागा मंडी के सामने किसानों द्वारा सड़क जाम कर दी गई तथा कहा कि जल्द ही हमारी धान की तुलाई कराई जाए किसानों ने सड़क पर ट्रैक्टर खड़े कर दिए गए तथा कहा कि जब तक वरिष्ठ अधिकारी आश्वासन नहीं देंगे जाम लगा रहेगा बीहड़ सरवरिया निवासी किसान सचिन पटेल ने बताया कि हम एक हफ्ता से धान तुलाई के लिए परेशान है समिति प्रबंधक ने कहा था कि आपका स्लॉट अंतिम है आपकी जल्द धान धुलाई की जाएगी लेकिन उसके बावजूद भी धान तुलाई नहीं की जा रही हैं मौके पर पुलिस भी पहुंच गई है लेकिन किस मानने को तैयार नहीं है क्योंकि समिति प्रबंधक मनमाने ढंग से धान तुलाई कर रहे हैं। जिले के अधिकांश किसानधान तुलाई को लेकर परेशान हैं लेकिन उसके बावजूद प्रशासन द्वारा व्यवस्था में सुधार नहीं किया जा रहा है।

# श्री प्राणनाथ चौपड़ा मंदिर में नए वर्ष की सुबह उत्साह के साथ 151 पारायण महायज्ञ की पूर्णाहुति एवं भंडारा सम्पन्न





**जागरण, पन्ना ।** प्रसिद्ध श्री 108 प्राणनाथ जी चौपड़ा मंदिर में विगत 26 दिसंबर 2025 से 151 पारायण महायज्ञ का आगाज हुआ था जो सतत 7 दिन चला। नए वर्ष के प्रथम दिवस विधिवत पूजन पाठ और विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। इस पावन तपोभूमि में प्रतिदिन सैकड़ो श्रद्धालु सुंदर साथ एवं जनप्रतिनिधि, नगर के लोगों ने पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित किया। साल के प्रथम दिन लोगों ने जहां धर्म लाभ लिया तो वहीं एक दूसरे को नव वर्ष की बधाई दी एवं विश्व कल्याण की कामना की। उक्त धार्मिक आयोजन श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के संरक्षण एवं श्री प्राणनाथ धर्म प्रचार संगीत मंडल के द्वारा परायण महायज्ञ का आयोजन किया गया था। भीषण ठंड के बावजूद भी प्रतिदिन यहां सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते रहे एवं मंदिर प्रांगण में धार्मिक कार्यक्रम भी होते रहे जिसमें विद्यमान, विदुषी, धर्माचार्य द्वारा महामती प्राणनाथ जी की वाणी के उद्देश्य को विस्तार पूर्वक बतलाया गया। इस महोत्सव में साधु संतों का भी जमावडा देखा गया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर प्रशासन को घेरा खाद और जले ट्रांसफार्मर सुधारने की मांग



**जागरण, गुनौर ।** विधानसभा के पूर्व विधायक सुंदर लाल अहिरवार के भतीजे और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चतुरेश अहिरवार (बराछ) ने गुनौर विधानसभा क्षेत्र के किसानों की बदहाली पर गहरी चिंता और नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने क्षेत्र में यूरिया खाद की भारी किल्लत और ग्रामीण इलाकों में महीनों से जले पड़े विद्युत ट्रांसफार्मरों को लेकर स्थानीय प्रशासन और सरकार को आड़े हाथों लिया।

## खाद के लिए दर-दर भटक रहा है अन्नदाता

कांग्रेस नेता चतुरेश अहिरवार ने कहा कि वर्तमान में रबी की फसलों के लिए खाद और यूरिया की अत्यंत आवश्यकता है, लेकिन गुनौर विधानसभा क्षेत्र का किसान खाद के लिए लंबी लाइनों में लगने को मजबूर है। उन्होंने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा, अन्नदाता दिन-रात मेहनत कर देश का पेट भरता है, लेकिन आज उसे अपने हक की खाद के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है। प्रशासन को चाहिए कि वह तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करे ताकि किसानों को भटकना न पड़े।

**जले ट्रांसफार्मरों से ठप्प है सिंचाई :** खाद की किल्लत के साथ-साथ चतुरेश अहिरवार ने बिजली की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि विधानसभा के कई गाँवों में विद्युत ट्रांसफार्मर हफ्तों से जले हुए हैं, जिन्हें बार-बार शिकायत के बाद भी बदला नहीं जा रहा है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण खेतों में सिंचाई का काम ठप पड़ा है, जिससे किसानों की खड़ी फसलें सूखने की कगार पर हैं।

**प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग :** चतुरेश अहिरवार ने प्रशासन और संबंधित विभाग के अधिकारियों से पुरजोर आग्रह किया है कि पर्याप्त खाद वितरण॰ बिना किसी भेदभाव और परेशानी के हर किसान को समय पर यूरिया और खाद उपलब्ध कराया जाए।

## बिजली सुधार

जिन गाँवों के ट्रांसफार्मर जले हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर तत्काल बदला जाए ताकि सिंचाई सुचारू हो सके। उन्होंने अंत में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही किसानों की इन मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे किसानों के हक के लिए उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा, जब तक हमारा अन्नदाता खुशहाल नहीं होगा, तब तक क्षेत्र की उन्नति संभव नहीं है।

# खेत में पानी लगाते वक्त किसान की मौत, सब्दुआ गांव में मातम

## भरतमिलन पाण्डेय कांग्रेस नेता पहुंचे पीड़ित परिवार के बीच, दी 5000 की सहायता



**जागरण, पन्ना ।** पन्ना ग्राम पंचायत सब्दुआ में एक हृदयविदारक घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया। किसान रामपाल कुशवाहा (पिताङ्क पचा कुशवाहा) की रात में खेत पर पानी लगाते समय भीषण ठंड लगने से मौत हो गई। सुबह जब खेत पर पहुंचे परिजनों ने रामपाल को अचेत अवस्था में पाया, जिसके बाद गांव में कोहराम मच गया। गरीबी और मजबूरी के बीच खेती करने वाले रामपाल कुशवाहा परिवार के एक मात्र सहारा थे। अचानक हुई इस मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी भरतमिलन पाण्डेय पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और ?5000 की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। इस दौरान उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि किसानों की मेहनत और मजबूरी अक्सर उनकी जान पर भारी पड़ जाती है, सरकार को ऐसे मामलों में तत्काल मुआवजा देना चाहिए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मृतक किसान के परिवार को सरकारी सहायता और मुआवजा दिया जाए, ताकि पीड़ित परिवार को इस कठिन समय में सहारा मिल सके। यह घटना एक बार फिर सवाल खड़े करती है किक्या किसान की जान की कीमत सिर्फ मजबूरी है? कब तक ठंड, भूख और हालात किसान की जिंदगी छीनते रहेंगे ।

# नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी पंकज गुप्ता का निधन



**पन्ना ।** नगर के गोविंद जी मंदिर चौराहा निवासी और ऑटो पार्ट्स (हैवी वाहन) के प्रमुख व्यापारी पंकज गुप्ता का 31 दिसंबर 2025, बुधवार दोपहर 3ः00 बजे देवलोकगमन हो गया है। आप नीरज गुप्ता (टिल्लू) के बड़े भाई और उमंग गुप्ता एवं आंशी गुप्ता के पिता जी थे। उनके आकस्मिक निधन से पन्ना शहर के व्यापारिक जगत और स्थानीय नागरिकों में शोक की लहर है। परिजनों और परिचितों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

# मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह हुए सेवानिवृत

## अध्यक्ष एवं कर्मचारियों ने दी भावभीनी विदाई



**जागरण ] अजयगढ़ ।** नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह हुए सेवानिवृत्त द्य णणनगर परिषद कार्यालय में उनका विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उनके लगभग चार वर्ष की अवधि में किए गए कार्यों की सराहना की गई द्य नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सीता सरोज गुप्ता ने उनके साथ किए गए कार्यों की सराहना करते हुए नगर की साफ़ सफाई पर विशेष ध्यान देने एवं नगर के विकास कार्यों में सहयोग करने पर परिषद की ओर से धन्यवाद देते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी निकाय के कार्यों में सहयोग करने का अनुरोध करते हुए उनको भविष्य में स्वस्थ रहने एवं दीर्घायु होने की कामना की गई द्य पूर्व मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र श्रीवास्तव, पार्षद अजय मिश्रा, पार्षद नारायण दास रजक ने उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों की सराहना करते हुए दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामना की गई द्य निकाय के वरिष्ठ कर्मचारी बृजेन्द्र तिवारी ने कहा कि उनके अधीनस्थ रहकर सभी कर्मचारियों को कार्यालय की कार्य की शैली में सुधार कराकर जनकल्याणकारी योजनाओं एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं का हितग्राहियों को लाभान्वित करने, कर्मचारियों के हितलाभ को ध्यान में रख उनका उत्साहवर्धन करते हुए कार्य कराया जाता रहा द्य कार्यक्रम में धर्मेन्द्र गुप्ता, राजेन्द्र सिंह , देवेन्द्र दुबे, मुनीन्द्र गर्ग,संजय जैन, राबिया, दिनेश, भगवानदास, कौशल गुप्ता, गोविन्द सिंह, अनमोल खरे, अजनेश लखेरा, अजय कुशवाहा, चन्दन यादव, प्रिंस जैन, शुभम यादव, नीरज साहू, प्रकाश खरे, राम कुमार बाल्मीकि सहित अन्य कर्मचारीगण, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

# एकता और संकल्प के साथ एनटीपीसी विंध्याचल में धूम-धाम से मनाया गया नववर्ष 26



**जागरण, विन्ध्यनगर**

एनटीपीसी विंध्याचल में प्रशासनिक भवन की प्रथम तल की टैरेस पर आयोजित आत्मीय समारोह के साथ नववर्ष 26 धूम.धाम से मनाया गया। इस अवसर पर केक कटिंग के साथ सादगीपूर्ण किंतु भावपूर्ण आयोजन संपन्न हुआए जिसमें संगठन की एकता और सामूहिक संकल्प की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। इस अवसर पर संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख विंध्याचल द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में डेस्क कैलेंडर 26 का अनावरण किया गया। डेस्क कैलेंडर 26 का यह अनावरण एक महत्वपूर्ण एवं भावनात्मक क्षण रहा जो एनटीपीसी विंध्याचल की समावेशी विकास के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता और वर्ष भर चलने वाली सीएसआर पहलों का प्रतीक है।

कार्यक्रम में संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख विंध्याचल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ ए. जे.राजकुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण एम. सुरेश महाप्रबंधक मेंटेनेंस एवं एडीएम एस के सिन्हा महाप्रबंधक प्रचालन एवं एफ.एम सुश्री रूमा दे शर्मा प्रमुख मानव संसाधन विंध्याचल श्रीमती देबस्मिता त्रिपाठी अपर महाप्रबंधक आरएलआई तथा राकेश अरोड़ा निदेशक मानव संसाधन के वरिष्ठ सहायक की उपस्थिति रही। विभागाध्यक्षों एवं यूनियन तथा एसोसिएशन के प्रतिनिधियों की सहभागिता ने आयोजन को और अधिक सार्थक बना दिया। कार्यक्रम का स्वागत संबोधन करते हुए सुश्री रूमा दे शर्मा प्रमुख मानव संसाधन ने संपूर्ण विंध्याचल परिवार को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात ए. जे.राजकुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ने अपने संबोधन में कहा कि विंध्याचल की अधिकांश इकाइयाँ 25 वर्षों से अधिक का परिचालन पूर्ण कर चुकी हैं अतः अब समय है कि आगामी वर्ष में नए और उच्च प्रदर्शन मानकों की प्राप्ति पर विशेष ध्यान दिया जाए। अपने संबोधन में संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख विंध्याचल ने सुरक्षाए पर्यावरण संरक्षण तथा वैधानिक अनुपालन के महत्व पर बल दिया और टीम विंध्याचल को निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने समस्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल की संभावनाओं की कोई सीमा नहीं है।

## एनटीपीसी विंध्याचल में संगीतमय संध्या के साथ नववर्ष 26 का स्वागत

### एनटीपीसी की स्वर्णिम 50 वर्षीय यात्रा को रहा समर्पित



**विन्ध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने डॉ.आंबेडकर स्टेडियम में आयोजित संगीतमय संध्या के साथ नववर्ष 26 का उल्लासपूर्ण स्वागत किया। यह आयोजन एनटीपीसी की स्वर्णिम 50 वर्षीय यात्रा को समर्पित रहा जिसमें गौरवए गरिमा और सामूहिकता की भावना स्पष्ट रूप से झलकी। नववर्ष संध्या का यह उत्सव एनटीपीसी की उत्कृष्ट विरासतए दृढ़ संकल्प और राष्ट्र निर्माण में उसके सतत योगदान का प्रतीक बना। इस अवसर पर संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख विंध्याचल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ वरिष्ठ अधिकारीगण ए. जे. राजकुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण एम.सुरेश महाप्रबंधक मेंटेनेंस एवं एडीएम एस.के. सिन्हा महाप्रबंधक प्रचालन एवं एफ.एम डॉ.बी.के. भराली महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएं सुश्री रूमा दे शर्मा प्रमुख मानव संसाधन तथा राकेश अरोड़ा निदेशक मानव संसाधन के वरिष्ठ सहायक की उपस्थिति रही। विभागाध्यक्षों यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों तथा मनीष कुमार रायए वरिष्ठ कमांडेंट सीआईएसएफकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा और बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के आत्मीय स्वागत एवं केक कटिंग समारोह से हुआ जिसने पूरे वातावरण को उत्साह और उल्लास से भर दिया। इसके पश्चात प्रसिद्ध गायक.कलाकार शन्मुखा प्रिया एवं प्रियांग्शु दत्ता की सुमधुर और ऊर्जावान प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी संगीतमय प्रस्तुतियों से स्टेडियम उत्सव और उमंग के रंगों से सराबोर हो उठा। बड़ी संख्या में उपस्थित कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने इस आयोजन को यादगार बना दिया। यह स्वर्ण जयंती नववर्ष संध्या उत्सव अतीत की उपलब्धियों पर गर्व और भविष्य के प्रति आशा व विश्वास का सुंदर संगम सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के उपरांत संजीब कुमार साहा परियोजना प्रमुख विंध्याचल ने वरिष्ठ प्रबंधन टीम के साथ स्टेज.1 से 5 सीएचपी एमजीआर तथा स्विचयार्ड सहित प्रमुख नियंत्रण कक्षों का दौरा किया। ड्यूटी पर तैनात युवा अभियंताओं से संवाद करते हुए उन्होंने नववर्ष की शुभकामनाएं दीं तथा केक कटिंग के माध्यम से उनके योगदान की सराहना की। यह पहल संगठन में आपसी सहयोग प्रेरणा और एकजुटता के सशक्त संदेश के रूप में उभरी।

## सुरक्षा, संकल्प और सहभागिता के संदेश के साथ एनटीपीसी सिंगरौली में नववर्ष समारोह

**जागरण, शक्तिनगर।** नववर्ष 26 के अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली में सौहार्द उल्लास एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण एक भव्य एवं प्रेरक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संदीप नायक कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख एनटीपीसी सिंगरौली ने समस्त कर्मचारियों एवं श्रमिकों के साथ नववर्ष की शुभकामनाओं का आत्मीय आदान.प्रदान किया। नववर्ष की शुभकामनाओं के प्रतीक स्वरूप कर्मचारियों को ग्रीटिंग कार्ड एवं गुलाब की कलियाँ भेंट की गईं जिससे पूरे परिसर में अपनत्व उत्साह और पारिवारिक वातावरण का संचार हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री नायक ने कहा कि नववर्ष आत्ममंथन सकारात्मक सोच और नए संकल्पों का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली की निरंतर प्रगति और सफलता में कर्मचारियों एवं श्रमिकों का योगदान अत्यंत



महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि एनटीपीसी में सुरक्षा सेफ्टी सर्वोपरि है और यही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता भी है। सुरक्षित कार्य संस्कृतिए टीम भावना और सामूहिक प्रयासों के साथ आने वाला वर्ष और भी अधिक उपलब्धियों से परिपूर्ण होगा। सुरक्षा के प्रति जागरूकता को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से इस अवसर पर सुरक्षा क्विज़ का आयोजन किया गया जिसमें कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुरक्षा के प्रति अपने ज्ञान एवं सजगता का परिचय दिया। यह कार्यक्रम आज पूर्वाह्न प्रशासनिक भवन लॉन में आयोजित किया गया जहाँ केक कटिंग समारोह संपन्न हुआ। नववर्ष की खुशियाँ साझा करते हुए सभी संविदा श्रमिकों को भी अल्पाहार प्रदान किया गया जिससे समावेशिता एवं सहभागिता का संदेश सशक्त रूप से उभरा। इस अवसर पर श्री नायक ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ यूनिट कंट्रोल बोर्ड का निरीक्षण भी किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात शिफ्ट इंजीनियरों एवं ऑपरेशन कर्मियों से संवाद करते हुए उन्हें नववर्ष 26 की शुभकामनाएँ दीं तथा सुरक्षित एवं सुचारु संचालन में उनके योगदान की भूरी.भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम सौहार्द उल्लास सुरक्षा जागरूकता एवं आपसी भाईचारे के वातावरण में अत्यंत सफलतापूर्वक संपन्न हुआए जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर जोसफ बास्टियन मुख्य महाप्रबंधक ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस सी. एच. किशोर कुमार महाप्रबंधक मेंटेनेंस एवं एडीएम रश्मि रंजन मोहंती महाप्रबंधक प्रोजेक्ट अमित कुमार सीआईएसएफ उप कमांडेंट सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण संविदा कर्मचारीगण तथा यूनियन एवं एसोसिएशन के मानद प्रतिनिधिगण एवं कर्मचारी गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नववर्ष 26 पर शिवधाम मंदिर में भक्ति श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम



**जागरण, वैढ़न।** नववर्ष 26 के अवसर पर शिवधाम मंदिर वैढ़न में भक्ति श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातःकाल से ही मंदिर परिसर में हर.हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। इस अवसर पर मंदिर के महाप्रबंधक ज्योतिषविद् पं.डॉ. एन. पी.मिश्र के सानिध्य में अनेकानेक भक्त जनों द्वारा भूत.भावन करुणामय महामृत्युंजय भगवान भोलेनाथ की विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा.अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित किया गया। पूजा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने सहभागिता कर भगवान शिव का जलाभिषेक रुद्राभिषेक एवं महामृत्युंजय जाप किया। भक्तों ने नववर्ष में सुख शांति आरोग्य और समृद्धि की कामना करते हुए पुण्य लाभ अर्जित किया।

## नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड 34 उप निर्वाचन का मतदान शांति पूर्ण सम्पन्न, मतगणना 3 को



**जागरण, वैढ़न।** निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्र.34 के रिक्त वार्ड पार्षद पद के उप निर्वाचन का मतदान शांति पूर्ण सम्पन्न हो गया है। मतदान केंद्रों पर कतारों में धैर्यपूर्वक इंतजार कर रहे मतदाताओं ने लोकतंत्र में लोगों की गहरी आस्था को उजागर किया। मतदाताओं ने उत्साह पूर्ण माहौल में अपनी बारी आने पर मतदान किया। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मतदान निर्धारित समयावधि में प्रारंभ हुआ। मतदाताओं ने बिना किसी भय प्रलोभन के निर्भय होकर मतदान किया। मतदान हेतु सभी मतदान केंद्रों में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के प्रबन्ध किया गए थे। मतगणना 3 जनवरी को पॉलीटेक्नीक कालेज पचौर में सम्पन्न होगी।

# जैसे आचार्य दीदी होंगे वैसे ही पीढ़ी का सृजन होगा : शिव प्रसाद

### सरस्वती उमा विद्यालय बिलौजी वैढ़न में प्रान्तीय प्राचार्य प्रधानाचार्य की दो दिवसीय बैठक का आयोजन



**जागरण, विन्ध्यनगर।** जैसे आचार्य दीदी होंगे वैसे ही पीढ़ी का सृजन होगा उक्त उद्गार अखिल भारतीय विद्या भारती के राष्ट्रीय मंत्री शिव प्रसाद ने व्यक्त किया। विदित हो कि सरस्वती उमा विद्यालय बिलौजी वैढ़न में प्रान्तीय प्राचार्य.प्रधानाचार्य की दो दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि की आसंदी से शिव प्रसाद राष्ट्रीय मंत्री विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान ने अपना प्रेरक उद्बोधन दिया इस बैठक महाकुम्भ में सम्पूर्ण महाकोशल प्रान्त से 144 प्राचार्य/.प्रधानाचार्य 24 पूर्णकालिक पदाधिकारी सहित प्रांतीय अधिकारी एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती विन्ध्यनगर के भैया.बहनों के मनमोहक वाणी वंदना से हुआ तत्पश्चात मुद्रिका प्रसाद दुबे विभाग समन्वयक सिंगरौली अश्वनी कुमार सोनी प्राचार्य वैढ़न एवं कमतानाथ केशरवानी व्यवस्थापक ने अतिथियों का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय मंत्री शिव प्रसाद ने प्राचार्यों के मध्य शिक्षा की वर्तमान चुनौतियों एवं उनका समाधान विषय पर अपना व्याख्यान दिया जिसमें नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरुप अन्यान्य शैक्षणिक उन्नयन पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा वर्तमान परिदृश्य में स्वायतता के साथ हो। प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में हो। शिक्षा में श्रम का भाव हो। इस अवसर पर स्थानीय समिति के पदाधिकारी जिला सचिव डॉ सुशील सिंह चन्देल ग्राम भारती के जिला सचिव गोविन्द तिवारी उपस्थित रहे। यह बैठक दो दिनों 2 जनवरी तक चलेगी जिसमें शिक्षा शिक्षार्थी एवं विद्यालयों के विकास बिन्दु पर गहन विचार गोष्ठी होगी सम्पूर्ण कार्यक्रम का मंचीय संचालन हरिराम तिवारी सह प्रान्त प्रमुख महाकोशल प्रान्त एवं बैठक की प्रस्तावना शिवानन्द सिन्हा.प्रान्त प्रमुख महाकोशल प्रान्त ने रखी। उक्त बैठक का आयोजन सरस्वती विन्ध्यनगर के संयोजन में विद्यालय वैढ़न में आयोजित की गई है।

# वर्ष 25 एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के लिए उपलब्धियों से भरा रहा : श्रीवास्तव





### रिहंद परियोजना में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नववर्ष.26

**जागरण, रिहंदनगर।** एनटीपीसी रिहंद परियोजना के प्रशासनिक भवन एवं सर्विस बिल्डिंग स्टेज.1 में नववर्ष 26 का स्वागत उत्साहपूर्वक केक काटकर किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख रिहंद अनिल श्रीवास्तव ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सभी को नव वर्ष की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि वर्ष 25 एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के लिए उपलब्धियों से भरा रहा है और सभी के सामूहिक प्रयासों से परियोजना ने निरंतर प्रगति की है अपने संबोधन में श्री श्रीवास्तव ने यह भी उल्लेख किया कि विद्युत उत्पादन के परंपरागत क्षेत्रों के साथ.साथ एनटीपीसी हरित एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2030 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसे प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में त्रिवेणी एवं कल्याण केंद्र में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ नववर्ष का स्वागत किया गया। इन कार्यक्रमों में कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नव वर्ष का स्वागत किया ।

## अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम का किया गया गायन

**वैढ़न।** माह के प्रथम दिवस कलेक्ट्रेट कार्यालय में अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम का गायन किया गया। इस अवसर डिप्टी कलेक्टर माईकल तिर्की उप संचालक उद्यानिकी एच.एल.निमोरिया सहित अधिकारी.कर्मचारी उपस्थित रहे।



# चुनौतियों और रोमांच भरा होगा टीम इंडिया के लिए साल 2026

**शुरुआत होगी 11 जनवरी से न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के साथ** **कमियां सुधारकर विश्व स्तर पर ताकत बरकरार रखना होगा लक्ष्य**

**टी20 वर्ल्ड कप**

**फरवरी-मार्च में खिताब बचाने की चुनौती**

**विदेशी दौरे**

**इंग्लैंड (जुलाई), न्यूजीलैंड (अक्टूबर-नवंबर)**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए साल 2026 चुनौतियों और रोमांच से भरा रहने वाला है। टीम इंडिया का लक्ष्य पिछले साल की कमियों को सुधारते हुए वैश्विक स्तर पर अपनी ताकत को बरकरार रखना है। टीम के लिए साल 2025 मिला जुला रहा, जहां साउथ अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में हार मिली, वहीं चैंपियंस ट्रॉफी और टी20 प्रदर्शन ने टीम की ताकत दिखाई। टीम इंडिया साल 2026 में अपना अभियान न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज से शुरू करेगी। सीरीज के तीन मैच वडोदरा, राजकोट और इंदौर में खेले जाएंगे। इसके तुरंत बाद पांच मैचों की टी20 सीरीज नागपुर, रायपुर, गुवाहाटी, विशाखापत्तनम और तिरुवनंतपुरम में आयोजित होगी। यह साल की पहली परीक्षा टीम के लिए बेहद अहम माना जा रहा है।



**भारत और न्यूजीलैंड वनडे शेड्यूल**

- 11 जनवरी-पहला वनडे, वडोदरा
- 14 जनवरी-दूसरा वनडे, राजकोट
- 18 जनवरी-तीसरा वनडे, इंदौर

**भारत और न्यूजीलैंड टी-20 शेड्यूल**

- 21 जनवरी-पहला टी-20, नागपुर
- 23 जनवरी-दूसरा टी-20, रायपुर
- 25 जनवरी-तीसरा टी-20, गुवाहाटी
- 28 जनवरी-चौथा टी-20, विशाखापत्तनम
- 31 जनवरी-पांचवां टी-20, तिरुवनंतपुरमटी

**टी20 वर्ल्ड कप ग्रुप स्टेज मुकाबले**

- 7 फरवरी-भारत विरुद्ध अमेरिका, मुंबई
- 12फरवरी-भारत विरुद्ध नामीबिया, दिल्ली
- 15 फरवरी-भारत विरुद्ध पाकिस्तान, कोलंबो
- 18 फरवरी-भारत विरुद्ध नीदरलैंड, अहमदाबाद

**20 वर्ल्ड कप का फाइनल 8 मार्च को**

फरवरी-मार्च 2026 में होने वाले टी 20 वर्ल्ड कप में भारत का लक्ष्य खिताब बचाना होगा। टूर्नामेंट का आगाज 7 फरवरी से मुंबई में भारत-अमेरिका मुकाबले से होगा, वहीं फाइनल 8 मार्च को खेला जाएगा।

**सुपर-8 और नॉकआउट मुकाबले 21 फरवरी से 8 मार्च तक होंगे**

**गर्मियों में विदेशी दौरे**

जून में अफगानिस्तान भारत दौरे पर आएगा, जहां 3 वनडे और 1 टेस्ट खेले जाएंगे। जुलाई में भारत इंग्लैंड दौरे पर जाएगा, जहां 5 टी-20 और 3 वनडे मैच खेले जाएंगे। इस दौरे को वनडे वर्ल्ड कप 2027 की तैयारी के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**भारत-इंग्लैंड टी20 शेड्यूल**

- 1 जुलाई-डरहम
- 4 जुलाई-मैनचेस्टर
- 7 जुलाई-नॉटिंघम
- 8 जुलाई-ब्रिस्टल
- 11 जुलाई-साउथैम्प्टन

**भारत-इंग्लैंड वनडे शेड्यूल**

- 14 जुलाई-बर्मिंघम
- 16 जुलाई-कार्डिफ
- 19 जुलाई-लंदन (लॉर्ड्स)

**14 अगस्त में भारत का श्रीलंका दौरा, जहां 2 टेस्ट मैच खेले जाएंगे**

**सितंबर से दिसंबर तक व्यस्त कैलेंडर**

सितंबर में टीम न्यूट्रल वेन्यू पर अफगानिस्तान के खिलाफ 3 टी20 मैच खेलेगी। वहीं वेस्टइंडीज टीम तीन वनडे और पांच टी20 मैचों के लिए भारत दौरे पर आएगी। अक्टूबर-नवंबर में भारत न्यूजीलैंड दौरे पर जाएगा। जहां 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी20 मैच खेले जाएंगे। दिसंबर में श्रीलंका का भारत दौरा होगा, जिसमें 3 वनडे और 3 टी20 मैच खेले जाएंगे।

**मैदान से हटकर**

## कोहली न्यू ईयर सेलिब्रेशन चेहरे पर स्पाइडरमैन-स्टाइल

भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने नए साल 2026 की शुरुआत पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर दोनों की एक फोटो शेयर करते हुए लिखा कि वह मेरी जिंदगी की रोशनी के



साथ नए साल में कदम रख रहे हैं। सोशल मीडिया पर शेयर की गई फोटो में विराट और अनुष्का दोनों मास्क पहने नजर आ रहे हैं। विराट ने स्पाइडर-मैन स्टाइल मास्क लगाया हुआ है। यह फोटो फैंस के बीच तेजी से वायरल हो रही है। क्रिकेट मैदान पर वापसी से पहले विराट इन दिनों परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। उन्हें विजय हजारे ट्रॉफी और इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में एक्शन में लौटना है। केवल वनडे फॉर्मेट में खेल रहे हैं विराट टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद विराट कोहली अब सिर्फ वनडे फॉर्मेट में खेल रहे हैं। 37 साल के कोहली ने 15 साल बाद भारत की प्रमुख घरेलू वनडे प्रतियोगिता विजय हजारे ट्रॉफी में वापसी करते हुए लगातार दो पारियों में 131 और 77 रन बनाए। इस दौरान विराट ने लिस्ट-ए क्रिकेट में 16,000 रन पूरे करने का रिकॉर्ड बनाया और यह उपलब्धि सबसे तेजी से हासिल करने वाले बल्लेबाज बने। इस मामले में उन्होंने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा। इससे पहले साउथ अफ्रीका के खिलाफ हालिया वनडे सीरीज में भी विराट का प्रदर्शन शानदार रहा था। उन्होंने दो शतक और एक अर्धशतक की मदद से भारत को 2-1 से सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई। (जेएनएन)

## भारत-न्यूजीलैंड पहले वनडे के टिकट बिके, इंदौर मैच के 3 जनवरी को मिलेंगे

**3 मैचों की वनडे सीरीज**

**इंदौर, जेएनएन।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के पहले वनडे मैच के टिकट बिक गए हैं। गुरुवार को सुबह 11 बजे टिकटों की बिक्री शुरू हुई। हालांकि, इस दौरान फैंस को परेशानी का सामना करना पड़ा। कई फैंस को बुक माय शो पर टिकट नहीं मिल पाए। अब 3 जनवरी को सुबह 5 बजे से इंदौर के होलकर स्टेडियम में होने वाले तीसरे मैच के टिकट बिकेंगे। एमपीसीए ने बताया कि फैंस 18 जनवरी को होने वाले इस मैच के टिकट www.district.in से टिकट खरीद सकेंगे। एक व्यक्ति अधिकतम चार टिकट खरीद सकेगा। 3 साल से बढ़े बच्चों के टिकट लेना होंगे। न्यूजीलैंड का भारत दौरा 11 जनवरी से शुरू होने जा रहा है। वनडे सीरीज का पहला मैच बड़ौदा में खेला जाएगा। उसके बाद राजकोट और इंदौर में मैच होंगे। वनडे सीरीज के बाद 21 जनवरी से 5 मैचों की टी-20 सीरीज होगी।

### सबसे सस्ता टिकट 800 का

सभी टिकट ऑनलाइन बुक होंगे, जो दर्शकों को ऑनलाइन टिकट एजेंसी द्वारा कुरियर के माध्यम से घर तक डिलीवर होंगे। मैच का सबसे सस्ता टिकट 800 रुपए व सबसे महंगा टिकट 7 हजार रुपए का होगा।



### कैसे बुक करें टिकट

- सबसे पहले www.district.in के होम पेज पर जाएं।
- आपको टॉप इवेंट्स में न्यूजीलैंड टूर ऑफ इंडिया का बैनर दिखेगा। बैनर पर क्लिक करें।
- बुक टिकट पर जाइए और अपनी पसंद की टिकट का चयन करिए।
- आखिरी में संबंधित टिकट के पमेंट का ऑप्शन आएगा। सुरक्षित माध्यम से पेमेंट करिए।
- स्टुडेंट-विकलांग कोटे के टिकट बिके विद्यार्थी छूट व विकलांग कोटे के टिकट बुधवार सुबह 11 बजे से बिकना शुरू हुए थे, जो वेबसाइट खुलने के कुछ ही सेकंड में सारे टिकट बिक गए। टिकट एजेंसी पर धांधली के आरोप दर्शकों ने टिकट एजेंसी पर धांधली के आरोप लगाए हैं। कुछ दर्शकों का कहना है कि समय पर वेबसाइट ओपन ही नहीं हुई, जबकि अन्य लोगों ने जानकारी सबमिट करने के दौरान वेबसाइट क्रैश होने की बात कही।

## आस्ट्रेलिया में यूनाइटेड कप शुरूआत आज से

**ब्रिस्बेन, जेएनएन।** नया साल में टेनिस ऑस्ट्रेलिया में धमाल मचाने के लिए तैयार है जिसका मुख्य आकर्षण 18 जनवरी से शुरू होने वाला ऑस्ट्रेलियाई ओपन होगा। एटीपी और डब्ल्यूटीए के 2025 फाइनल्स के छह सप्ताह से कुछ अधिक समय बाद पुरुष और महिला टूर के खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड पहुंच रहे हैं, जहां वे मेलबर्न में वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट से पहले दो सप्ताह तक विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। सबसे महत्वपूर्ण यूनाइटेड कप है जो मिश्रित टीम टूर्नामेंट है और शुक्रवार से शुरू होकर 11 जनवरी को समाप्त होगा। यह टूर्नामेंट पर्थ और सिडनी में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में दुनिया के शीर्ष 10 पुरुष और महिला खिलाड़ियों में से चार-चार खिलाड़ी भाग लेंगे। इनमें कोको गॉफ, टेलर फ्रिट्ज, एलेक्स डी मिनौर, इगा स्वियातेक, अलेक्जेंडर ज़्वेरेव, जैस्मीन पाओलिनी और फेलिक्स ऑगर एलियासिमे शामिल हैं। इसके अलावा 2026 के पहले सप्ताह के दौरान ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में मौजूदा चैंपियन एरिना सबलेंका मुख्य आकर्षण होंगी, जो दुबई में निक किर्गियोस के खिलाफ 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' प्रदर्शनी मैच खेलकर आ रही हैं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले होने वाले टूर्नामेंटों में पुरुष टेनिस के दो सबसे बड़े नाम विश्व रैंकिंग में पहले नंबर पर काबिज कार्लोस अल्काराज़ और दूसरे नंबर के यानिक सिनर नहीं खेलेंगे।

## टी-20 वर्ल्ड कप: कंगारू टीम का एलान, कमान मिचेल के हाथ में

**सिडनी, जेएनएन।** ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 (के लिए अपनी प्रोविजनल 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। टीम की



कमान मिचेल मार्श को सौंपी गई है। इस बार चयनकर्ताओं ने स्पिन गेंदबाजी पर ज्यादा भरोसा जताया है। हॉबर्ट हरिकेन्स के विस्फोटक बल्लेबाज मिचेल ओवेन को टीम में जगह नहीं मिली, जो चयन का सबसे बड़ा सरप्राइज माना जा रहा है। इसके अलावा 2021 की चैंपियन टीम के विपरीत इस बार किसी भी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को स्क्वॉड में शामिल नहीं किया गया है।

### तीन खिलाड़ियों को मिल सकता है वर्ल्ड कप डेब्यू

स्पिनर मैथ्यू कुह्नेमन, ऑलराउंडर कूपर कोनोली और तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। कूपर कोनोली का चयन चौंकाने वाला रहा, क्योंकि उन्होंने पिछले 12 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में हिस्सा नहीं लिया था।


### पैट कमिंस की वापसी

टीम में ग्लेन मैक्सवेल और कैमरन ग्रीन जैसे अनुभवी ऑलराउंडर शामिल हैं। गेंदबाजी विभाग में पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के साथ एडम जम्पा और मार्कस स्टोइनिस अहम भूमिका निभा सकते हैं, खासकर भारतीय पिचों पर।

**ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया:** ऑस्ट्रेलिया ग्रुप बी में शामिल है, जहां उसके साथ श्रीलंका, जिम्बाब्वे, ओमान और आयरलैंड की टीमें हैं। टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम का पहला मुकाबला 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ आर प्रेमादासा क्रिकेट स्टेडियम में है। अपने ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया सबसे मजबूत टीम है, लेकिन उसे श्रीलंका और आयरलैंड से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। ऑस्ट्रेलिया का श्रीलंका के साथ 16 फरवरी को मुकाबला होगा। टीम अपना आखिरी लीग मैच 20 फरवरी को ओमान के खिलाफ खेलेगी। उससे पहले उसे 13 फरवरी को जिम्बाब्वे से भी भिड़ना है।

**टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए ऑस्ट्रेलिया का स्क्वाड:** मिचेल मार्श, जेवियर बार्टलेट, कूप कोनली, पैट कमिंस, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुह्नेमन , ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस और एडम जम्पा।

## 2026 में संन्यास ले सकते हैं रोनाल्डो, महेंद्र सिंह धोनी और मेसी





**नई दिल्ली, जेएनएन।** साल 2026 वैश्विक खेलों के इतिहास में एक बड़े बदलाव का केंद्र बनने जा रहा है, जहां दशकों तक मैदान पर राज करने वाले कई महान खिलाड़ी खेल को अलविदा कह सकते हैं। टेनिस की दुनिया से नोवाक जोकोविच, फुटबॉल की दुनिया से रोनाल्डो और मेसी, क्रिकेट जगत से महेंद्र सिंह धोनी, हरमनप्रीत कौर और शाकिब अल हसन अगर अलविदा कहते हैं तो यह साल खेल जगत के लिए चुनौतीपूर्ण होगा, क्योंकि ऐसे खिलाड़ियों की भरपाई करना मुश्किल होगा। महेंद्र सिंह धोनी के क्रिकेट की दुनिया से पूरी तरह अलग होने की प्रबल संभावना है क्योंकि वे 6 साल पहले ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं और सिर्फ आईपीएल खेल रहे हैं। वहीं, हरमनप्रीत कौर वूमेन्स प्रीमियर लीग में खेलती हुई नजर आ सकती हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए यह उनका आखिरी साल साबित हो सकता है। शाकिब अल हसन अपने देश में बनी राजनीतिक अस्थिरता और उन पर लगे आरोपों के कारण चाहते हुए भी अपने देश के लिए क्रिकेट नहीं खेल सकेंगे। रोनाल्डो ने 2026 के वर्ल्ड कप को अपना आखिरी टूर्नामेंट बताया है। अर्जेंटीना की टीम अब मेसी के आगे देखना शुरू कर चुकी है। जब ये सभी खिलाड़ी एक साथ खेल के मंच से हटेंगे, तो खेल की दुनिया थोड़े समय के लिए खाली महसूस करेगी।

### धोनी के आईपीएल कैरियर विराम के संकेत

भारतीय क्रिकेट के लिए भी 2026 एक भावुक वर्ष साबित हो सकता है। धोनी के आईपीएल करियर पर विराम लगने के संकेत मिल रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा संजू को टीम में शामिल करना इस ओर इशारा करता है कि यह धोनी का आखिरी वर्ष होगा। साथ ही अब चेन्नई सुपर किंग्स धोनी के बजाय संजू सैमसन और ऋतुराज की ओर देख रही है।

## कोहली-रोहित के बाद वनडे कमजोर हो जाएगा : अश्विन

**चेन्नई, जेएनएन।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि 2027 विश्व कप के बाद वनडे प्रारूप के अस्तित्व और प्रासंगिकता पर तब संकट आ सकता है जब इसके बड़े स्टार



खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। विराट और रोहित की विजय हजारे ट्रॉफी में भागीदारी को लेकर काफी चर्चा रही लेकिन अश्विन का मानना है कि बढ़ती हुई टी20 लीग और टेस्ट क्रिकेट की अपनी अलग अहमियत के चलते 50 ओवर के प्रारूप के लिए जगह लगातार कम होती जा रही है। अश्विन ने अपने हिंदी यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' में कहा, 2027 विश्व कप के बाद वनडे क्रिकेट का भविष्य क्या होगा, इसको लेकर मैं निश्चित नहीं हूं। मैं इसे लेकर थोड़ा चिंतित हूं। मैं विजय हजारे ट्रॉफी देख रहा हूं, लेकिन जिस तरह मैंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी देखी, उसी तरह इसे देख पाना थोड़ा मुश्किल लग रहा है। उन्होंने कहा, हमें यह भी समझना होगा कि दर्शक क्या देखना चाहते हैं। मुझे लगता है टेस्ट क्रिकेट के लिए अब भी जगह है, लेकिन वनडे क्रिकेट के लिए सच में जगह नहीं बची है।

## नए साल पर महाकाल की शरण पहुंची में टीम इंडिया विश्व विजेता खिलाड़ी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ियों ने साल 2026 का आगाज बेहद आध्यात्मिक अंदाज में किया है। हाल ही में वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली टीम ने नए साल के पहले दिन उज्जैन के महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में मत्था टेका। स्मृति मंधाना, शेफाली, रेणुका सिंह, स्नेह राणा, राधा यादव और अरुंधति ने सुबह होने वाली विशेष भस्म आरती में भाग लिया। खिलाड़ियों ने न केवल भगवान महाकाल की पूजा-अर्चना की, बल्कि पुजारियों से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। यह दौरा टीम के लिए मानसिक मजबूती और आने वाले चुनौतीपूर्ण साल के लिए ईश्वरीय शक्ति प्राप्त करने का एक जरिया बना।



### विजयी रथ पर सवार भारतीय महिलाएं

भारतीय टीम ने साल 2025 का अंत एक धमाकेदार अंदाज में किया है। साउथ अफ्रीका को घरेलू मैदान पर हराकर वनडे विश्व चैंपियन बनने के बाद, हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली इस टीम ने अपना विजय अभियान जारी रखा। टीम ने वेस्टइंडीज को 2-1 और इंग्लैंड को 3-2 से मात देने के बाद श्रीलंका के खिलाफ हालिया टी20 सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। तिरुवनंतपुरम में खेले गए आखिरी मुकाबले में भारत ने 15 रनों से जीत दर्ज कर तीसरी बार टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में क्लीन स्वीप करने का गौरव हासिल किया।

### टी20 विश्व कप पर टिकी नजरें

साल 2026 की सबसे बड़ी चुनौती टी20 विश्व कप है। साल 2024 के टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया से हारकर पहले दौर से बाहर होने की कड़वी यादों को पीछे छोड़ते हुए, अब टीम इंडिया का लक्ष्य इस फॉर्मेट में भी विश्व विजेता बनना है। घरेलू धरती पर आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म करने के बाद फैंस की उम्मीदें सातवें आसमान पर हैं। खिलाड़ियों का मंदिर जाना यह दर्शाता है कि वे अपनी सफलता के प्रति कृतज्ञ हैं।

**खेल एक नजर**

## बांग्लादेश दुश्मन नहीं, रहमान आईपीएल खेलेंगे : बीसीसीआई

**मुंबई, जेएनएन।** भारत और बांग्लादेश के बीच बढ़ते राजनयिक तनाव के बावजूद तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए खेलने की संभावना बनी हुई है। मुस्ताफिजुर इस मिनी ऑक्शन में बिकने वाले इकलौते बांग्लादेशी खिलाड़ी रहे, जिन्हें केकेआर ने 9.20 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड कीमत पर खरीदा है। हालांकि, बांग्लादेश में हालिया राजनीतिक अस्थिरता और हिंसक घटनाओं के कारण सोशल मीडिया पर केकेआर और बीसीसीआई की काफी आलोचना हो रही है और कुछ राजनीतिक नेताओं ने बांग्लादेशी खिलाड़ियों को लीग से बाहर करने की मांग भी की है। इस विवाद पर भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने स्पष्ट रुख अपनाते हुए फिलहाल वेट एंड वॉच की नीति अपनाई है। बीसीसीआई का कहना है कि वह सरकार के निर्देशों के बिना किसी भी खिलाड़ी पर प्रतिबंध नहीं लगाएगा।

## एसए-20 क्रिकेट: प्रिटोरिया और पार्ल रॉयल्स की आसान जीत

**केपटाउन, जेएनएन।** प्रिटोरिया कैपिटल्स ने एमआई केपटाउन को 85 रन से करारी शिकस्त देकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने के साथ बोनस अंक भी हासिल किया जबकि एक अन्य मैच में डेविड मिलर के नेतृत्व वाली पार्ल रॉयल्स ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को पांच विकेट से हराया। प्रिटोरिया कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 220 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।लेकिन वह डेवाल्ड ब्रेविस (13 गेंदों पर नाबाद 36 रन, एक चौका, चार छक्के) और शेरफेन रदरफोर्ड (15 गेंदों पर नाबाद 47, छह छक्के) के बीच केवल 27 गेंद पर 86 रन की अटूट साझेदारी थी जिससे प्रिटोरिया की टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। कैपिटल्स ने आखिरी तीन ओवरों में 72 रन बनाए।

**सिटी स्पोर्ट्स**

## पैराडाइज क्रिकेट: मयंक चतुर्वेदी अकादमी बनी चैंपियन

**भोपाल, खेल प्रतिनिधि।** भोपाल संभाग क्रिकेट संघ और पब्लिक वाणी द्वारा आयोजित स्वर्गीय श्री ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति ग्रीन पैराडाइज कप क्रिकेट प्रतियोगिता में आज प्रतियोगिता का दो दिवसीय फाइनल मैच मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी और एनसीसीसी अकादमी की टीमों के बीच खेला गया जिसमें मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी के कप्तान अरबाज़ उद्दीन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फ़ैसला किया और मयंक चतुर्वेदी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 318/9 रन बनाए जिसमें पीयूष सिंह ने नाबाद 67 अदम्य पचौरी ने 61 रन देवांश यदुवंशी ने 51 रन, शिवांश चतुर्वेदी 38 रन प्रियांशु प्राण ने 32 रन और ओजस्व यादव ने 30 रन बनाए। एनसीसीसी अकादमी की ओर से आकाश, गौतम रघुवंशी, रिचित चौहान और अभिराज खरे ने क्रमशः 2-2 विकेट लिए ।



जवाबी पारी खेलते हुए एनसीसीसी अकादमी की टीम 75.3 ओवरों में 253/10 रन ही बना सकी। गौतम रघुवंशी ने 80 रन जबकि सिद्धार्थ उपाध्याय और नवीन सिंह ने क्रमशः 50-50 रन बनाए। मयंक चतुर्वेदी अकादमी की ओर से प्रभांशु शुक्ला ने घातक गेंदबाज़ी करते हुए 5 विकेट जबकि पीयूष सिंह ने दो विकेट जबकि हर्ष सेन ने एक विकेट लिया। इस प्रकार मयंक चतुर्वेदी अकादमी ने 65 रनों से जीत दर्ज कर ख़िताब अपने नाम किया । मैच में दोहरे प्रदर्शन के लिए पीयूष सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया । मैच समाप्ति के पश्चात प्रतियोगिता का समापन समारोह और पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि श्रीमान ध्रुव नारायण सिंह अध्यक्ष भोपाल संभाग क्रिकेट संघ ने श्री मान सैयद साजिद अली चेयरमैन भोपाल संभाग क्रिकेट संघ की अध्यक्षता में किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे मृगेंद्र सिंह वरिष्ठ पत्रकार, शांति कुमार जैन सचिव भोपाल संभाग क्रिकेट संघ, ब्रजेश तोमर ओमी , राजीव सक्सेना, जितेंद्र प्रताप सिंह, साद उद्दीन, मान शाहिद मोहम्मद ख़ान, राकेश सिंह बिष्ट, हेमंत कुमार सूदन, प्रद्युम्न मोनू गोहल, एम के भटनागर आदि उपस्थित थे।

## डोप टेस्ट में नाकाम पहलवान रीतिका हुड्डा टॉप्स से हुई बाहर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** डोप कलंकित पहलवान



रीतिका हुड्डा को खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) से बाहर कर दिया गया है जबकि कंपाउंड तीरंदाज परनीत कौर और अभिषेक वर्मा को कोर समूह में जगह मिल गई है और डेकाथलीट तेजस्विन शंकर को डेवलपमेंटल सूची में शामिल किया गया है। पिछले साल पेरिस ओलंपिक 2024 चक्र के बाद टॉप्स सूची 179 से घटाकर 94 कर दी गई थी। पिछले एक साल के प्रदर्शन को देखते हुए इसमें कुछ और बदलाव किये गए हैं। एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता हुड्डा पिछले साल जुलाई में चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट में नाकाम रही थी। वह पिछले साल फरवरी में जारी टॉप्स कोर समूह का हिस्सा थी।

### फर्राटा धाविका सिमरन कोर ग्रुप में

विश्व पैरा एथलेटिक्स स्वर्ण पदक विजेता फर्राटा धाविका सिमरन को कोर समूह में रखा गया है जिनके गाइड उमर सैफी पिछले साल अक्टूबर में डोप टेस्ट में नाकाम रहे थे। सूत्र ने कहा हम आनन फानन में फैसला नहीं लेंगे। वह समूह में है और मिशन ओलंपिक सेल की अगली बैठक में उस पर चर्चा होगी। सिमरन पेरिस पैरालम्पिक कांस्य पदक विजेता है।

दैनिक जागरण
रीवा, 02 जनवरी , 2026
सतना जागरण
www.dainikjagranmpcg.com


## नव वर्ष के अवसर पर 1 लाख 18 हजार से अधिक भक्तों ने किए मां शारदा देवी के दर्शन

**सतना।** नववर्ष के अवसर पर मैहर के मां शारदा देवी मंदिर में भक्त श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। चौक-चौबंद की सुरक्षा व्यवस्था के बीच भक्तों ने उत्साहपूर्वक आस्था के साथ मां शारदा देवी के सुगमता से दर्शन किये। नववर्ष के प्रथम दिन गुरूवार को देश के कोने-कोने से आये 1 लाख 18 हजार दर्शनार्थियों ने सीढ़ी मार्ग से प्रशासनिक व्यवस्था के बीच सुगमता से शारदा माता के दर्शन किये।

## मां शारदा के दर्शन में मांगी क्षेत्र की खुशहाली

**सतना।** नववर्ष के पावन अवसर पर क्षेत्रवासियों ने मैहर स्थित मां शारदा माता के दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना की एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि शांति और खुशहाली के लिए मंगल कामना की। इस शुभ अवसर पर सांसद प्रतिनिधि संतोष, यशवंत पांडेय एवं रमेश तिवारी के साथ नगर पालिका की सीएमओ सुषमा मिश्रा भी उपस्थित रहीं। सभी ने मां शारदा से जनकल्याण और उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की।

# 77 लीटर अवैध शराब जब्त

### दो आरोपी गिरफ्तार, कोठी पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही

**जागरण सतना**

नव वर्ष के पहले ही दिन कोठी पुलिस ने 77 लीटर अवैध शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफ्लता पाई है । यह कार्यवाही एसपी हंसराज सिंह के निर्देश एएसपी प्रेमलाल कुर्वे एसडीओपी रघु केसरी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी आशुतोष त्यागी द्वारा की गई है। आरोपियों को न्यायालय ने जेल भेज दिया है।



### ये है विवरण

पुलिस ने बताया कि 1 जनवरी को मुखबिर से मिली सूचना पर कोठी पुलिस द्वारा दबिश देकर काई पुलिया गुलुआ के पास आरोपी ब्रजभान कुशवाहा के कब्जे से 09 पेटी अवैध शराब जप्त की । मौके से एक आरोपी अजयभान कुशवाहा उर्फ राजा फरार हो गया जिसे दोपहर गिरफ्तार कर दोनो गिरफ्तार आरोपीगण को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। मामले में अभी 01 आरोपी राजभान कुशवाहा उर्फलाला फरार है जिसके विरुद्ध पूर्व से 05 अवैध शराब तथा 02 जुआ एक्ट के मामले पंजीबद्ध है जिसकी तलाश की जा रही है।

### ये आरोपी गिरफ्तार

बृजभान कुशवाहा पिता वंशरुप कुशवाहा उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम गुलुआ थाना कोठी जिला सतना अजयभान उर्फराजा कुशवाहा पिता वंशरुप कुशवाहा उम्र 28 वर्ष निवासी गुलुआ थाना कोठी जिला सतना का नाम शामिल है । इनके कब्जे से 32 हजार 175 रुपये की 77 लीटर शराब व 60 हजार कीमत की बाइक को जब्त किया गया है।

## छोटे दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में अनावश्यक निरीक्षणों पर रोक

**जागरण सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिशा निर्देशों के अनुसार मध्यप्रदेश शासन श्रम विभाग द्वारा मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 में महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है। यह संशोधन राज्य में इज ऑफ डुईंग बिजनेस को बढ़ावा देने तथा दुकानदारों एवं प्रतिष्ठान संचालकों पर अनुपालन का अनावश्यक भार कम करने के उद्देश्य से किया गया है। संशोधन के अंतर्गत अब ऐसी दुकानें एवं संस्थान, जिनमें 20 से कम कर्मचारी कार्यरत हैं, उनके यहाँ श्रम निरीक्षकों द्वारा निरीक्षण केवल राज्य सरकार की पूर्व अनुमति से ही किया जा सकेगा। इससे अनावश्यक निरीक्षणों पर रोक लगेगी। श्रम विभाग के अपर सचिव श्री बसंत कुर्रे ने बताया है कि इस निर्णय से छोटे दुकानदारों एवं उद्यमियों को अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी। साथ ही दुकानदारों में स्व-अनुपालन की भावना को प्रोत्साहन मिलेगा। व्यापार एवं रोजगार सृजन के लिए अनुकूल वातावरण विकसित होगा। इससे समय, संसाधन एवं लागत की बचत होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा छोटे दुकानदारों के प्रति संवेदनशीलता बरती जा रही है। श्रम विभाग ने सभी दुकानदारों, व्यापार संघों एवं उद्यमियों से अपेक्षा की है कि वे श्रम कानूनों का स्वेच्छा से पालन करें और इस सकारात्मक सुधार का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय का विस्तार करें।

# तहसीलदार पर अभद्र टिप्पणी पड़ी महंगी

### सहायक प्रबंधक को जेल भेजा, वीडियो पर संज्ञान लेकर पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई



**जागरण सतना।** तहसीलदार पर अभद्र टिप्पणी के मामले में गुरुवार को पुलिस ने कार्रवाई की है। सहायक समिति प्रबंधक हरिराम पांडेय को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। हरिराम पांडेय अधिकारियों के लिए खुलेआम अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहा था। वायरल वीडियो में वह जांच को हल्के में लेते हुए कह रहा था मेरा कुछ नहीं होगा दूर से आई थी तो कुछ तो लिखेगी टूर दिखाएगी। सिंहपुर थाना प्रभारी अजय कुमार ने शिवराजपुर सेवा सहकारी समिति के सहायक प्रबंधक को नागौद तहसील के पास से हिरासत में लिया।

### मिली थी अनियमितताएं

मंगलवार को शिवराजपुर धान खरीदी केंद्र में तहसीलदार प्रज्ञा दुबे के औचक निरीक्षण में पहुची थी। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद किए गए इस निरीक्षण में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण के दौरान धान की तौल में भारी अंतर पाया गया। कच्ची तौल में वजन 41 किलो 200 ग्राम था जबकि सिली हुई बोरियों में यह घटकर लगभग 36 किलो रह गया जिससे करीब 5 किलो धान का अंतर सामने आया। इसके अलावा धान की बोरियों को खुले में रखा गया था जिससे नमी का स्तर 19 पॉइंट तक पहुंच गया जबकि सरकारी मानक 17 पॉइंट है। सहायक प्रबंधक हरिराम पांडेय की अनुपस्थिति को भी गंभीर लापरवाही माना गया। तहसीलदार ने पूरे मामले का पंचनामा तैयार कर कार्रवाई प्रस्तावित की थी।

# नववर्ष पर उप मुख्यमंत्री ने प्रदेश वासियों को दी शुभकामनाएं



**जागरण सतना।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रदेश वासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी है। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने गुरुवार को सपरिवार चित्रकूट पहुंचकर भगवान कामता नाथ के प्राचीन मुखारबिंद के दर्शन किए तथा पूजा आराधना कर प्रदेश वासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कामदगिरि की प्रदक्षिणा भी की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, नगर परिषद अध्यक्ष सुश्री साधना पटेल, बालेंद्र गौतम, विजय तिवारी, राजेश तिवारी, तहसीलदार कमलेश सिंह भदौरिया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और विशिष्ट जन बडी संख्या में उपस्थित रहे।

### उप मुख्यमंत्री ने किये मां शारदा देवी के दर्शन

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने चित्रकूट से मैहर पहुंचकर मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रदेश वासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

# दिव्यांग किसान का कुएं में मिला शव

### दो दिन से था लापता, पुलिस ने कराया पीएम शुरू की जांच



**सतना।** उचेहरा थाना क्षेत्र के देवीनगर गांव में दो दिन से लापता एक दिव्यांग किसान का शव खेत में बने कुएं से बरामद हुआ है। मृतक की पहचान 19 वर्षीय आशीष कोल पुत्र चंद्रशेखर कोल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार आशीष ठेके पर खेत लेकर खेती करता था। सोमवार शाम को वह अपने परिजनों से खेत में पानी लगाने की बात कहकर घर से निकला था। उचेहरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। जब वह देर रात तक घर नही लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। जब आशीष का कोई सुराग नहीं लगा तो उचेहरा थाने में गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई थी। गुरुवार को खेत की ओर गए ग्रामीणों ने खेत में स्थित कुएं में एक शव तैरता हुआ देखा। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। मौके पर पहुंची उचेहरा थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि यह मामला दुर्घटना का है या इसके पीछे कोई संदिग्ध परिस्थिति या वारदात शामिल है। पुलिस फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

# सुबह किया डामरीकरण शाम को बिखर गई सड़क

### उचेहरा बरहा तिराहा रोड में एस एन कंस्ट्रक्शन ने किया था कार्य



**जागरण सतना।** उचेहरा बरहा तिराहा रोड पर एस एन कंस्ट्रक्शन रीवा द्वारा हाल ही में किया गया डामरीकरण कार्य बेहद घटिया गुणवत्ता सामने आई है। सुबह डामर बिछाने का काम पूरा हुआ और शाम तक ही सड़क खराब हो गई ऐसा वीडियो सोशल मीडिया में छाया रहा जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है।यह निर्माण कार्य मध्य प्रदेश रोड डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन की देखरेख में चल रहा था। नवनिर्मित सड़क की ऊपरी परत इतनी कमजोर है कि हल्के दबाव या वाहनों के चलने से ही गिट्टी उखड़ने लगी है। इससे यातायात प्रभावित हो रहा है और दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि घटिया सामग्री के उपयोग और लापरवाही के कारण यह स्थिति पैदा हुई है। एमपीआरडीसी के अधिकारियों ने जांच की बात कह ठेकेदार को कार्य सुधारने के निर्देश दिए है।

# ऐसे अनेक लोग हैं जो बिना किसी स्वार्थ के करते है समाज सेवा : डॉ रश्मि

**जागरण सतना।** नववर्ष 2026 के अवसर पर भोलेनाथ के दर्शन कर डॉ रश्मि सिंह ने एक नए और प्रेरणादायक सेवा.संकल्प की घोषणा की। महादेव के चरणों में शीश नवाकर उन्होंने संकल्प लिया कि वर्ष 2026 में वे अपने प्रत्येक दिन की शुरुआत किसी न किसी समाजसेवी के सम्मान मानव.सेवा के कार्य और देशहित के संकल्प के साथ करेंगी।डॉ रश्मि सिंह ने कहा कि समाज में ऐसे अनेक लोग हैं जो बिना किसी स्वार्थ के समाजसेवा मातृभूमि और मानवता के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। ऐसे सेवाभावी व्यक्तियों का सम्मान करना ही उनकी राजनीति उनकी साधना और उनका धर्म रहेगा।उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका मानना है सेवा ही कर्म है सेवा ही धर्म हैऔर इसी विचार को व्यवहार में उतारते हुए वर्ष 2026 को वे सेवा सम्मान और राष्ट्र.समर्पण का वर्ष बनाएंगी। उसी तहत 1 जनवरी 2026 को डॉ रश्मि सिंह ने समाजसेवी पंकज उर्मालिया का शाल श्रीफल से सम्मान कर उनके द्वारा समाजहित में किए गए अतुलनीय कार्य की बधाई दी।



## उपार्जित धान के परिवहन में लापरवाही बरतने पर परिवहनकर्ता को कारण बताओ नोटिस

**जागरण सतना।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत उपार्जित धान के परिवहन में लापरवाही बरतने पर अधिकृत परिवहनकर्ता मे. विशाल जायसवाल एलआरटी उपार्जन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जारी नोटिस में बताया गया कि प्रतिदिन समितिवार आरटूटी मात्रा के अनुसार ट्रक प्लान दिया जाता है। लेकिन परिवहनकर्ता द्वारा तैयार किये गये ट्रक प्लान अनुसार पर्याप्त ट्रक नहीं लगाये जाते है। जिस कारण से उपर्जित धान का परिवहन एवं भण्डारण धीमी गति से हो रहा है। इससे कृषकों का भुगतान प्रभावित होता है। जिला आपूर्ति अधिकारी सतना ने अधिकृत परिवहनकर्ता को कारण बताओ नोटिस करते हुए कहा है कि आगामी तीन दिवस में अपना उत्तर प्रस्तुत करें। उत्तर अप्राप्त होने पर अधिकृत परिवहनकर्ता के विरूद्ध परिवहन निविदा की कंडिका के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।




# 17 हजार से अधिक पर्यटक नव वर्ष पर पहुंचे व्हाइट टाइगर सफारी




**जागरण सतना।** नव वर्ष 2026 के अवसर पर 01 जनवरी को महाराजा मार्तण्ड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुन्दपुर जिला मैहर में 17000 से अधिक पर्यटकों द्वारा भ्रमण किया गया जिसमे मुख्य आकर्षण व्हाइट टाइगर सफारी वॉक इन एवियरी एवं बटरफ्लाई पार्क रहा। जू का संचालन पूर्णतः सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण रहा। मुकुन्दपुर जू भ्रमण करने वाले पर्यटकों की सुविधा हेतु समस्त प्रबंध किये गये थे जिसके अन्तर्गत 08 टिकिट काउन्टर चार वाहन पार्किंग दो पार्किंग दो पहिया एवं दो पार्किंग चार पहिया वाहन बनाये गये थे साथ ही पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन एवं चिकित्सा दल के भी पुख्ता इंतजाम किये गये थे।

### कई परिक्षेत्रों के कर्मचारी रहे तैनात

मुकुन्दपुर जू की सुदृण व्यवस्था एवं पर्यटको के सुविधा के लिये जू प्रबंधन के कर्मचारियों एवं श्रमिकों के अतिरिक्त वनमण्डल मैहर से 20 कर्मचारियों वनमण्डल रीवा से 6 कर्मचारियों वनरक्षक प्रशिक्षण शाला गोविन्दगढ़ से 53 कर्मचारियों उपवनमण्डलाधिकारी मैहर वनपरिक्षेत्र अधिकारी अमरपाटन एवं वनपरिक्षेत्र अधिकारी मुकुन्दपुर की तैनाती की गई थी। जू के प्रवेश.निकासी मार्ग, पार्किंग क्षेत्र, टिकिट काउन्टर वन्यप्राणियों के बाड़ो के टनल एवं व्हाइट टाइगर सफारी में सतत् निगरानी की गई। वन्यप्राणियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर वन अमले द्वारा विशेष निगरानी की गई। चिड़ियाघर प्रबंधन द्वारा पुलिस प्रशासन के सहयोग से यातायात एवं भीड़ का सुचारू रूप से संचालन किया गया। पर्यटकों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा हेतु चिकित्सकीय दल द्वारा भी आकस्मिक प्राथमिक उपचार का समुचित सहयोग प्राप्त हुआ।
















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** मोबाइल नं रीवा- 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com